

बंगाल में भाजपा दुर्गा स्क्वाड बनाएगी, 7वां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ-12



कोर सेक्टर का उत्पादन मार्च में 0.4 प्रतिशत गिरा पांच महीने की बढ़त पर लगी रोक-12



प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन से ऐन पहले राजस्थान की रिफाइनरी में भीषण आग-13



दिल्ली के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का लाभ लेना चाहेगा सनराइजर्स हैदराबाद-14


आज का मौसम 36.0° अधिकतम तापमान 22.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 05.41 सूर्यास्त 06.41

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी 01:20 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 21 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 55, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### बैंक धोखाधड़ी: आरकॉम के दो वरिष्ठ अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने सोमवार को बताया कि एजेंसी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के दो वरिष्ठ अधिकारियों को कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने गिरफ्तार अधिकारियों की पहचान आरकॉम के उपाध्यक्ष अनिल कालिया और संयुक्त अध्यक्ष डी. विश्वनाथ के रूप में की है। केंद्रीय एजेंसी अदालत से आरोपियों की रिमांड का अनुरोध करेगी। यह जांच आरकॉम, अनिल अंबानी और अन्य आरोपियों से संबंधित है, जो भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है।

### उपराष्ट्रपति ने श्रीलंका दौरा के दौरान समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**कोलंबो।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने श्रीलंका की अपनी दो दिवसीय यात्रा का सोमवार को समापन किया। इस दौरान उन्होंने द्वीपीय राष्ट्र के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता की और दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ करने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। राधाकृष्णन श्रीलंका का दौरा करने वाले पहले उपराष्ट्रपति हैं। वह रविवार को कोलंबो पहुंचे और राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ बातचीत की। राधाकृष्णन ने भारत की पड़ोस पहले नीति और विकासात्मक द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया।

### एमसीएक्स को कोयला एक्सचेंज गठित करने के लिए सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** अब सोना-चांदी की तरह निवेशक आने वाले समय में कोयले में भी ट्रेडिंग कर सकेंगे। सेबी ने इसको लेकर मंजूरी दे दी है। एमसीएक्स ने सोमवार को कहा कि उसे 17 अप्रैल को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से निवेश की मंजूरी मिली। शेयर बाजार को दी गयी सूचना के अनुसार, जिंस बाजार एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बनाने की योजना बना रहा है। उसका नाम संभवत: एमसीएक्स कोल एक्सचेंज लि. या एमसीएक्स कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. होगा। एमसीएक्स ने कहा कि वह कोयला एक्सचेंज नियमों के मसौदे के तहत न्यूनतम नेटवर्थ आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई अनुषंगी कंपनी में 100 करोड़ तक की पूंजी लगाएगा और शुरू में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगा।

### जापान में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप सुनामी की चेतावनी

**तोक्यो।** उत्तरी जापान के तटीय क्षेत्र के पास 7.4 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने स्थिति को देखते हुए सुनामी का अलर्ट जारी किया है। इस भूकंप का केंद्र उत्तरी जापान के सनरिकु तट के पास समुद्र की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था। कुजी बंदरगाह पर करीब 80 सेंटीमीटर (2.6 फुट) ऊंची लहरे उठीं, जबकि इसी प्रांत के एक अन्य बंदरगाह पर लगभग 40 सेंटीमीटर (1.3 फुट) ऊंची लहर दर्ज की गई।

# सरहद की रक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण में सेना की अहम भूमिका: सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने सूर्य देवभूमि चैलेंज के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



सूर्य देवभूमि चैलेंज 2.0 के प्रतिभागी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- चैलेंज में सेना के 100 जांबाजों और 200 ट्रैकर्स ने किया सफल प्रतिभाग

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सूर्य देवभूमि चैलेंज 2.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सेना के जांबाजों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने भारतीय सेना द्वारा सरहद की रक्षा करने के साथ ही साहसिक खेलों में सफल आयोजन को सराहनीय बताया।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को गढ़वाल विवि, चौरास परिसर, टिहरी में भारतीय सेना और उत्तराखंड पर्यटन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि, सूर्य देवभूमि चैलेंज में भारतीय सेना के 100 जांबाज जवानों के साथ देशभर से आए 200 साहसिक ट्रैकर्स ने प्रतिभाग किया। हाई एल्टीट्यूड मैराथन में भाग लेने वाले इन प्रतिभागियों ने केदार-बद्री ट्रेल में हेलंग से कलगोट, कलगोट से मंडल होते हुए उखीमठ तक 113 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण यात्रा में सफलता प्राप्त की है। सभी प्रतिभागियों ने अपने साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट परिचय दिया है।

सीएम ने कहा कि प्रतिभागियों ने साहसिक प्रतियोगिता के साथ बद्रीनाथ, केदारनाथ धाम सहित पंच केदार को जोड़ने वाले ऐतिहासिक और आध्यात्मिक मार्ग की भी यात्रा की है। सेना, देश की सीमाओं की रक्षा के साथ समाज और युवाओं को प्रेरित करने वाले ऐसे आयोजनों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं के भीतर अनुशासन, साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, औली की बर्फीली ढलानों से लेकर ऋषिकेश में तेज गति से बहने वाली गंगा नदी की धारा तक, मुनस्यारी की ऊंचाइयों से लेकर टिहरी झील के विशाल विस्तार तक उत्तराखंड का प्रत्येक क्षेत्र साहसिक पर्यटन का एक सशक्त और जीवंत केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही, सीमावर्ती क्षेत्र में सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जिससे न केवल सीमांत क्षेत्रों में आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि पर्यटन, व्यापार और सामरिक विकास को भी नई मजबूती मिली है। इस दौरान मध्यकमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, मेजर पुष्पेंद्र सिंह गढ़वाल स्काउट, ओलम्पिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंद्र सिंह बेनिवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता पर मंडराया संकट

इस्लामाबाद/वाशिंगटन, एजेंसी



- इस्लामाबाद में वार्ता से पहले मुनीर बोले- होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी रही तो बातचीत मुश्किल
- अमेरिका ने ईरानी जहाज को कब्जे में लेने का जारी किया वीडियो
- ट्रंप बोले- ईरान ने सीजफायर तोड़ा तो बहुत सारे बम फूटेंगे

अमेरिका और ईरान के एक दूसरे को लेकर कड़े तेवर अपनाए जाने के बीच मंगलवार को होने वाली बहुचर्चित शांति वार्ता के दूसरे दौर पर एकदिन पहले सोमवार को अनिश्चितता छाई रही। सोमवार को ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि उनके देश ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह अमेरिका के साथ वार्ता के अगले दौर में भाग लेगा या नहीं। इस्लामाबाद में वार्ता से पहले मुनीर बोले- होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी रही तो बातचीत मुश्किल

इससे पहले, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालीबाफ ने कहा था कि तेहरान अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है, लेकिन नए सिरे से तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच आवश्यक उपाय करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज की नाकाबंदी से बचने की कोशिश कर रहे एक ईरानी जहाज को निशाना बनाया। सोमवार को तेहरान में बकाई ने कहा, फिलहाल, जब तक मैं आपकी सेवा में हूं, हमारे पास बातचीत के अगले दौर के लिए कोई योजना नहीं है, और इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अमेरिका कूटनीति को आगे बढ़ाने के बारे में गंभीर नहीं था और उन्होंने दो सप्ताह के युद्धविराम के उल्लंघनों का हवाला दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सोमवार तड़के ईरानी मालवाहक जहाज पर अमेरिकी हमला, ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी ये सभी युद्धविराम का स्पष्ट उल्लंघन थे। इसी बीच ट्रंप ने कहा कि ईरान ने अगर सीजफायर तोड़ा तो बहुत सारे बम फूटने शुरू हो जाएंगे।

### ईरान-अमेरिका तनाव और होर्मुज संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

# उधमपुर में 100 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, 21 की मौत, 51 घायल

जम्मू, एजेंसी



- सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान चलाया
- बस में सवार थे 70 से भी अधिक यात्री, कई गंभीर

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को एक बस के पहाड़ी मार्ग से गिरने के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और 51 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बस ने एक ऑटो-रिक्शा को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीपहिया वाहन में सवार लोग घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 10 बजे रामनगर में एक तीखे मोड़ पर उस वक्त हुआ जब निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा।

पहाड़ी मार्ग से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। बस में करीब 70 यात्री सवार थे जिनमें अधिकांश अपने दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका ऊपरी हिस्सा लगभग पूरी तरह उखड़ गया जिससे बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा, रामनगर से उधमपुर जा रही बस पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण खो बैठी और ढलान से नीचे गिरकर सड़क पर पलट गई तथा एक ऑटो-रिक्शा भी इसकी चपेट में आ गया। मौके पर 15 यात्रियों को मृत पाया गया जबकि चार अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई।

शर्मा ने कहा कि स्थानीय निवासियों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उधमपुर में हुआ यह दुखद सड़क हादसा दिल दहला देने वाला है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। सिन्हा ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

### रामनगर क्षेत्र में तीखे मोड़ पर हुआ था हादसा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रामनगर के थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी समेत पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सेना के जवानों के साथ संयुक्त बचाव अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि हादसा रामनगर क्षेत्र में तीखे मोड़ पर हुआ था। हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से वाहन को सीधा किया गया। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी फोन पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उधमपुर से रामनगर जा रहे एक सैन्य काफिले का नेतृत्व कर रहे एक जवान ने बताया कि बस को पहाड़ी से नीचे लुढ़कते देख उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। उसने कहा, मैं काफिले का नेतृत्व कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। वाहन करीब 100 मीटर की ऊंचाई से गिरा। हमने तुरंत क्षेत्र की घेराबंदी कर बचाव अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत से यात्रियों को निकाला।

## जेईई-मेन : 26 अभ्यर्थियों को परफेक्ट 100 एनटीए स्कोर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को कहा कि इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में 26 अभ्यर्थियों ने परफेक्ट 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किए हैं। वर्ष 2025 में 24 अभ्यर्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

- पहले संस्करण में 13 लाख और दूसरे संस्करण में 10 लाख से अधिक छात्र परीक्षा में हुए थे शामिल

जनवरी में आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 13 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जबकि अप्रैल में आयोजित दूसरे संस्करण में 10 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए। दोनों सत्रों में आठ लाख से अधिक सामान्य अभ्यर्थी शामिल हुए। जिन अभ्यर्थियों ने 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किए हैं, उनमें से पांच-पांच आंध्र प्रदेश व तेलंगाना से हैं, उसके बाद चार राजस्थान से, तीन दिल्ली से और दो-दो महाराष्ट्र और हरियाणा से हैं। चंडीगढ़, बिहार, तमिलनाडु, ओडिशा व गुजरात से एक-एक अभ्यर्थी ने यह उपलब्धि हासिल की है। सभी 26 अभ्यर्थी पुरुष हैं। एनटीए स्कोर प्राप्त अंकों का प्रतिशत नहीं, बल्कि मानकीकृत स्कोर है।

## भव्य सजावट



उत्तराखंड की चार धाम यात्रा शुरू हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट विधि विधान से खोले जा चुके हैं। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल सुबह 8:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इसको लेकर तैयारी जोरों-शोरों से चल रही है। खासकर केदारनाथ मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है।

## उत्तराखंड बोर्ड के 10वी और 12वीं के नतीजे 25 को

**रामनगरः** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम जारी करने की तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा परिणाम 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे रामनगर स्थित बोर्ड सभागार में जारी होंगे। हाईस्कूल में 1,12,266 और इंटरमीडिएट में 1,02,986 छात्र-छात्राओं के परीक्षा में शामिल होने के चलते 2,15,252 परीक्षार्थी अपने परिणाम का इंतजार कर रहे हैं।

# आजम-अब्दुल्ला की सजा बरकरार

**दो पैनकार्ड का मामला**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर





- एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी याचिका
- सेशन कोर्ट ने खारिज की अपील दोनों को सात-सात साल की सजा

**अमृत विचारः** दो पैन कार्ड मामले में सेशन कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सात-सात साल की सजा को बरकरार रखा है। अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट की सात साल की सजा के खिलाफ आजम और उनके बेटे ने सेशन कोर्ट में अपील की थी।

कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। नगर विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पैन कार्ड बनवाने की शिकायत की थी। जांच में आजम खां की भूमिका भी सामने आई, इसके बाद उन्हें भी आरोपी बनाया। शिकायतकर्ता के अनुसार अब्दुल्ला ने फर्जी दस्तावेजों से दो अलग-अलग जन्मतिथि वाले पैन कार्ड बनवाए थे। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवंबर 2025 को दोनों को दोषी ठहराते हुए 7-7 साल की सजा व 50 हजार का जुर्माना भी लगाया था। सजा के बाद से दोनों जेल में बंद हैं। आजम और अब्दुल्ला ने 25 नवंबर 2025 को निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि कोर्ट ने दलीलों को अपर्याप्त माना और अपील खारिज कर दी।

# यमुनोत्री की यात्रा में 24 घंटे में दो श्रद्धालुओं की मौत

संवाददाता, देहरादून

- महिला को हार्टअटैक, बुजुर्ग श्रद्धालु की भी हालत बिगड़ी

**अमृत विचारः** उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित यमुनोत्री धाम की यात्रा के लिए आए दो श्रद्धालुओं की तबियत बिगड़ने के बाद मौत हो गयी।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान यमुनोत्री मंदिर के रास्ते में जानकीचट्टी में जान गंवाने वाले दो लोगों में एक महिला श्रद्धालु है। मध्यप्रदेश के इंदौर से आईं प्रतिमा मिश्रा (40) की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें जानकीचट्टी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जानकीचट्टी पीएचसी के डॉ. हरदेव सिंह पंवार ने बताया कि महिला को रविवार देर रात करीब 12 बजे उनके पति धर्मेन्द्र मिश्रा तथा एक अन्य अचेत अवस्था में अस्पताल लेकर आये जहां जांच के बाद उन्हें मृत पाया गया। उन्होंने बताया कि महिला की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई।

इससे पहले, रविवार शाम एक अन्य व्यक्ति को मृत अवस्था में जानकीचट्टी पीएसची में लाया गया। चिकिसकों ने शव को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार, शव की पहचान महाराष्ट्र के नासिक के उदय गजानन तांबे (65) के रूप में हुई है।

## सड़क हादसे में तीन दोस्तों की गई जान

**रुद्रपुरः** टांडा के जंगल में संजय वन के पास रविवार देर रात भीषण सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। हल्द्वानी से दोस्त के शादी समारोह से स्कूटी से रुद्रपुर लौट रहे इन तीन युवकों को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जबरदस्त टक्कर मार दी। तीनों युवक उछलकर हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस तीनों को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शवों की पहचान आकाश कश्यप निवासी रामपुर (उत्तर प्रदेश), अनिकेत कश्यप निवासी जसपुर और रोहन कश्यप निवासी रुड़की के रूप में हुई। -विस्तृत पेज-6

**जनता दर्शन** | मुख्यमंत्री ने आवास, इलाज और शिक्षा से जुड़े मामलों में तुरंत कार्रवाई के दिए आदेश

# जनसेवा सरकार का कर्तव्य, सभी को मिलेगा न्याय : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार इसी पथ पर चलते हुए प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर जनता दर्शन में पहुंचे लोगों ने आवास, इलाज, शिक्षा, अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों को उठाया, जिन पर सीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। बरेली की दीप्ति ने आर्थिक तंगी और बच्चों के पालन-पोषण की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि उन्हें पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाकर समस्या का समाधान कराया जाए। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से भावुक दीप्ति ने आभार व्यक्त किया। आवास की मांग लेकर पहुंचे लोगों को आश्वस्त करते हुए सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत हर पात्र व्यक्ति को पक्का मकान दिया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर आवेदकों को शीघ्र लाभ दिलाया जाए। इलाज के लिए सहायता मांगने वालों के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल एस्टिमेट तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।

### अवैध कब्जे, पुलिस से जुड़े मामलों पर सख्त निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का भी संज्ञान लिया। ऐसे प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई कराने का निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन समस्या का समाधान कराकर पीड़ितों को संतुष्ट करे।

## स्टेट ब्रीफ

### सुनवाई में हाईकोर्ट ने दिया अहम सुझाव

**नैनीताल :** उपनल संविदा कर्मचारी संघ व वन विभाग में वर्षों से कार्यरत दैनिक श्रमिकों को नियमित नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार को सचिव कार्मिक कोर्ट में वर्चुअल पेश हुए। कोर्ट ने पूर्व के आदेश का अवलोकन करते हुए सुझाव दिया कि सचिव कार्मिक व वित्त और मुख्य सचिव आपस में बैठकर यह निर्णय लें कि जो वर्तमान नियमावली है, उसके आधार पर इनको कैसे नियमित किया सकता है। इनको न्यूनतम वेतमान देने के बारे में भी सोचा जाए। कोर्ट ने सरकार से इस पर 8 मई तक जवाब मांगा है।

### 11 हजार छात्रों को मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग

**देहरादून :** मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 11 हजार छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क ऑनलाइन कोचिंग दी जाएगी। योजना पर सरकार सालाना करीब 11 करोड़ खर्च करेगी। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया इसमें सिविल सर्विसेज को 2000, एसएससी, रेलवे सर्विसेज एवं समकक्ष परीक्षाओं के लिए 5000, बैंकिंग सर्विसेज के लिए 2000 तथा कैट, मैट, गेट, नेट, सीएसआईआर जैसी योग्यता परीक्षाओं एवं प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण की प्रवेश परीक्षा के लिए 2000 छात्रों को शामिल गया है।

# यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ शुद्ध भोजन उपलब्ध कराना लक्ष्य

## खाद्य संरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग ने हरित चारधाम यात्रा थीम पर शुरू किया अभियान

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** चारधाम यात्रा मार्ग के होटल-ढाबों में इस बार तीर्थयात्रियों को स्वच्छ और शुद्ध भोजन मिलेगा, इसके लिए खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने यात्रा मार्ग पर क्विक रिस्पांस टीमों और मोबाइल फूड सेफ्टी वैन की तैनाती की है। साथ ही, विभाग ने यात्रा मार्ग के होटल-ढाबों और खाद्य कारोबारियों के साथ व्यापक स्तर संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चारधाम यात्रा को हरित यात्रा की थीम पर संचालित करने पर जोर देने के क्रम में खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग, यात्रा मार्ग के प्रमुख शहरों में होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर रहा है। विभाग ने चारधाम मार्ग पर शुद्ध और ताजा भोजन उपलब्ध कराने के लिए रोटेशन के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात किए हैं।





"चारधाम यात्रा में देश विदेश के लाखों यात्री उत्तराखंड पहुंचते हैं। हमारा प्रयास है कि न सिर्फ तीर्थ यात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण मिले, बल्कि यात्रा के चलते हमारे पवित्र तीर्थस्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की समस्या भी पैदा न हो, हम सिंगल यूज प्लास्टिक का रिड्यूज, रियूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। -**पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

### तेल, नमक व चीनी का करें कम उपयोग

इन कार्यशालाओं में कारोबारियों से अपने भोजन में तेल, नमक और चीनी का उपयोग कम करने की अपील की जा रही है। इससे खासकर मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित यात्रियों को सुविधा रहेगी। साथ ही ईट राइट अभियान के क्रम में होटलों को खाद्य तेल को तीन बार से अधिक इस्तेमाल करने के बजाय इसे बायोफ्यूल बनाने के लिए उपलब्ध कराने के लिए कहा जा रहा है।

साथ ही, यात्रा मार्ग पर खाद्य पदार्थों की जांच और जन जागरुकता के लिए मोबाइल फूड सेफ्टी वैन और शिकायत रिस्तारण के लिए क्विक रिस्पांस टीम भी तैनात की गई है। विभाग ने शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर -18001804246 भी जारी किया है।



### 250 से ज्यादा को दिया प्रशिक्षण

आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन सचिन कुर्वे के निर्देश पर विभाग यात्रा मार्ग के होटल, ढाबा संचालकों के साथ मीटिंग कर ग्रीन यात्रा, स्वच्छता और मिलावट रहित भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण दे रहा है। उपायुक्त मुख्यालय गणेश कंडवाल ने सोमवार को बताया कि आयुक्त के दिशानिर्देशों के क्रम में अब तक उत्तरकाशी, श्रीनगर, देवप्रयाग, तीनधारा, चंबा, घनसाली, रुद्रप्रयाग, घट्टूगाड़ में 250 से अधिक होटल कारोबारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

# श्रीमद्भागवत भगवान श्रीकृष्ण का सजीव स्वरूप: मुख्यमंत्री

संवाददाता, ऋषिकेश

**अमृत विचार:** यमकेश्वर स्थित वानप्रस्थ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत भगवान श्रीकृष्ण का सजीव स्वरूप है, जो मानव को धर्म, ज्ञान और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करते हुए जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण एवं दूरगामी कदमों का भी उल्लेख किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से चारधाम यात्रा मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कारण यात्रा अब अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक हो गई है। प्रदेश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कालसी-हरीपुर क्षेत्र में यमुना नदी के तट पर घाटों के निर्माण कार्य, शारदा कॉरिडोर, हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर तथा दून विवि में सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे प्रदेश की आर्थिकी एवं सांस्कृतिक पहचान को मजबूत किया जा रहा है। इस अवसर पर व्यास पीठ से भागवत कथा का वाचन कर रहे गोविन्द देव गिरी महाराज ने श्रीमद्भागवत के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, आस्था एवं सत्कर्म के मार्ग पर चलने का प्रेरणादायी संदेश दिया। इस दौरान स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट, स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज मौजूद रहे।



व्यास पीठ से आशीर्वाद लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- सीएम धामी ने वानप्रस्थ आश्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित किया

### यूकेएस की परीक्षा में बैठने की अनुमति

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने न्यायिक सेवा के दो उम्मीदवारों को अंतरिम राहत देते हुए उन्हें आज मंगलवार को होने वाली मुख्य परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी है। यह अंतरिम राहत वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने दी। याचिकाकर्ता अंशुका भंडारी और अनुश्री खत्री ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन के बाद मुख्य परीक्षा से बाहर करने पर कोर्ट की शरण ली थी। उम्मीदवारों ने 22 जनवरी, 2026 को जारी संशोधित कट-ऑफ सूची को रद्द करने के लिए कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की थी।

### नैनीताल पालिका की याचिका निस्तारित

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने नगरपालिका नैनीताल द्वारा टोल टैक्स वसूलने के लिए जारी टेंडर प्रक्रिया के कुछ शर्तों को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। पालिका द्वारा शपथपत्र में कहा गया कि टेंडर प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले ठेकेदार या फर्म को इस कार्य को करने के लिए पर्वतीय राज्य में टोल टैक्स वसूलने का तीन वर्ष का अनुभव या इसी कार्य का एक वर्ष में दो करोड़ रुपये का कार्य करने का अनुभव होना चाहिए लेकिन पालिका ने कोर्ट में सुनवाई के दौरान अंडरटेकिंग दी कि इसे संशोधन किया गया है, जो एक वर्ष में दो करोड़ रुपये का यह कार्य करने की शर्त थी, वह अब हटा दी गयी है। उसकी जगह अब एक वर्ष में दो करोड़ का कार्य कहीं भी किया होना चाहिए। इसके आधार पर कोर्ट ने याचिका को निस्तारित कर दिया है।

# जनता के सामने चेहरा बेनकाब होने से कांग्रेस विचलित: चौहान

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- महिला आरक्षण पर प्रदेश भाजपा ने बोला कांग्रेस पर हमला
- पूछा-सदन में नारी सशक्तिकरण पर चर्चा नहीं होगी तो फिर कहां होगी?

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण पर चेहरा बेनकाब होने के बाद कांग्रेस विचलित है और अब महिला सशक्तिकरण के समर्थक होने का ढोंग रच रही है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को चौहान ने कहा कि अगर, उत्तर प्रदेश विधानसभा मे महिला आरक्षण को लेकर चर्चा होती है तो इससे कांग्रेस परेशान क्यों है? सदन में नारी सशक्तिकरण पर चर्चा नहीं होगी तो फिर कहां होगी? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस महिला आरक्षण पर महिलाओं के खिलाफ वोटिंग कर देश भर मे खलनायक बन चुकी है और जनता के कोप को समझ कर विचलित है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा में जन सरोकारों के मुद्दे पर बहस होती है और महिलाओं के विषय को उससे अलग नहीं किया जा सकता है। देश की आधी आबादी के साथ हुए अन्याय पर चर्चा जरूरी भी है। एक और महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकने वाली कांग्रेस अब महिला सशक्तिकरण पर प्रवचन भी कर रही है। जब मौका था तो कांग्रेस और उसके पिछलग्गु दलों ने पुरजोर विरोध जताया और राजनीति से बाज नहीं आए।

चौहान ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर भाजपा गंभीर है। कांग्रेस आजादी के बाद महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने की हर मांग को टालती रही है और देश के सर्वोच्च सदन में वह बेनकाब हो गयी है। जनता कांग्रेस की कथनी और करनी को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि विरोध को लेकर कांग्रेस तरह-तरह के कुतर्क गिना रही है जबकि चर्चा के दौरान सरकार ने विपक्ष की हर आशंका का जवाब दिया लेकिन कांग्रेस पूरी तरह से मन बना चुकी थी और आधी आबादी लोकतंत्र में भागीदारी के अधिकार से वंचित रह गयी। कहा कि, जनता कांग्रेस को माफ नहीं करेगी और सबक सिखाएगी। इसी कारण कांग्रेस के सुर बदले-बदले हैं और विरोध के बाद दिखावे की सहानुभूति जता रही है।

# भाजपा महाआक्रोश अभियान से कांग्रेस की पोल खोलेगी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि विपक्ष द्वारा संसद में किए गए नारी अपमान की महिला मोर्चा मातृ शक्ति के साथ मिलकर पोल खोलने जा रही है। जिला एवं मंडल स्तर तक आयोजित महाआक्रोश अभियान में जन आक्रोश सम्मेलन, पदयात्रा एवं पत्रकार वार्ता के माध्यम से जनप्रतिरोध दर्शाया जाएगा।

अध्यक्ष भट्ट ने सोमवार को कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के नकारात्मक और गैर-जिम्मेदाराना रवैये ने देश की आधी आबादी के अधिकारों पर सीधा प्रहार किया है। इसी के विरोध में राज्य में व्यापक स्तर पर महिला जन आक्रोश कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह ऐतिहासिक अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन विपक्ष ने अपनी संकीर्ण राजनीति के कारण इसका विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई है, जिससे देशभर की महिलाओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 23 अप्रैल तक प्रदेशभर में महिला जन आक्रोश पदयात्राएं आयोजित होंगी, जिनमें हजारों महिलाएं भाग लेंगी और कांग्रेस के महिला-विरोधी रवैये के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगी। 22 से 30 अप्रैल तक जिला एवं मंडल स्तर पर महिला जन आक्रोश सम्मेलन होंगे जिनमें महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए विपक्ष के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। 25 अप्रैल तक प्रेस वार्ताओं का आयोजन किया जाएगा।

# विशेष सत्र का उद्देश्य निंदा प्रस्ताव पारित करना न हो : गणेश गोदियाल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोदियाल ने प्रेस वार्ता में उठाए सवाल
- मुख्यमंत्री धामी से की महिला आरक्षण को प्राथमिकता देने की मांग

**अमृत विचार:** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सोमवार को कहा कि यदि उत्तराखंड सरकार भी विशेष सत्र आहूत करने जा रही है तो उसका उद्देश्य केवल राजनीतिक निंदा प्रस्ताव पारित करना या विपक्ष को कोसना नहीं होना चाहिए।



गोदियाल ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 30 अप्रैल से विशेष विधानसभा सत्र बुलाने की खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह बात कही। उन्होंने पार्टी की ओर से उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित विशेष सत्र को जनहित और महिला सशक्तिकरण के एजेंडे पर केंद्रित करने की मांग की। साथ ही महिला आरक्षण कानून को शीघ्र लागू करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करने की भी मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र में विधानसभा सत्र जनता के सरोकारों और महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों के लिए बुलाए जाते हैं, न कि राजनीतिक प्रतिशोध या आरोप-प्रत्यारोप के लिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी आग्रह किया कि यदि विशेष सत्र बुलाया जाता है, तो उसमें महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण विषय महिला आरक्षण को प्राथमिकता दी जाए। कहा कि वर्ष 2023 में संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण कानून देश की आधी आबादी को राजनीतिक भागीदारी का संवैधानिक अधिकार देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। ऐसे में उत्तराखंड सरकार को चाहिए कि वह इस कानून को राज्य में तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए ठोस प्रस्ताव विधानसभा में पारित करे।

आरोप लगाया कि, भाजपा सरकारें महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की बात तो करती हैं, लेकिन जब ठोस कदम उठाने का समय आता है तो वह राजनीतिक मुद्दों में उलझ जाती हैं। उत्तराखंड जैसे राज्य में, जहां महिलाएं सामाजिक और आर्थिक विकास की रीढ़ हैं, वहां महिला आरक्षण को टालना या उस पर मौन रहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

# लामाचौड़ चुनावी विशेष अपील हाईकोर्ट में खारिज

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हल्द्वानी स्थित लामाचौड़ श्रमिक संविदा सहकारी समिति लिमिटेड सहित अन्य सहकारी समितियों के चुनाव नहीं कराने के खिलाफ दायर विशेष अपील को आधारहीन बताते हुए हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ शाह की खंडपीठ ने खारिज कर दिया।

खंडपीठ ने कहा कि संबंधित समितियों को जारी नोटिसों की जांच प्रक्रिया अभी जारी है, ऐसे में इस स्तर पर अपील पर सुनवाई संभव नहीं है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि संबंधित सहकारी समितियों को नोटिस जारी किए गए हैं और उनकी जांच चल रही है। इसी कारण फिलहाल उनके चुनाव कार्यक्रम की तिथि घोषित नहीं की गई है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया प्रगति पर है, लेकिन जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, हल्द्वानी की लामाचौड़ संविदा सहकारी समिति लिमिटेड, कोश्यां कुटौली कृषि उत्पादन एवं विपणन सहकारी समिति, वैभव रसायन एवं विपणन सहकारी समिति, ग्राम विकास श्रम निर्माण सहकारी समिति, गौला सहकारी समिति और नैनीताल रेशम सहकारी समिति लिमिटेड ने विशेष अपील दायर कर कहा था कि प्रदेश में सहकारी समितियों के चुनाव कराने की घोषणा 10 मार्च 2026 को की जा चुकी है, बावजूद इसके उनके यहां चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। अपीलकर्ताओं का कहना था कि जब चुनाव ट्रिब्यूनल द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है, तो रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव द्वारा चुनाव न कराने के लिए नोटिस जारी करना नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने न्यायालय से इस आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी। हालांकि खंडपीठ ने सरकार के पक्ष को स्वीकार करते हुए अपील को खारिज कर दिया।

### फांसी की सजा पर अब 20 मई को होगी सुनवाई

**नैनीताल :** अपनी मां, बड़े भाई व गर्भवती भाभी की तलवार से काटकर निर्ममता से हत्या करने के दोषी को निचली अदालत द्वारा दी गई फांसी की सजा के मामले पर अगली सुनवाई के लिए हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने 20 मई की तिथि नियत की है। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने सरकार से पूछा कि घटना के समय आरोपी किसी मानसिक रोग से ग्रसित तो नहीं था, उसकी क्या जांच हुई? जिस पर सरकार की तरफ से कहा गया कि वह किसी मानसिक रोग से ग्रसित नहीं था। पूर्व में आरोपी के कथित तौर पर मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के सम्बन्ध में सुनवाई नहीं हुई थी इसलिए हाईकोर्ट ने इस मामले में दोबारा से सुनवाई करने के आदेश दिए थे। जिस पर निचली अदालत ने दोबारा ने सुनवाई करते हुए उसकी फांसी की सजा को बरकरार रखा। फिर से अपने आदेश की पुष्टि के लिए निचली अदालत ने सोमवार को हाईकोर्ट को रिफरेंस आदेश भेजा था। टिहरी गढ़वाल के गुमाल गांव निवासी संजय सिंह ने 13 दिसम्बर 2014 को मामूली बात पर अपनी मां, बड़े भाई व गर्भवती भाभी की तलवार से काटकर हत्या कर दी थी। दोषी संजय को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमा पांडेय की अदालत ने अगस्त 2021 में मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। जिसे आरोपी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

# उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश आपसी सहयोग बढ़ाएंगे

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक दूसरे के अनुभवों का लेंगे लाभ
- हिमाचल के अपर मुख्य सचिव ने किया यूएसडीएमए का भ्रमण

**अमृत विचार:** पर्वतीय राज्यों की समान भौगोलिक परिस्थितियों, प्राकृतिक संरचना एवं आपदाओं की एक जैसी प्रवृत्ति को देखते हुए उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में आपसी सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों राज्य एक-दूसरे के अनुभवों, नवाचारों एवं कार्य प्रणालियों से सीखते हुए भविष्य में आपसी सहयोग से कार्य करेंगे।

हिमाचल प्रदेश के अपर मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत ने सोमवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) का भ्रमण किया। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने उत्तराखंड में आपदा न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया, जोखिम आकलन तथा जनजागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी की। एसीएस पंत ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड दोनों ही राज्य भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं, जहां भूस्खलन, अतिवृष्टि, बादल फटना, बाढ़ एवं भूकंप जैसी आपदाएं बार-बार सामने आती हैं। ऐसी परिस्थितियों में दोनों राज्यों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक है, जिससे आपदाओं के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके।

उन्होंने उत्तराखंड में स्थापित उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र जैसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की सराहना करते हुए हिमाचल प्रदेश में भी इसी प्रकार की व्यवस्था स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की तथा इसके लिए उत्तराखंड से तकनीकी सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने भूस्खलन प्रबंधन एवं रोकथाम के क्षेत्र में उत्तराखंड द्वारा विकसित प्रणालियों का लाभ लेने की बात कही। रुद्रप्रयाग में विकसित डीडीआरएन प्रणाली की सराहना करते हुए इसे अन्य क्षेत्रों में भी लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया गया। पंत ने हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ते हिमनद झील विस्फोट बाढ़ के जोखिम को देखते हुए हिमाचल प्रदेश में इस दिशा में किए जा रहे कार्यों को साझा किया। पहाड़ों में भूकंपरोधी भवन निर्माण के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश के अनुभवों का लाभ उत्तराखण्ड द्वारा लिए जाने पर भी सहमति बनी।



बैठक में प्रतिभाग करते उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के अधिकारी।



चांदनी चौक घुड़दौड़ा में जनसमस्याएं सुनते विकास भगत।

### जन समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण : भगत

**हल्द्वानी :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने सोमवार को रामपुर रोड स्थित ग्राम सभा चांदनी चौक घुड़दौडा मे जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। प्रवक्ता भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र लगातार प्रगति कर रही है। विधायक बंशीधर भगत के मार्गदर्शन में कालाढूंगी विधानसभा की सबसे बड़ी समस्या रकसिया नाले के आउट फाल का निर्माण एवं रामपुर रोड का चौड़ीकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि यह विकास योजनाओं की रफ्तार यही थमेगी नहीं बल्कि आगे बढ़ेगा और रफ्तार से बढ़ेगा। साथ ही कहा जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दीपू नेगी, बूथ अध्यक्ष मोहन धपोला, नवीन उपाध्याय, प्रधान निशा कुलयाल, योगेश बहुगुणा, प्रधान नरेश बजवाल, ललित नेगी, भाजपा नेता श्रुति तिवारी, चंद्रप्रकाश उपाध्याय, राजेंद्र मेहता, जगदीश कुलयाल, घनश्याम जोशी, पंकज निगलटिया, आशा मौर्य, नीमा नेगी, पूजा रावत, नीतू असवाल, आशा बिष्ट, गीता बहुगुणा, कमल भाकुनी, होशियार सिंह रहे।

**समझौता ज्ञापन** | आईआईटी रुड़की व यूएसएसी के बीच हुआ एमओयू, अंतरिक्ष अनुप्रयोग, जलवायु परिवर्तन व आपदा प्रबंधन में होंगी संयुक्त परियोजनाएं

# अंतरिक्ष विज्ञान व जियोस्पेशियल तकनीक में बढ़ेगा सहयोग

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने उत्तराखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (यूएसएसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान एवं जियोस्पेशियल अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अकादमिक, वैज्ञानिक और अनुसंधान सहयोग को सुदृढ़ करना है।

इस समझौते पर आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. केके पंत और यूएसएसी के निदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने आईआईटी रुड़की परिसर में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सेंटर फॉर स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रमुख प्रो. संजय एच. उपाध्याय एवं डॉ. प्रियदर्शी उपाध्याय भी उपस्थित रहे। इस सहयोग के अंतर्गत तीन प्रमुख क्षेत्रों-अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग, एम.टेक एवं पीएचडी छात्रों का संयुक्त मार्गदर्शन तथा सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं के संयुक्त आयोजनों पर कार्य किए जाएंगे। दोनों संस्थान वैज्ञानिक ज्ञान, संकाय एवं तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के साथ-साथ शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों की क्षमता निर्माण को भी प्रोत्साहित करेंगे।



समझौता ज्ञापन के साथ दोनों संस्थानों के प्रमुख पदाधिकारी।

### संयुक्त शोध एवं पायलट परियोजनाएं

अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग के तहत अंतरिक्ष अनुप्रयोग, जियोस्पेशियल तकनीक, जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त शोध एवं पायलट परियोजनाएं संचालित की जाएंगी। आईआईटी रुड़की के छात्रों को यूएसएसी में इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट कार्य एवं शोध अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उन्हें प्रयोगशालाओं और व्यावहारिक अनुभव का लाभ मिलेगा।

### दोनों संस्थानों की सुविधाओं का उपयोग

समझौते के तहत स्नातकोत्तर एवं डॉक्टोरल छात्रों का संयुक्त मार्गदर्शन भी किया जाएगा, जिसमें दोनों संस्थानों के संकाय और वैज्ञानिक मिलकर छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। साथ ही, छात्रों को दोनों संस्थानों की सुविधाओं का उपयोग करने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त, दोनों संस्थान सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशालाएं एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे। यह साझेदारी उत्तराखंड राज्य में अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुसंधान को व्यावहारिक अनुप्रयोगों में परिवर्तित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### साही को थकाकर मारा, दो पर केस

**पिथौरागढ़:** पिथौरागढ़ वन प्रभाग के बिरथी क्षेत्र में एक साही को मारने का वीडियो प्रसारित होने के बाद सोमवार को दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पिथौरागढ़ के डीएफओ आशुतोष सिंह ने बताया कि बिरथी के वीरू और गोविंद के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो का संज्ञान लेते हुए 'पीपुल फॉर एथिकल ट्रीटमेंट' (पेटा) से जुड़े लोगों ने वन विभाग ध्यान दुर्लभ प्रजाति साही को मारे जाने की घटना की ओर खींचा। प्राप्त खबर के अनुसार आरोपियों ने जानवर का वाहन से पीछा किया और उसे थकाकर मार दिया। डीएफओ ने कहा, हमने इसे वन्यजीवों के प्रति क्रूरता माना है। मामले की जांच जारी है।

## सिटी इंवेंट्स

- हल्द्वानी गैस सर्विस की ओर से रामपुर रोड समेत कई इलाकों में गैस वितरण होगा 10 बजे
- हल्द्वानी में जनगणना की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक 11 बजे

## सिटी ब्रीफ

### टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव 2 मई को होंगे

**हल्द्वानी :** टैक्स बार एसोसिएशन की आम सभा में वर्ष 2026-27 की कार्यकारिणी के गठन के लिए निम्नलिखित सदस्यों को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। सचिव हिमांशु कोठारी ने बताया कि विनय टंडन, संजय पांडे, मनोज भंडारी को चुनाव अधिकारी बनाया है। इसी के एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम भी घोषित करदिया है। इस वर्ष चुनाव अप्रैल के बजाय मई माह में होंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न पदों के लिए 25 से 29 अप्रैल तक नामांक, 30 अप्रैल को नाम वापसी और 2 मई को मतदान होगा।

### डीएम से की शिकायत अगले दिन पहुंची गैस

**हल्द्वानी :** बिठौरिया नंबर-1 स्थित देवकीबिहार कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय माहेश्वरी जोशी ने एक माह पूर्व 17 मार्च को गैस बुकिंग कराई थी, फिर भी उन्हें गैस नहीं मिल रही थी। इस पर उन्होंने डीएम रयाल से शिकायत की एक दिन बाद सोमवार को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी हो गई।

### अधिवक्ताओं ने भी दिया धरने को समर्थन

**हल्द्वानी :** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के आंदोलन को मूल निवासी उत्तराखंड संगठन एवं राष्ट्रीय समाजसेवी परिषद ने समर्थन देते हुए कार्यकर्ताओं की मांगों को उठाया। संघ के गंगा प्रसाद ने कहा कि आंगनबाड़ी और आशा वर्कर समाज की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होना चाहिए। अधिवक्ताओं ने उनके अधिकारों के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अंत में जय भीम, जय संविधान, जय भारत के नारों के साथ एकजुटता का संदेश दिया।

# चंद कदमों पर थी घर की दहलीज, बस ने बच्ची को कुचला

## रोडवेज बस की चपेट में आकर चार साल की बच्ची की मौत, आक्रोशित लोगों ने नैनीताल रोड पर लगा दिया जाम, बस में तोड़फोड़

- **तेज थी बस की गति, पुलिस ने चालक को लिया हिरासत में**

संवाददाता, हल्द्वानी



कनक। (फाइल)

**अमृत विचारः** रानीबाग में नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर चार साल की बच्ची की मौत रोडवेज बस की चपेट में आने से हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बच्ची के साथ उसकी मां व अन्य बच्चे भी थे। किसी तरह बच्चों को बचाने की कोशिश की गई लेकिन एक बच्ची बस की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई।

मासूम बच्ची का परिवार घटनास्थल के सामने ही चंद कदमों पर दूरी पर सरिया सीमेंट के गोदाम के बेसमेंट में रहता है। आंगनबाड़ी से घर की दूरी कुछ ही मीटर की है और जहां पर हादसा हुआ है वह जगह उसके घर से मुश्किल से 10 मीटर होगी। कुछ ही मीटर की दूरी से बच्ची घर आने को रह गई और उसका शव वहीं से पोस्टमार्टम हाउस को चला गया।

सोमवार करीब दोपहर 12 बजे रानीबाग में रोड की दूसरी तरफ आंगनबाड़ी केंद्र की छुट्टी हुई। वहीं पास में रहने वाली कनक अपनी मां व अन्य बच्चों के साथ रोड पार करते हुए घर की तरफ चली। इतने नैनीताल की तरफ से आ रही रुद्रपुर की डिपो की रोडवेज बस यूके 06 पीए 1726 आई।

बताया जा रहा है कि बस की गति तेज थी आरोप है कि मां राजकुमारी ने भी हाथ से चालक को बस धीमे करने का इशारा किया लेकिन उसने बस नहीं रोकी। तब राजकुमारी ने बच्चों को पीछे खींचा लेकिन उसकी बेटी कनक ही बस की चपेट में आ गई और बस के नीचे करीब 20 मीटर घसीटती चली गई। मासूम की कुचलने से मौके पर ही मौत हो गई और मां सुधबुध होकर देखती रही।घटना देख लोग आगबबूला हो गए। उन्होंने बस को वहीं रोक लिया और चालक को बाहर निकालकर उसकी पिटाई कर दी। बस की तोड़फोड़ भी शुरू कर दी गई। यह देख बस में बैठे यात्री सहम गए। उन्होंने बस को खाली कर दिया। मौके पर भाजपा नेता सचिन शाह भी पहुंचे। उन्होंने भी आक्रोश जताते हुए पुलिस को फोन किया। इस दौरान नैनीताल रोड पर लंबा जाम लग गया। कॉलटैक्स से जाम शुरू होकर एचएमटी और नैनीताल रोड पर भुजियाघाट तक पहुंच गया। जिस तरफ बस ने एक्सीडेंट किया था उस तरफ करीब एक घंटे तक यातायात पूरी तरह रुक गया। एसपी सिटी मनोज कत्याल भी पहुंचे। भीड़ जमकर पुलिस को खरीखोटी सुनाई। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजने में पुलिस के पसीने छूट गए।

एंबुलेंस के अंदर शव रखा था लेकिन लोगों ने एंबुलेंस की चाबी निकाल ली। बच्ची के परिवार वाले एसपी सिटी के पैरों में पड़ गए। रो-रोकर सबका बुरा हाल था। बहुत मनाने के बाद किसी तरह परिवार वाले माने और बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इसके बाद रोड पर यातायात सामान्य हुआ।



रानीबाग में बेसुध मां को पानी पिलातीं महिलाएं। ● अमृत विचार



कनक की मौत के बाद बदहवास पिता को संभालते लोग। ● अमृत विचार



भाजपा नेता सचिन शाह की एसपी मनोज कात्याल से तीखी बहस हुई। ● अमृत विचार

### मां-बाप को संभालना हुआ मुश्किल

बच्ची का पिता जीवनलाल मूलरूप से पीलीभीत जिले तेहरी गांव के रहने वाले हैं। परिवार वहीं एक सरिया-सीमेंट की दुकान में काम करता है। अपनी मासूम बच्ची का शव देखकर मां-बाप को संभालना मुश्किल हो गया। बार-बार उन्हें पानी पिलाकर होश में लाया जा रहा है। मां बस यही कही रही थी कि मेरी बच्ची का क्या कसूर था लेकिन किसी के पास भी इस सवाल का जबाव नहीं था। हर कोई मासूम का रखा शव और रोते-बिलखते परिजनों को देखकर गमजदा थे। लोगों ने बताया कि बच्ची के दो और भाई-बहन थे। परिवार मेहनत करके किसी तरह गुजर-बसर करता है। रोजी-रोटी की तलाश में रानीबाग आए लेकिन उनके ऊपर दमुखों का पहाड़ टूट गया।




आक्रोश की वजह से बस में हुई तोड़फोड़।

### आरएम पूजा जोशी भी पहुंची

**हल्द्वानी :** रोडवेज की आरएम पूजा जोशी भी पहुंची तो उनसे भी लोगों ने शिकायत की। बताया कि यहां पर रोडवेज बस चालक बस को धीमा नहीं करता है। ऊपर से आते समय ढलान होता है, इस वजह से बस में गति होती है। हाथ देने पर भी बस चालक बस को धीमा नहीं करता है। यहां तक की लोगों ने दिखाया कि जिस बस से एक्सीडेंट हुआ है उसकी नंबर प्लेट भी ठीक से पढ़ने में नहीं आ रही है। रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि ऐसे मामलों में रोडवेज की तरफ से पांच लाख रुपये तक मुआवजा दिया जाता है। वहीं आक्रोशित लोगों ने यह भी कहा कि वाहन चालकों की स्पीड पर लगाम लगाने में पुलिस भी पूरी तरह से विफल साबित हो रही है।



घटना के बाद नैनीताल रोड पर वाहनों की लगी कतार। ● अमृत विचार

### कालाढूंगी-बाजपुर मार्ग पर जूस विक्रेता को कार ने रौंदा, मौत



**कालाढूंगी :** क्षेत्र में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। कालाढूंगी-बाजपुर मोटर मार्ग पर नयागांव तिराहे और टेढ़ी पुलिया के बीच एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे बेल का जूस बेच रहे विक्रेता को मय ठेले के रौंद दिया। हादसे में जूस विक्रेता की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।सोमवार को अभिषेक सिंह पुत्र पंजा सिंह, उम्र 18 वर्ष, निवासी हरिपुरा जबरान, बाजपुर, रोज की तरह नयागांव तिराहे और वन विभाग चौकी से लगभग 200 मीटर दूरी पर बेल जूस का ठेला लगा रहा था। करीब 1:40 बजे कालाढूंगी की ओर से आ रही स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर ठेले सहित अभिषेक को रौंदते हुए पेड़ से टकरा गई। हादसे में वह कार और पेड़ के बीच फंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बाद में राहगीर उसे अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

### परिवार का सहारा अभिषेक की मौत से टूटा घर

**कालाढूंगी :** सोमवार को कालाढूंगी-बाजपुर मोटर मार्ग पर हुए हादसे में जान गंवाने वाले अभिषेक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में अब सिर्फ चीख-पुकार और सिसकियां रह गई हैं। स्थानीय लोग भी इस घटना से गमगीन हैं। अभिषेक के पिता पंजा सिंह पहले रामनगर के छोई क्षेत्र में बेल का जूस का ठेला लगाते थे। दो साल पहले हुए एक सड़क हादसे में उनका ठेला पिकअप वाहन की चपेट में आ गया था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके पैरों में रॉड डालनी पड़ी। इसके बाद वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गए और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई। चार भाई-बहनों में सबसे बड़े होने के कारण अभिषेक के कंधों पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई। पढ़ाई की उम्र में ही उसने पिता का हाथ बंटाना शुरू कर दिया और बेल का जूस बेचकर घर का खर्च संभालने लगा। मां के बीमार रहने से स्थिति और भी कठिन हो गई थी। टपकती और टूटी झोपड़ी में किसी तरह गुजर-बसर कर रहे इस परिवार का पूरा सहारा अभिषेक था। उसकी असमय मौत से माता-पिता की दवाइयों से लेकर घर के खर्च तक की जिम्मेदारी संभालने वाला सहारा छिन गया है, जिससे परिवार गहरे सदमे में है।

# अवैध कटान रोकने गए वन कर्मियों पर फायरिंग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** खुले जंगल में हो रहे अवैध कटान को रोकने गए वन कर्मियों पर माफियाओं ने हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की यह अलग बात है कि निशाना चूकने से कोई बुरी घटना नहीं घटी। माफियाओं को पकड़ने के दौरान हुई हाथापाई में एक वनकर्मी घायल हो गया। घटना नाथुपुर छोई क्षेत्र की है।

वन बीट अधिकारी विमल चौधरी के अनुसार सोमवार सुबह वन विभाग को सूचना मिली थी कि नदी किनारे कुछ लोग अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वन बीट अधिकारी विमल चौधरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर टीम ने पाया कि आरोपी पहले ही पेड़ काट चुके थे और लकड़ी को बाइक पर लादने की तैयारी कर रहे थे। वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान स्थिति अचानक बिगड़ गई। वन बीट अधिकारी विमल चौधरी ने बताया कि आरोपियों में से एक के पास पिस्तौल थी। जब उसे पकड़ने और हथियार छीनने की कोशिश की गई, तो आरोपी ने विरोध किया और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इस झड़प में वन बीट अधिकारी घायल हो गए। इसके बाद तीनों आरोपी वन कर्मियों पर हावी हो गए और फायरिंग करते हुए भाग निकले। हालांकि, गोली किसी को नहीं लगी और वनकर्मी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। मामले में कड़ी कार्रवाई की बात कही जा रही है। घायल वन बीट अधिकारी विमल चौधरी का उपचार रामनगर संयुक्त चिकित्सालय में चल रहा है।



कोसी नदी से भागते बाइक सवार युवक।

# टैक्स लेना है तो सड़क से पार्क तक का जिम्मा ले नगर निगम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ट्रांसपोर्ट नगर में प्रस्तावित टैक्स व्यवस्था को लेकर व्यापारियों ने नगर निगम से पहले बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल और ट्रांसपोर्ट महासंघ के पदाधिकारियों ने महापौर से मुलाकात कर टैक्स लागू करने से पहले व्यापारियों के साथ गोष्ठी कर पुनर्विचार करने की बात कही। प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, यातायात नगर अध्यक्ष जसपाल सिंह कोहली और महासंघ अध्यक्ष राकेश जोशी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि 32 एकड़ में बसे यातायात नगर में करीब 875 दुकानें आवंटित हैं, जहां पहले ही भूमि की कीमत सर्किल रेट के आधार पर ली जा चुकी है। इसके साथ ही किसी भी क्रय-विक्रय पर 15 प्रतिशत तक एनओसी शुल्क लिया जाता है, जो यातायात नगर अनुश्रवण समिति को जाता है।



ट्रांसपोर्ट नगर में बैठक करते व्यापारी व ट्रांसपोर्ट महासंघ के पदाधिकारी।

- **ट्रांसपोर्ट महासंघ के पदाधिकारियों ने उठाई मांग**

व्यापारियों का कहना है कि यदि नगर निगम टैक्स लागू करता है तो क्षेत्र की पूरी जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। इसमें सड़कों का जिर्णोद्धार, ड्रेनेज सिस्टम, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था और सुलभ शौचालयों की देखरेख शामिल है। वर्तमान में इन सुविधाओं की स्थिति खराब बताई जा रही है, जिससे व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा और ट्रांसपोर्टर नेता दया किशन शर्मा ने बताया कि व्यापारी टैक्स देने के लिए सहमत हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें समुचित सुविधाएं मिलनी चाहिए। हुकुम सिंह कुंवर ने भरोसा दिलाया कि व्यापारियों और नगर निगम के बीच समन्वय स्थापित कर सभी समस्याओं को महापौर के समक्ष रखा जाएगा। इस दौरान राजेंद्र अग्रवाल, नवीन मलकानी, ललित रौतेला, डब्बू तिवारी, किशन कोश्यारी, आफताब हुसैन, स्वर्णपाल सिंह, भास्कर जोशी, विक्की सेठी, कुलतरण आनंद, सोनी सब्बरवाल, इकबाल आनंद आदि रहे।

## एयरफोर्स की मदद से बुझाएंगे वनों की आग

**हल्द्वानी :** प्रमुख वन संरक्षक रंजन कुमार मिश्रा ने सोमवार को एफटीआई में हुई बैठक में कहा किजंगलों की आग बुझाने में अब भारतीय वायुसेना और निजी हेलीकॉप्टर कंपनियों की मदद ली जाएगी। बैठक में वनाग्नि नियंत्रण को व्यवस्था और रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।
पीसीसीएफ मिश्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आग बुझाने के लिए आवश्यक स्टाफ की तुरंत नियुक्ति की जाए और सभी तैयारियां पूर्ण रखी जाएं। बैठक में हाथी कॉरिडोर, वन्यजीवों की सुरक्षा और जंगलों की सुरक्षा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि जंगल की आग पर काबू पाने के लिए निजी हेलीकॉप्टर कंपनियों से पैक्ट किया हुआ है। सेना व एअरफोर्स से भी इस मामले में तारतम्मय बनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि फोर्स की मदद से दुर्गम इलाकों में भी तेजी से आग पर काबू पाया जा सकेगा। बाद में उन्होंने वन अनुसंधान केन्द्र में हो रहे कामों का जायजा लिया। इस दौरान सीसीएफ डॉ. तेजस्विनी पाटिल, एफटीआई डायरेक्टर संजीव चतुर्वेदी, वन संरक्षक नीतिश मणि त्रिपाठी, डीएफओ हिमांशु बागरी, कुंदन कुमार, यूसी तिवारी आदि रहे।

# चलती बाइक पर गिरा पेड़, दो जिपं कर्मी घायल

संवाददाता, नैनीताल

- **क्षेत्रवासी लंबे समय से कर रहे झुके पेड़ों की लॉपिंग की मांग**

**अमृत विचार :** ताकुला क्षेत्र में चलती बाइक पर देवदार का पेड़ गिरने से जिला पंचायत के दो कर्मचारी घायल हो गए। सूखाताल क्षेत्र में भी एक पेड़ भारत टेंट हाउस के ऊपर गिर गया।

जानकारी के मुताबिक, जिला पंचायत में कार्यरत हल्द्वानी निवासी लक्ष्मण सिंह पोखरिया और दीवान रावत सोमवार शाम बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे ताकुला क्षेत्र में पहुंचे, तेज हवा के झोंके के बीच एक देवदार का पेड़ उनकी बाइक पर गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। गनीमत रही कि दोनों ने हेलमेट पहना हुआ था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद टैक्सी चालकों और राहगीरों ने तत्काल दोनों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर कार्यालय कर्मी, पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच और उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पेड़ गिरने से सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस और दमकल विभाग ने पेड़ हटाकर मार्ग को फिर से सुचारु कराया। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि पेड़ को हटवा दिया गया है और स्थिति सामान्य कर दी गई है।

सूखाताल क्षेत्र में दिन के समय एक पेड़ भारत टेंट हाउस के ऊपर गिर गया। हालांकि इस घटना में किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन संबंधित विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों के किनारे कई पेड़ लंबे समय से झुके हुए हैं, जो तेज हवा या बारिश के दौरान कभी भी गिर सकते हैं। लोगों ने वन विभाग और संबंधित एजेंसियों से जल्द लॉपिंग कर संभावित हादसों को रोकने की मांग की है।

एसडीओ ममता चंद ने बताया कि लोगों की ओर से मिली सूचनाओं के आधार पर क्षेत्र में निरीक्षण किया जाएगा। जिसके बाद लॉपिंग के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शौक** — प्रतिबंधित कुत्ते भी पाल रहे लोग, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से खुलासा, बैन के बावजूद पिटबुल-रॉटव्हीलर का क्रेज

# एनिमल लवर्स ने आक्रामक कुत्तों को भी बनाया फैमिली मेंबर

पवन नेगी, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** प्रतिबंधित आक्रामक स्वभाव के कुत्तों को भी हल्द्वानीवासी पालतू बनाकर घरों में रखे हुए हैं। ऐसे एनिमल लवर्स इन कुत्तों को अपने पारिवारिक सदस्य से कमतर नहीं आंकते। इसका खुलासा नगर निगम की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था से हुआ जिसमें पालतू कुत्तों को पंजीकृत कराना आवश्यक है।

दरअसल, शहर में पालतू कुत्तों के पंजीकरण को लेकर नगर निगम की ऑनलाइन व्यवस्था उम्मीद के मुताबिक रफ्तार नहीं पकड़ सकी, लेकिन इसके बावजूद हाल के दिनों में पंजीकरण संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खास बात यह है कि प्रतिबंधित ब्रीड के कुत्तों का भी पंजीकरण किया जा रहा है। नगर निगम की ओर से पिछले साल ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया था। इसका मकसद था कि अधिक से अधिक लोग अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण आसानी से करा सकें।

शुरुआत में उम्मीद जताई गई थी कि डिजिटल सुविधा से बड़ी संख्या में शहरवासी अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण कराएंगे, लेकिन निगम के आंकड़े बताते हैं कि यह लक्ष्य पूरी तरह हासिल नहीं हो सका।

इसके अलावा 32 पंजीकरण नवीनीकरण के लिए भी आवेदन किए गए हैं। नगर निगम के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तोलिया ने स्पष्ट कहा कि प्रतिबंधित ब्रीड के कुत्तों को पालना गलत है और इससे सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा हो सकता है। उन्होंने बताया कि निगम के पोर्टल में सभी ब्रीड के लिए विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि प्रतिबंधित कुत्तों को वैध माना जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रतिबंधित ब्रीड का कुत्ता किसी को काटता है, तो संबंधित मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अन्य पालतू जानवरों के काटने की स्थिति में मालिक से जुर्माना वसूला जाता है।

### 2018 में शुरू हुआ था मैनुअल पंजीकरण

नगर निगम में पालतू कुत्तों के पंजीकरण की मैनुअल प्रक्रिया 2018 में शुरू हुई थी, जिसमें सभी शहरवासियों को अपने पालतू कुत्तों व अन्य जानवरों का पंजीकरण करना अनिवार्य था। जागरुकता के अभाव में लंबे समय तक लोगों ने पंजीकरण नहीं कराया। निगम ने जब पिछले साल पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया था, तो उस समय मात्र 300 कुत्तों का पंजीकरण निगम में हुआ था।

### प्रतिबंधित ब्रीड पालना नियमों के विरुद्ध

निगम के ताजा आंकड़ों के अनुसार अब तक कुल 2856 पालतू कुत्तों का पंजीकरण किया जा चुका है। इनमें 57 कुत्ते ऐसे हैं जो प्रतिबंधित ब्रीड की श्रेणी में आते हैं। इन ब्रीड में पिटबुल, रॉटव्हीलर, वूल्फ डॉग्स, केन कॉर्सो और टोसा इनू जैसे कुत्ते शामिल हैं, जिन्हें भारत में पालना नियमों के विरुद्ध माना जाता है।

### आए दिन होती हैं कुत्तों के काटने की घटनाएं

शहर में आए दिन कुत्तों के काटने के मामले सामने आते हैं। बीते महीनों में भी शहर में कई जगह घटनाएं हुईं। मल्ली बमौरी में कुत्तों ने एक के बाद एक कई लोगों को काटकर घायल कर दिया था। इसके अलावा दमुवाढूंगा सहित कई अन्य जगह इस तरह के मामले देखने को मिले।

# नो एंट्री पर 75 वाहनों का चालान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमों ने नो-एंट्री समय में शहर में प्रवेश कर रहे भारी वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 75 डंपर और ट्रैक्टरों के चालान किए गए, जबकि नियमों का गंभीर उल्लंघन करने वाले 10 वाहनों को सीज कर दिया गया।

आरटीओ अरविंद पांडेय के नेतृत्व में पांच अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने शहर के प्रमुख और संवेदनशील मार्गों कालाढूंगी रोड, काठगोदाम, गौलापार, बरेली रोड, रामपुर रोड और हाइडिल चौराहे पर एक साथ सघन चेकिंग की। इसके तहत कालाढूंगी रोड पर अनुभा आर्य और अपराजिता पांडे की टीम ने कई भारी वाहनों को रोका और दस्तावेजों की जांच की। काठगोदाम और गौलापार मार्ग पर पवन कुमार की टीम ने नो-एंट्री समय में चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर कार्रवाई की। बरेली रोड और रामपुर रोड पर जितेंद्र सांगवान की टीम ने नियम तोड़ने वाले डंपरों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की, जबकि हाइडिल चौराहे पर एसआई नंदन की टीम ने निगरानी रखते हुए कई वाहनों को पकड़ा। अधिकांश वाहन निर्धारित नो-एंट्री में प्रवेश कर रहे थे, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। कई वाहनों के पास वैध परमिट या अन्य आवश्यक दस्तावेज भी नहीं पाए गए, जिसके चलते सख्त कार्रवाई की गई। आरटीओ पांडेय ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।




प्रतीकात्मक एआई जेनरेटेड।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# करनपुर में 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

## बिजली की लाइन से निकली चिंगारी बनी वजह, पीड़ित किसान के अनुसार एक दिन पहले ही उन्होंने बिजली विभाग को दी थी समस्या की जानकारी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** करनपुर क्षेत्र में आग लगने से एक किसान की करीब 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

ग्रामीणों के मुताबिक आग लगने की वजह बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। पीड़ित किसान किशन कुमार का कहना है कि एक दिन पहले ही उन्होंने बिजली विभाग को इस समस्या की जानकारी दी थी, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। सोमवार सुबह 11 हजार वोल्ट की लाइन में जंपर फटने से चिंगारी निकली और उसी चिंगारी से खेतों में आग लग गई।

किसान के अनुसार, महज एक मिनट के भीतर पूरी फसल जलकर राख हो गई। आग लगते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी की बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ लोगों ने ट्रैक्टर चलाकर आग को रोकने की कोशिश भी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और पूरी फसल जल चुकी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद न तो अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचा और न ही कोई अन्य जिम्मेदार अधिकारी समय पर आया। पीड़ित किसान किशन शर्मा और धर्मवीर शर्मा ने बताया कि इस आग से उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है और उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। वहीं, काफी देर बाद मौके पर पहुंचे पटवारी ने निरीक्षण किया। वहीं पटवारी निर्मला गैड़ा ने बताया कि किसान की काफी फसल जल गई है। मौके का मुआयना कर मुआवजा दिलाने के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है।


आग बुझाते स्थानीय ग्रामीण एवं लोग। ● अमृत विचार


कैंट क्षेत्र के जंगल मे लगी आग। ● अमृत विचार

# 30 घंटे से धधक रहा गेठिया-अलूखेत का जंगल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** जिले में बढ़ती गर्मी और हीट वेव के असर के बीच जंगलों में आग की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं। गेठिया-अलूखेत क्षेत्र के जंगल में लगी आग अब विकराल रूप ले चुकी है और बीते करीब 30 घंटों से लगातार धधक रही है।

आग दो अलग-अलग स्थानों से शुरू होकर बड़े इलाके में फैल गई, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है।रविवार सुबह गेठिया क्षेत्र में पायलेट बाबा आश्रम के पास और उससे करीब एक किलोमीटर आगे जंगल में आग लगी थी। शुरुआत में स्थानीय लोगों और वन विभाग ने मिलकर आबादी क्षेत्र की ओर बढ़ रही आग पर किसी तरह काबू पा लिया, लेकिन दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र और सूखी वनस्पति के चलते जंगल के भीतर आग तेजी से फैलती चली गई।

हीट वेव के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी और नमी की कमी ने आग को और भड़काने का काम किया है। तेज धूप और सूखी हवाओं के चलते आग बुझाने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। क्षेत्र में लगातार धुएं का गुबार छाया हुआ है, जिससे आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है। आग बुझाने के लिए वन विभाग की टीमों के साथ एसडीआरएफ और दमकल विभाग भी मौके पर तैनात हैं। करीब 30 से अधिक फायर वाचर और कर्मचारी व ग्रामीण लगातार फायर लाइन बनाकर आग को आगे फैलने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं खुर्पाताल के समीपवर्ती जगुड़ा गांव के समीप रविवार देर शाम लगी आग आवासीय क्षेत्र तक पहुंच गई। जिसको ग्रामीणों ने बुझाया। जबकि सोमवार को एरीज के समीप लगी आग को वन विभाग की टीम ने रिहायसी क्षेत्र व हनुमानगढ़ मंदिर की ओर जाने से रोका। लगातार जंगलों में लग आग की घटना ने वन विभाग के नाख में दम कर दिया है। एसडीओ ममता चंद ने बताया कि आबादी क्षेत्र को फिलहाल सुरक्षित कर लिया गया है, लेकिन जंगल के भीतर लगी आग पर पूरी तरह काबू पाने में समय लग रहा है। टीम प्रयास कर रही है। हालात पर नजर रखी जा रही है।

## बीडी पांडे अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

**नैनीतालः** रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को बीडी पांडे जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई। सुबह से ही पर्ची काउंटर, दवा वितरण केंद्र और ओपीडी कक्षों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिलीं, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाएं कुछ समय के लिए दबाव में नजर आईं।सोमवार को दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों को पंजीकरण और उपचार के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा।

अस्पताल में बढ़ती भीड़ के कारण जांच इकाइयों और दवा काउंटर पर भी अतिरिक्त दबाव बना रहा। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए मरीजों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि मौसम में बदलाव के चलते मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सोमवार को अस्पताल में कुल 523 मरीजों की ओपीडी दर्ज की गई। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने और बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील की। डॉ. टम्टा ने बताया कि बढ़ती मरीज संख्या को देखते हुए चिकित्सकों और स्टाफ को अतिरिक्त सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

# उत्तराखंड बोर्ड का रिजल्ट 25 अप्रैल को होगा घोषित

संवाददाता, रामनगर

● 2 लाख से ज्यादा छात्रों का इंतजार खत्म

**अमृत विचारः** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम 25 अप्रैल को प्रातः 10 बजे बोर्ड सभागार में घोषित करने का निर्णय लिया है। शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत और माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल सती की मौजूदगी में परिणाम जारी किया जाएगा।

उत्तराखंड बोर्ड के सचिव विनोद कुमार सिमल्टी ने बताया कि इस बार परीक्षा प्रक्रिया समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरी की गई। खास बात यह रही कि पहली बार आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से कराई गई, जिससे छात्रों को काफी सहूलियत मिली। उत्तराखंड बोर्ड के सचिव विनोद कुमार सिमल्टी ने बताया कि इस बार परीक्षा प्रक्रिया समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरी की गई। खास बात यह रही कि पहली बार आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से कराई गई, जिससे छात्रों को काफी सहूलियत मिली, उन्होंने कहा अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो इस साल हाईस्कूल में 1 लाख 12 हजार 266 और इंटरमीडिएट में 1 लाख 2 हजार 986 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। इस तरह कुल 2 लाख 15 हजार 252 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी है, जो अपने परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बार छात्रों की सुविधा के लिए नई व्यवस्था भी लागू की गई है, जिसमें सभी स्कूलों को अलग-अलग पोर्टल और पासवर्ड दिए जाएंगे, ताकि छात्र स्कूल में ही रिजल्ट देख सकें। बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर भी परिणाम उपलब्ध रहेगा। छात्र www.ubse.uk.gov.in पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

# भीमताल में उत्पीड़न के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** महिलाओं और युवतियों के उत्पीड़न के आरोपी मुहम्मद युनुस उर्फ बॉबी (एमडी) के खिलाफ सोमवार को लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। मातृशक्ति, युवा शक्ति और व्यापारियों ने रामलीला ग्राउंड से पुलिस थाने तक आक्रोश रैली निकालकर आरोपी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। वहीं थाने में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बुधवार तक आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

प्रदर्शन में व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी और भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। मामले को उजागर करने वाले प्रिंस खनाया द्वारा पीड़ितों के बयान पुलिस तक पहुंचाने के प्रयासों की भी सराहना की गई। पुलिस प्रशासन और सीओ ने आश्वासन दिया कि पीड़ितों के बयान मिलते ही तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी की तलाश, मोबाइल नंबर ट्रेसिंग करने के साथ ही मामले की गहन जांच जारी है। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी द्वारा किए गए कथित अवैध अतिक्रमण को हटाने तथा पीड़ित महिलाओं से लिये गए रुपये वापस दिलाने की भी मांग उठाई। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी, भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी भगत जोशी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पारस चंद्र, गौतम मटयाली, शरद पांडे, एडवोकेट सुनीता पांडे, ग्राम प्रधान प्रेम कुलयाल, सभासद सिप्रा जोशी, शुभम नैनवाल, कमल देवका, जितेंद्र चनौतिया, महेश चंद्र जोशी, नीमा नेगी, कुलदीप बोहरा, चंद्रशेखर गिरी और मदन गिरी आदि मौजूद थे।


भीमताल में सोमवार को आक्रोश रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार


मदरसन फैक्ट्री के मुख्य द्वार के समक्ष प्रदर्शन में मौजूद कर्मचारी।

## लालकुआं में मदरसन कंपनी में कर्मचारियों का प्रदर्शन

**लालकुआं :** मोटाहल्दू क्षेत्र स्थित मदरसन कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर फैक्ट्री गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह से ही सैकड़ों कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। सुबह शुरू हुई वार्ता दोपहर तक चली जो बेनतीजा रही। इस मौके पर एसपी सिटी मनोज कत्याल, उप जिलाधिकारी लालकुआं रेखा कोहली, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन सिंह राणा, क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने मदरसन फैक्ट्री के प्रबंधन और कर्मचारियों की वार्ता कराने के कई प्रयास किये, परंतु कुछ कर्मचारी विधायक डॉ. मोहन बिष्ट के समक्ष ही नारेबाजी करते हुए आंदोलन करने पर अड़ गए। छात्र नेता आशीष कबडवाल व पीयूष जोशी को पुलिस ने हिरासत में लेकर हल्दूचौड़ पुलिस चौकी पहुंचाया, जहां से बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। इधर मदरसन फैक्ट्री के एचआर हेड सुभाष तिवारी ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा जो 14 सूत्रीय मांगे उनके समक्ष रखी थी उनमें से 12 मांगे कर्मचारियों से हुई वार्ता के बाद मान ली गई हैं। जिसके बाद काफी संख्या में कर्मचारी ड्यूटी में लौट आए। उन्होंने बताया कि वेतन संबंधी मामले में फैक्ट्री प्रबंधन का स्पष्ट कहना है कि उनके द्वारा शासनादेश के अनुरूप कर्मचारियों को वेतन दिया जा रहा है।

## संतोष पांडे कालाढूंगी ब्लॉक के अध्यक्ष बने



**कालाढूंगी :** कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की सहमति और प्रदेश नेतृत्व की स्वीकृति के बाद कालाढूंगी संगठनात्मक ब्लॉक के अध्यक्ष पद पर संतोष पांडे के मनोनीत होने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पांडे ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव प्रकाश जोशी तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राहुल छिम्वाल की संयुक्त अनुशंसा पर उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उस पर वे खरा उतरते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व सीएम हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश नैनवाल, दीपचंद सती, जीवन लाल वर्मा, राजकुमार पांडे, प्रताप बिष्ट, रामदत्त रखोलिया, कैप्टन बालादत्त, महेश भट्ट, मोहम्मद मेहताब आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# लॉ कालेज के स्थानांतरण के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** डॉ. राजेंद्र प्रसाद विधि संस्थान को नैनीताल से भीमताल स्थानांतरित करने के प्रस्ताव के विरोध में सोमवार को छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने नारेबाजी करते हुए कुलपति प्रो. डीएस रावत को ज्ञापन सौंपकर प्रस्ताव पर पुनर्विचार की मांग की। छात्रों का कहना है कि प्रवेश के समय संस्थान के स्थानांतरण की किसी भी योजना की जानकारी उन्हें नहीं दी गई थी। उन्होंने बताया कि नैनीताल में संस्थान होने से हाईकोर्ट और जिला न्यायालय की निकटता का उन्हें सीधा लाभ मिलता है। इससे वे कोर्ट की कार्यवाही को समझ पाते हैं, अधिवक्ताओं से संवाद कर पाते हैं और इंटर्नशिप के बेहतर अवसर भी प्राप्त होते हैं। छात्रों ने आशंका जताई कि भीमताल स्थानांतरण होने पर ये सभी शैक्षणिक सुविधाएं प्रभावित होंगी। साथ ही परिवहन, आवास और अन्य खर्चों का अतिरिक्त बोझ भी बढ़ेगा, जिससे कई छात्रों के सामने पढ़ाई जारी रखना मुश्किल हो सकता है। इस दौरान कुछ छात्रों ने तो पाठ्यक्रम छोड़ने तक की बात कही। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो वे इस मामले में कानूनी कदम उठाने को बाध्य होंगे। इस दौरान काजल बिष्ट, शिवेश कुमार, चेतन बिष्ट, काव्यांश सहित कई छात्र मौजूद रहे।

## शनि मंदिर के व्यवस्थापक ने लौटाया पर्यटक का खोया बैग

**नैनीताल :** पर्यटन नगरी में ईमानदारी की एक मिसाल सामने आई है। रविवार रात शनि मंदिर के समीप स्थित ग्लास हाउस में एक पर्यटक का बैग छूट गया, जिसे मंदिर के व्यवस्थापक ने सुरक्षित रखते हुए उसके मालिक को लौटा दिया। जानकारी के अनुसार, बीती देर सायं शनि मंदिर के व्यवस्थापक हेम जोशी को मंदिर के समीप ग्लास हाउस के पास एक संदिग्ध बैग मिला। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद बैग की जांच करने पर उसमें जरूरी दस्तावेज, सामान और नकदी मिली। हेम जोशी ने बैग को अपने पास सुरक्षित रख लिया। कुछ देर बाद एक युवक वहां पहुंचा, जो काफी परेशान दिखाई दे रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि उसका बैग कहीं गुम हो गया है। पहचान और पुष्टि के बाद हेम जोशी ने बैग यूपी के शाहजहांपुर निवासी सक्षम प्रताप सिंह को सौंप दिया। अपना बैग सुरक्षित वापस पाकर पर्यटक ने राहत की सांस ली और व्यवस्थापक का आभार जताते हुए गंतव्य के लिए रवाना हुआ।

# अधिवक्ताओं का विरोध व कोर्ट का बहिष्कार जारी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं और प्रथम अपर जिला जज (विशेष न्यायाधीश/एनडीपीएस) के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को भी अधिवक्ताओं ने संबंधित न्यायालय का बहिष्कार किया और न्यायिक कार्यों से विरत रहे मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला जज ने अधिवक्ताओं की समस्याएं सुनने की बात कही है।

इस संबंध में मंगलवार को जिला बार सभागार में अधिवक्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें जिला जज ने भी शामिल होने की सहमति जताई है। वार्ता के बाद आगे की रणनीति पर निर्णय लिया जाएगा। इधर अधिवक्ता भानु प्रताप मौनी की माता रुक्मणी मौनी (67) के निधन से अधिवक्ता समुदाय में शोक की लहर रही। अधिवक्ताओं ने शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक के कारण अधिवक्ता पूरे दिन न्यायिक कार्यों से विरत रहे। बार अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट ने स्पष्ट कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं बार सचिव संजय सुयाल ने चेतावनी दी कि यदि मंगलवार को होने वाली वार्ता में समाधान नहीं निकलता है तो मामले में उच्च न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

## मुख्य मार्ग की बदहाली पर व्यापार मंडल ने खोला मोर्चा

**लालकुआं :** बिंदुखत्ता क्षेत्र के मुख्य मार्ग की बदहाल स्थिति, जल निकासी व्यवस्था की कमी और सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रभात पाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत, नियमित पानी का छिड़काव, उचित जल निकासी व्यवस्था और मार्ग का चौड़ीकरण नहीं किया गया तो क्षेत्र में जन आंदोलन तेज किया जाएगा। कार रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रभात पाल ने बताया कि क्षेत्र की सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है, जिससे व्यापारियों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धूल और गंदगी के कारण लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। साथ ही, जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण सड़कों पर पानी जमा हो जाता है, जिससे आवागमन बाधित होता है। गोला नदी मुख्य मार्ग की फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण गौलारोड मुख्य मार्ग संकरी गली में तब्दील हो गया है।

आयोजन | ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में खेल, संस्कृति और नवाचार का भव्य संगम

# ग्राफिक एरा में स्पोर्ट्स और टेक्नोलॉजी का उत्सव

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर सोमवार को ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता से सराबोर नजर आया, जब परिसर में बास्केटबॉल, क्रिकेट एवं वॉलीबॉल कैंपस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। पांच दिवसीय 3डी प्रिंटिंग कार्यशाला का भी शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में केंद्रीय टूल रूम एवं ट्रेनिंग सेंटर, भुवनेश्वर (एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार) से आए विशेषज्ञ निर्मल कुमार साहू ने विद्यार्थियों को 3डी प्रिंटिंग की आधुनिक तकनीकों, प्रोटोटाइपिंग तथा चिकित्सा एवं निर्माण क्षेत्र में इसके उपयोगों की जानकारी दी। उन्होंने एफडीएम, एसएलए, डीएलपी और एसएलएस तकनीकों से भी परिचित कराया। विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के विशेषज्ञ अविक अग्रवाल, देवेश तुलश्यन एवं मयंक के. ने एक इंटरैक्टिव सत्र लिया। उन्होंने एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा इंजीनियरिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में अवसरों पर प्रकाश डालते हुए प्रायोगिक कौशल, प्रोजेक्ट्स और हैकाथॉन के महत्व को बताया। रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित क्रिएटिव फोटोग्राफी कार्यशाला में प्रोफेशनल फोटोग्राफी मेंटर वीरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को डीएसएलआर कैमरा संचालन, कंपोजिशन, पर्सपेक्टिव, नाइट फोटोग्राफी और पैनोरमा तकनीकों की जानकारी दी। सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने देवभूमेः दिव्यदर्शनम् नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से उत्तराखंड की देव संस्कृति को जीवंत कर दिया। कुमाऊं के लोक देवताओं गोल्ज्यू देवता, गंगनाथ देवता और नंदा देवी पर आधारित नृत्य-नाटिका ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेल, संस्कृति व ज्ञान का यह अनूठा संगम ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहां युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।


ग्राफिक एरा में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

## चोरी की बाइक के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**रामनगर :** पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सौम्य प्रकाश विद्यार्थी पुत्र ब्रह्म प्रकाश, निवासी ग्राम छोई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 17 अप्रैल को उसकी बाइक चोरी हो गई थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाल सुशील कुमार के अनुसार जांच के दौरान पुलिस ने मयंक चौधरी पुत्र संजय चौधरी, दिव्यांशु आर्या पुत्र नन्द किशोर, विमल कुमार पुत्र दिनेश चन्द्र और योगेश कुमार पुत्र प्रकाश चन्द्र, सभी निवासी छोई रामनगर को चोरपानी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद कर ली है। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। टीम में एसआई जोगा सिंह, हेड कांस्टेबल नवीन पाण्डे, कां. अमित कुमार व कमल सिंह रहे।


फल विक्रेता से रेट की जानकारी लेता सचल दल। ● अमृत विचार

## मंडी सचिव ने फल-सब्जी के दाम जांचे

**रामनगर :** कृषि उत्पादन मंडी समिति की ओर से महंगे दामों पर फल-सब्जी बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। सचल दल ने भवानीगंज, रानीखेत रोड और लखनपुर क्षेत्रों में दुकानों पर जाकर दामों का आकलन किया और मनमानी कीमत वसूलने वालों को फटकार लगाई। मंडी सचिव सहील अहमद ने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हाल ही में 22 फुटकर लाइसेंस जारी किए गए हैं और बिना लाइसेंस बिक्री पर रोक के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आम लोगों के लिए अपना मोबाइल नंबर-6397249072 जारी करते हुए अधिक दाम वसूलने पर सीधे शिकायत करने की अपील की।

## सिटी ब्रीफ

### प्राध्यापकों के सात पदों पर मिली मंजूरी

**नैनीताल :** कुमाऊं विवि में लंबे समय से लंबित प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया अब रफ्तार पकड़ने लगी है। सोमवार को कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्य परिषद की बैठक में सात शिक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी गई। विवि प्रशासन के अनुसार, विभिन्न विभागों में कुल 35 रिक्त पदों को भरने का लक्ष्य रखा गया था। चयनित अभ्यर्थियों में फार्मेसी विभाग में डॉ. ब्रह्म प्रसाद दत्ता, भूगोल विभाग में डॉ. मीनू रानी और कंप्यूटर साइंस विभाग में डॉ. रमेश बेलवाल को एसोसिएट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति दी गई है। वहीं हिंदी विभाग में प्रो. प्रीति आर्या और समाजशास्त्र विभाग में प्रो. दीपक पालीवाल को प्रोफेसर पद पर नियुक्त किया गया है।

**सूरज की तपिश बनी बेरहम, 39 डिग्री पर जाकर टिका पारा, मैदान ही नहीं पहाड़ भी गर्म, एक सप्ताह तक कोई राहत नहीं**   हल्द्वानी@ 39°

# गर्मी से बेहाल हल्द्वानी की उफ !

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। दोपहर के समय तपिश बढ़ती जा रही है। जिस वजह से लोगों को घर से निकलने में भी दिक्कत हो रही है। गर्म हवा के थपेड़े भी चल रहे हैं। अगले एक सप्ताह तक गर्मी से कोई भी राहत मिलने के आसार नहीं है।

पूर्वान्ह के समय गर्मी का असर बढ़ने लगा है। दोपहर के समय चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है। लोगों के घर से बाहर सिर ढककर निकलना पड़ रहा है। अप्रैल में अभी से ही इतनी गर्मी पड़ने लगी है।

सोमवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक रहा। रात को पारा 15.5 डिग्री रहा। रात के समय गर्मी से थोड़ी राहत मिल रही है। ऐसा नहीं है कि केवल मैदानी इलाके ही गर्म हैं। मुक्तेश्वर में अभी से पारा 28.1 डिग्री तक पहुंच गया है। यह सामान्य से करीब छह डिग्री ज्यादा तापमान है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 25 अप्रैल को हल्का पश्चिमी विक्षोभ छा सकता है लेकिन बारिश होने के आसार नहीं है।

**हल्द्वानी में यूं चढ़ रहा है पारा**

14 अप्रैल-36 डिग्री
15 अप्रैल-36.5 डिग्री
16 अप्रैल-37.9 डिग्री
17 अप्रैल-36.6 डिग्री
18 अप्रैल-39.2 डिग्री
19 अप्रैल-39.4 डिग्री
20 अप्रैल- 39.0 डिग्री










सोमवार को तेज धूप के बीच मुखानी चौराहा पर यातायात पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद दिखी। अब गर्मी हो या तपिश रोजमर्रा के कमाने-खाने वालों को तो निकलना ही है। वहीं गृहणियां भी छाता लगाकर आवश्यक कामकाज निपटा रहीं हैं। इसी दौरान स्कूल से घर तक पहुंचाने से पहले एक पिता बच्चों को जूस पिलाना नहीं भूले। ● अमृत विचार

### शीतल पेय से गला तर कर रहे लोग, बिक्री बढ़ी

**हल्द्वानी :** गर्मी बढ़ने के साथ ही शीतल पेय और छाछ आदि की बिक्री में उछाल आया है। दुकानदार देवेंद्र ने बताया कि प्रचलित कोल्ड ड्रिंक का अब उतना क्रेज नहीं दिखता और लोग अब छांछ, नींबू जीरा पेय आदि पसंद करते हैं। इधर आइसक्रीम की बिक्री में भी काफी उछाल देखने में आया है।

# बिजली की आंखमिचौली जारी, झुंझला रहे हल्द्वानीवासी

**बिजली गुल-जनता परेशान, व्यवस्था पर सवाल, पिटकुल की रोस्टरिंग से प्रभावित हुई सप्लाई, बिजली मांग बढ़ी तो सिस्टम फेल**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, वैसे-वैसे बिजली की मांग भी बढ़ रही है, लेकिन आपूर्ति व्यवस्था इस दबाव को संभालने में असफल साबित हो रही है। इसी के चलते नैनीताल जिले में अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं और बिजली व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

बता दें कि रविवार व शनिवार देर रात पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) की ओर लगभग दो घंटे तक की गई आपूर्ति बंदी के चलते नैनीताल जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बिजलीघर ठप हो गए। इससे पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया और गर्मी के बीच लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, इससे पहले गुरुवार रात 10:45 बजे बिजली की मांग और सप्लाई में बड़ा अंतर आने के बाद स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी), देहरादून के निर्देश पर पिटकुल ने आपूर्ति रोक दी थी। यह कटौती करीब दो घंटे तक जारी रही, जिसके बाद 12:38 बजे बिजली बहाल की गई।

लगातार हो रही इस तरह की अघोषित कटौतियों ने आने वाले मई और जून की भीषण गर्मी में स्थिति और खराब होने की आशंका पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के हो रही बिजली कटौती से न सिर्फ घरेलू जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है।




### समय रहते व्यवस्था मजबूत क्यों नहीं की?

लोगों ने सवाल उठाया है कि जब गर्मी में मांग बढ़ना पहले से अनुमानित है, तो आपूर्ति व्यवस्था पहले से मजबूत क्यों नहीं की गई? उधर, पिटकुल के अधिशासी अभियंता पंकज आर्या ने बताया कि लोड संतुलन बनाए रखने के लिए एसएलडीसी के निर्देश पर कंट्रोल रोस्टरिंग की गई थी और स्थिति सामान्य होते ही आपूर्ति बहाल कर दी गई। हालांकि, उपभोक्ताओं का कहना है कि बार-बार होने वाली ऐसी कटौतियां अब नियंत्रित व्यवस्था नहीं बल्कि अव्यवस्थित बिजली प्रबंधन का संकेत देती हैं, जिस पर प्रशासन और ऊर्जा विभाग को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। गर्मी के बढ़ते तापमान के बीच बिजली संकट ने यह साफ कर दिया है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में जनता का आक्रोश और बढ़ सकता है।

### बोले- लोग

बिना किसी सूचना के रात में बिजली चली जाती है तो घर का पूरा काम रुक जाता है। गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। विभाग को पहले से व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि ऐसी अघोषित कटौती न हो। **- कमला देवी**, स्थानीय निवासी

दुकान और कारोबार बिजली पर ही निर्भर है। बार-बार कटौती से न सिर्फ बिक्री प्रभावित हो रही है बल्कि मशीनें और इलेक्ट्रॉनिक सामान भी खराब होने का डर रहता है। यह अब सामान्य समस्या नहीं रह गई है, बल्कि लापरवाही साफ दिख रही है। **- दीपक साह**, स्थानीय व्यापारी

परीक्षा की तैयारी चल रही है, लेकिन रात में बिजली कटने से पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो जाती है। गर्मी में बिना पंखे के बैठना भी मुश्किल हो जाता है। अगर यही स्थिति रही तो पढ़ाई पर बहुत असर पड़ेगा। **- रजत मेहता**, स्थानीय छात्र

इस उमस भरी गर्मी में बिजली गुल होना सबसे बड़ी समस्या बन गया है। उम्र ज्यादा होने के कारण गर्मी सहन नहीं होती। बार-बार कटौती से स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है और रातों की नींद खराब हो रही है। **- गोपाल सिंह**, स्थानीय निवासी

# गांव से लेकर शहर तक पानी को भी हाहाकार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति से जुड़े कई नलकूप खराब पड़े हैं, जिससे किसानों और आम जनता दोनों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लामाचौड़ क्षेत्र में तीन, गौलापार में तीन व बरेली रोड क्षेत्र में दो सिंचाई नलकूप खराब पड़े हैं।

इन नलकूपों के लंबे समय से बंद रहने के कारण खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और कृषि कार्यों पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर घुनी नंबर दो, खड़कपुर ईसाईनगर, गुजरौड़ा, देवपुर, देवला तल्ला और पदमपुर रैकुनी सहित कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति वाले नलकूप खराब हो गए हैं। इन नलकूपों से घरों में पानी की सप्लाई की जाती है, जिससे स्थानीय लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह रामणी जसुवा क्षेत्र में एक सिंचाई नलकूप के साथ-साथ जल निगम का एक पेयजल नलकूप भी खराब स्थिति में है, जिससे सिंचाई और घरेलू जलापूर्ति दोनों प्रभावित हैं।

**● नलकूप खराब सिंचाई व पेयजल आपूर्ति प्रभावित**

भगवानपुर में भी नलकूप खराब होने से जनता पानी की आपूर्ति के लिए परेशान है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद नलकूपों की मरम्मत में देरी की जा रही है, जिससे गर्मी के मौसम में समस्या और गंभीर हो गई महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी खराब नलकूपों की तत्काल मरम्मत कर सिंचाई और पेयजल आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारू किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# 1.88 करोड़ से 16 कॉलोनियों को मिलेगी जलभराव से मुक्ति

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गैरवैशाली क्षेत्र की 16 कॉलोनियों में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से राहत मिलने जा रही है। वन चौकी से बरसाती नाले के डायवर्जन कार्य का दूसरा चरण मंगलवार से शुरू किया जाएगा। अधिशासी अभियंता सिंचाई डीएस रावत ने सोमवार को प्रभावित क्षेत्रवासियों को यह जानकारी दी। 1.88 करोड़ रुपये की लागत से 196 मीटर लंबे नाले एवं डिसिल्टिंग टैंक का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य से क्षेत्र की 16 कॉलोनियों को बरसात में होने वाले जलभराव से निजात मिलने की उम्मीद है। इस परियोजना को लेकर पूर्व में क्षेत्रवासियों ने देवकीबिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में आंदोलन किया था। इसके बाद प्रशासन ने कार्ययोजना तैयार कर प्रथम चरण में 96.24 लाख रुपये की स्वीकृति दी थी, जिसके तहत 143 मीटर कार्य पूरा किया गया था। दूसरे चरण का कार्य बजट के अभाव में रुका हुआ था, जिसे क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत के प्रयासों और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की स्वीकृति के बाद 1.88 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया। सिंचाई विभाग के अनुसार निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज मंगलवार से कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। ईई डी.एस. रावत ने बताया कि जेई संजय जोशी और ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में 5 घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम की ओर से कठघरिया-चौफुला सड़क पर नहर कवरिंग कार्य के दौरान बिजली लाइनों के समीप पेड़ों की छंटाई के लिए शटडाउन लिया गया है। इसी क्रम में सोमवार को 33/11 केवी बिजलीघर कमलुवागांजा के फीडर हरिनगर से सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान 11 केवी फतेपुर, दमुवादुंगा नलकूप, बच्चीनगर ब्लॉक, बसानी, बिठौरिया और पीलीकोठी क्षेत्र में बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ा। ऊर्जा निगम के रोस्टर के अनुसार आज मंगलवार को भी कमलुवागांजा के फीडर कुसुमखेड़ा से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। ऊर्जा निगम के ग्रामीण ईई एसके गुप्ता ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# स्कूली बच्चों को बताया वनाग्नि का दुष्प्रभाव और रोकने के उपाय

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वनाग्नि एवं मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया। साथ ही दोनों घटनाओं पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया।

सोमवार को पूर्व रेंजर मदन सिंह बिष्ट ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्यात कोटाबाग में स्कूली बच्चों के साथ गोष्ठी की। उन्होंने छात्रों को वनों में लगने वाली आग के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वन में आग देखने पर उसकी सूचना समीपवर्ती वन चौकी में तुरंत दें और क्षेत्र वासियों की मदद से आग पर नियंत्रण करने की कोशिश करें। उन्होंने मानव वन्य जीव संघर्ष के बारे में छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि बच्चे गांवों में जाकर लोगों को प्रेरित करें कि जंगल में अकेले घास - लकड़ी लेने के लिए नहीं जाए।

साथ ही पौधारोपण, औषधि पौधों का आम जन मानस के लिए उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि तापमान में निरंतर वृद्धि के कारण वनों में आग की घटनाएं ना हो इस कारण वे भावी पीढ़ी को जागरूक कर रहे हैं। इस संगोष्ठी में पचास से अधिक छात्र छात्राओं के अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिभुवन पांडे, शिक्षक आनन्द बेलवाल, हेमलता लोहनी , गणेश बिष्ट,आभार पेटशाली आदि रहे।



स्कूली बच्चों के साथ पूर्व रेंजर मदन सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

# चार पाठ्यक्रमों के लिए बोर्ड बैठक का इंतजार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खेल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में खेल विश्वविद्यालय में चार नए कोर्स शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इनमें स्पोर्ट्स जर्नलिज्म, कोचिंग, स्पोर्ट्स साइंस और स्पोर्ट्स मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। इन कोर्सों के संचालन के लिए प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा, लेकिन अभी तक बैठक न होने के कारण प्रक्रिया लंबित बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, इन कोर्सों को शुरू करने से पहले कार्यपरिषद में संबंधित पदों का सृजन किया जाना आवश्यक है। प्राचार्य, प्रोफेसर और अन्य शिक्षकों के पद स्वीकृत होने के बाद ही पढ़ाई शुरू हो सकेगी। फिलहाल पद सृजन की प्रक्रिया भी बोर्ड की मंजूरी पर निर्भर है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद छात्रों को इन नए कोर्सों का लाभ मिलेगा और खेल के क्षेत्र में करियर के नए अवसर खुलेंगे। इससे खेल प्रतिभाओं को पेशेवर दिशा देने में भी मदद मिलेगी। अब विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों की निगाहें आगामी बोर्ड बैठक पर टिकी हैं, जिसके बाद ही इन कोर्सों को शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी।

प्रस्तावित चारों कोर्स खेल क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर खोलेंगे। कोर्स शुरू करने की पूरी तैयारी कर ली गई है और बोर्ड बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। बोर्ड की मंजूरी मिलते ही कार्यपरिषद में आवश्यक पदों का सृजन कर शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उम्मीद है कि सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर छात्रों को इन कोर्सों का लाभ दिया जाएगा, जिससे खेल शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। **-राशिदा सिद्दीकी**, खेल निदेशक

# नारी वंदन विधेयक रोक कर विपक्ष ने आधी आबादी से किया विश्वास घात

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** संसद में नारी शक्ति विधेयक पारित नहीं होने पर भाजपा सांसद व विधायक ने विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने देश भर की महिलाओं के साथ विश्वास घात किया है।

सोमवार को भाजपा कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में सांसद भट्ट ने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को विपक्ष की महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच एवं गलत रवैये की वजह से कानून का रूप नहीं नहीं मिल पाया। 170 करोड़ महिला शक्ति की उम्मीदों पर पानी फेरने का काम इंडी गठबंधन ने किया। यह गठबंधन अंग्रेजों की तरह फूट डालो और राज करो की नीति अपना रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस महिलाओं के कल्याण की बात करती है, जबकि दूसरी तरफ उनके कानूनी सशक्तिकरण को रोकने की कोशिश करती है। समाजवादी पार्टी और आरजेडी ने हमेशा महिलाओं को गाली देने का काम किया।

सांसद अजय भट्ट ने कहा कि महिलाओं को इसबार उम्मीद थी कि यह बिल पास हो जाएगा। कांग्रेस ने विपक्षी दलों के साथ मिलकर बहुत बड़ा पाप किया है। इस कानून का पारित नहीं होना सिर्फ एक विधेयक की हार नहीं बल्कि 70 करोड़ माताओं, बहनों और बेटियों के साथ विश्वास घात है। विधायक सरिता आर्य ने कहा कि विपक्ष ने सकारात्मक भूमिका निभाने के बजाय राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता दी और देशहित से ऊपर दलगत सोच को रखा। 18 अप्रैल को संविधान का 131वां संशोधन विधेयक का पारित न हो पाना इसी नकारात्मक और बाधक राजनीति का परिणाम है। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कल्पना बोरा, भूमिका गोयल, दीप्ति चुफाल आदि मौजूद रहे।



भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता करते सांसद अजय भट्ट व विधायक सरिता आर्य।

**कार्यक्रम** | **धरती मां ट्रस्ट के तत्वावधान में पर्यावरण स्वच्छ, देश स्वस्थ थीम पर क्रिकेट टूर्नामेंट एवं हस्तकला प्रतियोगिता का आयोजन**

# महिला क्रिकेट में डीएमटी फोर्स शशबनी की 23 रन से जीत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** धरती मां ट्रस्ट के तत्वावधान में पर्यावरण स्वच्छ, देश स्वस्थ थीम पर क्रिकेट टूर्नामेंट एवं हस्तकला प्रतियोगिता का आयोजन हिमगिरि स्टेडियम, शशबनी (लेटीबूंगा) में किया जा रहा है। इसी क्रम में महिलाओं का रोमांचक क्रिकेट मुकाबला डीएमटी फोर्स शशबनी और एनसीसी लेटीबूंगा के बीच खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए शशबनी टीम ने निर्धारित ओवरों में 116 रन बनाए। टीम की ओर से पलक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 38 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लेटीबूंगा की टीम 93 रन ही बना सकी और मुकाबला 23 रनों से गंवा बैठी। लेटीबूंगा की ओर से सपना ने सर्वाधिक 52 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। गेंदबाजी में शशबनी की ओर से पूजा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि तनु और निर्मला ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

प्रतियोगिता के अंत में धरती मां ट्रस्ट की ओर से दोनों ही टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजक बीएस बिष्ट ने बताया कि कार्यक्रम तीन मई तक चलेंगे। इसका मूल उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना। साथ ही महिलाओं में स्वरोजगार की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंदन सिंह लोधियाल (यूकेडी महामंत्री व सामाजिक कार्यकर्ता), कुंदन सिंह बिष्ट रहे।




जिला स्तरीय नेशनल चैंपियनशिप में खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर

### खो-खो में वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बना जिला चैंपियन

**हल्द्वानी :** नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 18 व19 अप्रैल को हल्द्वानी में जिला स्तरीय नेशनल चैंपियनशिप का समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 25 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक जीते। खास तौर पर खो-खो प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर निदेशक डॉ. विकल बवाड़ी व डॉ. भावना बवाड़ी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इसी तरह मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहें और खेलों में नए आयाम स्थापित करें। विद्यालय में आयोजित सभा के दौरान सभी विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कोच विवेक और ईशु, वाइस प्रिंसिपल विजय जोशी, स्कूल कोऑर्डिनेटर मंजू थापा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**नैनीताल:** रामगढ़ ब्लॉक के नथुवाखान क्षेत्र में चेष्टा संस्था द्वारा जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किशोरियों और युवतियों के स्वास्थ्य एवं जागरूकता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

चेष्टा संस्था के कार्यक्रम अधिकारी मुकुल कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा क्षेत्र में किशोरियों और युवतियों के स्वास्थ्य को लेकर लगातार कार्य कर रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नथुवाखान की प्रभारी शिवानी भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ ब्लॉक की आरकेएस कोऑर्डिनेटर विमला ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में आशा फैसिलिटेटर गरिमा, सामाजिक कार्यकर्ता मंजू डालाकोटी, कंचन बिष्ट, ममता बिष्ट, तुलसी, चित्रा, रिंकू, नीतू रहे।

# अक्षय तृतीया पर दिखा सेवा का अनोखा संगम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शहर में सोमवार को सेवा और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर एमबीपीजी कॉलेज, मुखानी, नैनीताल रोड और मंगल पड़ाव सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही इन स्थानों पर भंडारों के स्टाल सजाए गए थे। आयोजकों की ओर से राहगीरों, जरूरतमंदों और आम नागरिकों के लिए पूरी-सब्जी और ठंडे जूस का वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत देने के लिए किए गए इस सेवा कार्य की आमजन ने सराहना की। भंडारों में दिनभर लोगों की भीड़ बनी रही और सेवा कार्य लगातार जारी रहा। अक्षय तृतीया हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ और पुण्यदायी पर्व माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन किए गए दान, पुण्य और सेवा कार्यों का फल अक्षय होता है, यानी उसका कभी क्षय नहीं होता। इसी मान्यता के चलते इस दिन लोग अधिक से अधिक दान-पुण्य और सामाजिक सेवा कार्यों में भाग लेते हैं। एमबीपीजी कॉलेज, मुखानी, नैनीताल रोड और मंगल पड़ाव जैसे प्रमुख स्थानों पर लगे भंडारों में स्थानीय लोगों के साथ-साथ विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# मौत के 'यू-टर्न' ने बुझा दिए तीन घरों के चिराग

## मौत के खौफनाक पल तक साथ रहे जिगरी यार, डेढ़ साल पहले तीनों दोस्त रहते थे एक साथ, गहरी दोस्ती का दर्दनाक अंत

हादसा

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना पंतनगर क्षेत्र के संजय वन के समीप रविवार रात हुआ सड़क हादसा महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि तीन परिवारों की उम्मीदों का खात्मा था। करीब डेढ़ साल पहले आईटीआई और पॉलिटेक्निक के दौरान शुरू हुई इन तीनों की दोस्ती मिसाल थी। रविवार रात सवा 11 बजे तीनों नैनीताल फ्लाईओवर तक पहुंच चुके थे, लेकिन तभी अचानक उन्होंने दोबारा हल्द्वानी जाने का फैसला किया। नियति का यह ''यू-टर्न'' उनके लिए काल बन गया। संजय वन से आगे निकलते ही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें रौंद दिया।

मृतक दोस्तों की पहचान आकाश कश्यप (निवासी सिविल लाइन, रामपुर), अनिकेत कश्यप (निवासी जसपुर) और रोहन कश्यप (निवासी रुड़की, हरिद्वार) के रूप में हुई है। इन तीनों की दोस्ती करीब डेढ़ साल पहले शुरू हुई थी।

रोहन और आकाश ने साथ में आईटीआई की थी, जबकि अनिकेत पॉलिटेक्निक के बाद सिडकुल की एक नामी ऑटो कंपनी में कार्यरत था। हालांकि नौकरी के सिलसिले में तीनों के रास्ते अलग-अलग शहरों (नोएडा और सिडकुल) की ओर मुड़ गए थे, लेकिन उनके दिलों की दूरी कभी नहीं बढ़ी। रविवार को तीनों दोस्त एक पुराने मित्र की शादी में शामिल होने के लिए रुद्रपुर में एकत्र हुए और स्कूटी पर सवार होकर हल्द्वानी के लिए निकले। शादी की खुशियां मनाकर रात करीब सवा 11 बजे वे नैनीताल फ्लाईओवर तक पहुंच चुके थे। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। अचानक उन्होंने दोबारा हल्द्वानी की ओर लौटने का मन बनाया और यही ''यू-टर्न'' उनकी मौत का कारण बन गया।


हादसे के बाद स्कॉर्पियो के नीचे फंसी स्कूटी। ● अमृत विचार

### युवकों को 50 मीटर तक घसीटती ले गई स्कॉर्पियो

रात के करीब 12 बजे थे, जब संजय वन से महज दो किलोमीटर आगे हाईवे पर पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मारी। चश्मदीदों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो चालक स्कूटी और युवकों को करीब 50 मीटर से अधिक दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। घटनास्थल पर चारों ओर खून बिखरा था, युवकों के जूते दूर-दूर तक छिटक गए थे और स्कूटी के परखच्चे उड़ चुके थे। आकाश झाड़ियों में तड़प रहा था, जबकि रोहन और अनिकेत हाईवे के बीचों-बीच खून से लथपथ पड़े थे।


अनिकेत (फाइल फोटो)।


आकाश (फाइल फोटो)।


रोहन (फाइल फोटो)।

### नशे में धुत था चालक, लहरा रही थी स्कॉर्पियो

घटना के समय वहां से गुजर रहे अन्य राहगीरों ने जब गाड़ी को रुकवाया, तो चौंकाने वाला सच सामने आया। स्कॉर्पियो की ड्राइविंग सीट पर बैठा युवक नशे में इस कदर धुत था कि उसे यह तक आभास नहीं था कि उसकी लापरवाही ने तीन युवकों की जान ले ली है। नशे के कारण स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर लहरा रही थी और गनीमत रही कि वह पेड़ से टकराने से बच गई, वरना हादसा और भी भयावह हो सकता था।

### रोहन पर थी पूरे परिवार की जिम्मेदारी

इस हादसे ने तीन परिवारों की रीढ़ तोड़ दी है। रोहन कश्यप पिता की मृत्यु के बाद अपने घर का इकलौता चिराग था और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। अनिकेत कश्यप घर का सबसे बड़ा बेटा था। हाल ही में उसकी बड़ी बहन का रिश्ता तय हुआ था, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित था। आकाश कश्यप भी अपने घर का बड़ा बेटा था और सिडकुल में मेहनत कर अपने माता-पिता के बुढ़ापे का सहारा बन रहा था।

### क्षतिग्रस्त स्कूटी और स्कॉर्पियो को कब्जे में लिया

थाना पंतनगर के प्रभारी नंदन सिंह रावत ने बताया कि पुलिस ने क्षतिग्रस्त स्कूटी और स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया है। मृतकों के परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है ताकि आरोपी चालक के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाकर उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस के बाहर परिजनों का विलाप देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं।

# तराई में 39 डिग्री के पार पहुंचा तापमान

- पिछले एक सप्ताह से तापमान में लगातार हो रही है वृद्धि
- मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि की जताई संभावना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** तराई में पिछले एक सप्ताह से तापमान लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को तराई का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है।

यहां बता दें कि तराई में पिछले एक सप्ताह से चटक धूप निकल रही है। इससे लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है। पिछले एक सप्ताह से तापमान लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग के पिछले एक सप्ताह के आंकड़ों को गौर करें तो सोमवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह शनिवार को अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस, गुरुवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.0 डिग्री सेल्सियस, बुधवार को अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस रहा। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एएस नैन ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में और अधिक वृद्धि होगी।



# कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाने की मांग

- बोले-शहर में पीएनजी कनेक्शनों की संख्या भी बढ़ाई जाए
- व्यापारियों के शिष्टमंडल ने डीएसओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिला पूर्ति अधिकारी से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति और पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है। साथ ही कहा कि सिलेंडर नहीं मिलने से कारोबारियों की आजीविका पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

सोमवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्तमान समय में शहर में कमर्शियल सिलेंडरों की भारी कमी बनी हुई है। जिससे छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। विशेष रूप से ठेली संचालक, चाय विक्रेता, टिक्की, समोसा, होटल एवं रेस्टोरेंट से जुड़े कारोबारियों की आजीविका पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

इसके अलावा कई छोटे दुकानदारों का व्यवसाय बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। वहीं कुछ को अपने काम में कटौती करनी पड़ रही है। उन्होंने मांग की कि कमर्शियल सिलेंडरों की नियमित एवं समान आपूर्ति के लिए एक पारदर्शी रोस्टर प्रणाली लागू की जाए। ताकि छोटे से छोटे व्यापारी तक सिलेंडर उपलब्ध हो सके। साथ ही शहर में पीएनजी गैस कनेक्शनों का दायरा बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे भविष्य में गैस आपूर्ति संबंधी समस्याओं से आम जनता को राहत मिलेगी और लंबी लाइनों की स्थिति से बचा जा सकेगा।

वहीं जिला पूर्ति अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए विभाग स्तर पर रोस्टर तैयार किया जाएगा। जिससे लघु एवं मध्यम व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जा सकें। साथ ही पीएनजी पाइपलाइन विस्तार के लिए संबंधित एजेंसियों से लगातार संपर्क कर कनेक्शनों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद गौरव खुराना, पवन गाबा, अंशुल अग्रवाल, भरत बत्रा, दीपक कुमार, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।


जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

## बार एसोसिएशन ने सिविल जज को दी भावभीनी विदाई

**सितारगंज** : बार एसोसिएशन सितारगंज के अधिवक्ताओं ने सिविल जज रुचिका नरूला के स्थानांतरण पर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने उनके तीन वर्ष के सफल कार्यकाल की सराहना की। सोमवार को बार अध्यक्ष दयानंद सिंह के नेतृत्व में आयोजित विदाई समारोह में अधिवक्ताओं ने कहा कि सिविल जज के कार्यकाल में न्यायालय में मामलों के निष्पादन में तेजी आई तथा न्यायिक व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला। उनके व्यवहार एवं कार्यशैली की भी सभी ने प्रशंसा की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट शक्ति त्रिपाठी ने किया। वहां एडवोकेट रमेश प्रभाकर, रवि सागर, रामबदन, राजेंद्र, योगेंद्र यादव, मंगल सिंह, अजय सिंह, फैजल मलिक, जीएस बेदी, सरिता आदि उपस्थित रहे।

# जुबानी जंग के बाद पुतला वार शुरू

- अब कांग्रेस ने फूंका राज्य सरकार का पुतला
- बंगाली समाज को भ्रमित करने का लगाया आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की कथित वीडियो का मामला राजनीतिक अखाड़ा बन चुका है। जहां नेताओं में जुबानी जंग शुरू हो चुकी है। वहीं भाजपा के बाद अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी पुतला वार शुरू कर दिया है। भाजपा सरकार का पुतला फूंकते बंगाली कार्यकर्ताओं ने भ्रमित करने का आरोप लगाया है।

सोमवार को पुतला दहन के दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता परिमल राय ने कहा कि धामी सरकार के इशारे पर एआई के माध्यम से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पेज की कॉपी कर बंगाली समाज के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने का मामला सामने आया था। जो कि फर्जी मामला है। हकीकत यह है कि बंगाली समाज को सम्मान देनी वाली कांग्रेस है, लेकिन भाजपा दुष्प्रचार कर बंगाली समाज को भड़काने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने की बात कहकर प्रदेश अध्यक्ष की छवि धूमिल की जा रही है। बावजूद बंगाली समाज करारा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने समाज को कुछ नहीं दिया। इस मौके पर अर्जुन विश्वास, पिंटू राय, सुशील मंडल, मानस बैरागी, अमल राय, गौतम सिकदार, नरेश कुमार, सुनीता देवी, संगीता देवी आदि मौजूद रहे।


भाजपा सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# बाबा साहब के विचार किसी एक कालखंड तक सीमित नहीं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने दीप जलाकर और सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बाबा साहब के जीवन मूल्यों और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को रेखांकित करना था।

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए काशीपुर जिला प्रभारी पुष्कर काला ने डॉ.आंबेडकर के जीवन संघर्षों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी दूरदर्शी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बाबा साहेब के विचार किसी एक कालखंड तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आज भी समाज को समानता, न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति निरंतर जागरूक कर रहे हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि डॉ.आंबेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समावेशी राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। संगोष्ठी में अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुंवर, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल और जिला महामंत्री तरुण दत्ता सहित पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना ने अपने विचार साझा किए। वहीं कार्यक्रम में सुरेंद्र चौधरी, मयंक तिवारी, विश्वास, योगेश वर्मा, जितेंद्र गौतम, हारून मलिक, विकास सागर, नवजोत आदि ने भी बाबा साहेब के दर्शन को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति की जिलाध्यक्ष रज्जी कोहली, कार्यक्रम संयोजक अंजू देवी, जिला उपाध्यक्ष शालिनी बोरा, अमित नारंग, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा, राकेश सिंह, राजेश सिंह, विपिन सिंह, मोर सिंह, प्रमोद मित्तल, विजय तोमर, अक्षय गहलोत आदि मौजूद रहे।


संगोष्ठी में मौजूद काशीपुर जिला प्रभारी पुष्कर काला और अन्य। ● अमृत विचार

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला आसपा का साथ

**सितारगंज** : आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 12 सूत्रीय मांग को लेकर बाल विकास कार्यालय सितारगंज में धरना जारी है। सोमवार को आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने धरने को समर्थन दिया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार से मानदेय में 140 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि व केंद्र सरकार को 150 रुपये प्रतिदिन मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव भेजने, सेवानिवृत्ति होने पर 10 लाख रुपये देने का जीओ जारी करने, बायोमैट्रिक से नहीं जोड़ने, सुपरवाइजर पद पर वरिष्ठता के आधार पर विज्ञप्ति निकालने समेत 12 मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की है। इधर, आसपा के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के धरने को पार्टी का पूर्ण समर्थन है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता देवी, सुखदेव कौर, जमनोत्री, अनीता रानी, कुलवंत कौर, मिथिलेश, मनकिंदर कौर, सरिता, मंजू राणा, राधा देवी, उर्मिला, किरण, अजय लक्ष्मी, गोदावरी, आरती आदि उपस्थित रहीं।

# यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों का किया स्वागत

- किच्छा विधायक बेहड़ ने फूलमाला पहनाकर किया स्वागत
- संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों में रहेगी भूमिका

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास पर यूथ कांग्रेस एवं कांग्रेस संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक बेहड़ ने सभी नवीन पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। साथ ही कहा कि संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

सोमवार को कार्यक्रम के दौरान उवैश अंसारी, फैजल खान, और सूर्य प्रताप गौतम को यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, अशोक राय व पवन बिष्ट को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में नवीन दायित्व मिलने के बाद वे किच्छा विधायक बेहड़ के आवास पहुंचे। इस दौरान किच्छा विधायक बेहड़ ने आशा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनाएगी।

नवनिर्वाचित पदाधिकारी अभी से ही चुनाव के लिए कमर कस लें व कांग्रेस की रीति नीतियों का प्रचार जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा, संजय जुनेजा, एडवोकेट सर्वेश कुमार सिंह, दिनेश पंत, परिमल राय, तरुण नेगी, अशोक मंडल, मोनिका ढाली, सोफिया नाज, फरमान सिद्दीकी, उमर अली, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत के दौरान किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार


**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, काशीपुर**
नवीन मण्डी स्थल, काशीपुर (ऊधमसिंह नगर)
दूरभाष : 05947-275179, फैक्स : 05947-260905,
Email : kashi.agrmdi.ua@gmail.com, विभागीय वेबसाईट-http://www.ukapmb.org

पत्रांक : कृ०उ०म०स०/2026-27-52 दिनांक : 20-04-2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डी समिति काशीपुर द्वारा पूर्व में दि० 11-03-2026 एवं दि० 02-04-2026 को कैन्टीन ठेका हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। किन्तु खाद्यान्न मण्डी की कैन्टीन हेतु कोई निविदा विक्रय नहीं हुई है। जिस कारण पुनः खाद्यान्न मण्डी परिसर की 03 नग कैन्टीन के वार्षिक ठेके हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 (01-05-2026 से 31-03-2027 तक) 11 माह के लिए ठेके पर देने हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म की बिक्री दिनांक 21-04-2026 से 27/04/2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक की जायेगी। जिसका मूल्य रु० 1000.00 तथा उस पर देय जी०एस०टी० सहित कुल रु० 1180.00 प्रति निविदा रहेगा। मण्डी समिति द्वारा निर्धारित सेवा शर्तों (जोकि निविदा फार्म के साथ सलग्न होंगी) के अनुसार समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करते हुए निविदायें समिति कार्यालय के निविदा बॉक्स में दिनांक 28-04-2026, 12:00 बजे तक डाले जा सकते हैं, जोकि उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे तक प्रभारी अधिकारी / उपजिलाधिकारी महोदय के समक्ष खोले जायेगें। कैन्टीन ठेके की सेवा शर्तों को किसी भी कार्य दिवस में मण्डी समिति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

सचिव प्रभारी अधिकारी/ उपजिलाधिकारी


समारोह

भाजपा नेता प्रमोद मित्तल ने दी नवविवाहित जोड़ों को बधाई, वैदिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ विवाह

# श्री बालाजी मंदिर में नवयुगलों का भव्य सामूहिक विवाह

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर कमेटी की ओर से मंदिर के स्थापना दिवस पर भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान कई नवयुगलों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। समारोह के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

सोमवार को बालाजी मंदिर में ब्रह्मलीन महंत श्रद्धेय रमेश वाधवा की प्रेरणा से संपन्न कराया गया। इस दौरान भाजपा नेता प्रमोद मित्तल ने नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर समिति द्वारा विगत कई वर्षों से निरंतर सराहनीय कार्य किया जा रहा है। सामूहिक विवाह जैसे पावन एवं सामाजिक आयोजन समाज में सेवा, सहयोग, समानता एवं भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। इस प्रकार के कार्यों में समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

इस अवसर पर पंडित सुरेंद्र शर्मा, अध्यक्ष गुलशन नारंग, महामंत्री चंद्र सचदेवा, कोषाध्यक्ष सौरभ गाबा, गगन वाधवा, मनोज अरोड़ा, सर्वेश मौर्य, अक्ष नारंग, संजय गर्ग, राकेश अग्रवाल, कुंज बिहारी श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, पवन अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, देशराज तागरा, अंजू सक्सेना, सीमा फुटेला, शिवांगी गर्ग, अजय फुटेला, अशोक सक्सेना, सूरज सचदेवा, अन्नू अरोड़ा, आरती सचदेवा, रितु वाधवा, डिंपल, आरती, ईशा नारंग, मान्या नारंग एवं मान्या गाबा आदि लोग मौजूद रहे।


नवविवाहित जोड़ों के साथ भाजपा नेता प्रमोद मित्तल। ● अमृत विचार



खटीमा में गोल्ज्यू यात्रा का स्वागत करते भक्त। ● अमृत विचार

## पुष्प वर्षा के साथ हुआ गोल्ज्यू यात्रा का स्वागत

**खटीमा :** धरोहर न्यास द्वारा संचालित 'गोल्ज्यू यात्रा' के खटीमा पहुंचने पर नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच के तत्वावधान में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक संस्थाओं, व्यापारियों और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का जोरदार अभिनंदन किया। यात्रा का स्वागत सिलसिला अमाऊं स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर से शुरू हुआ। इसके बाद नगर मार्ग में प्रवेश करते ही महाकालेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों ने गोल्ज्यू देवता के दर्शन कर पूजन किया। मुख्य बाजार स्थित संजय मार्केट में श्याम शिष्ट मण्डल की टोली ने श्रद्धापूर्वक पुष्प वर्षा की और यात्रियों को अंगवस्त्र भेंट कर प्रसाद वितरित किया। यात्रा रिलायंस पेट्रोल पंप होते हुए सिद्धेश्वर शिव मंदिर (कंजाबाग रोड) पहुंची। मंदिर समिति ने यात्रा का नेतृत्व कर रहे विजय भट्ट और अन्य यात्रियों का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगरपालिका चेयरमैन रमेश चन्द्र जोशी, मंच अध्यक्ष टीएस खाती, महासचिव भुवन चन्द्र भट्ट सहित मनोज कन्याल, शंकर लोहनी, किशन सिंह बिष्ट किन्ना, अंकुश त्यागी, राहुल गोयल शामिल रहे। इसके बाद अगले पड़ाव हरिद्वार के लिए रवाना किया गया।

### छापेमारी में नकली शुगर की दवाइयां, अवैध हथियार और वन्यजीवों के अंग बरामद

# आयुर्वेद की आड़ में चल रही नकली दवा फैक्ट्री सील

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** दिनेशपुर में प्रशासन ने एक ऐसी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है, जहां आयुर्वेद के नाम पर न केवल लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा था, बल्कि कानून की भी धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त छापेमारी में भारी मात्रा में नकली आयुर्वेदिक शुगर की दवाइयां, अवैध हथियार और वन्यजीवों के अंग बरामद हुए हैं।

लंबे समय से मिल रही गुप्त सूचना के आधार पर एसडीएम गदरपुर, तहसीलदार, ड्रग इंस्पेक्टर, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने फैक्ट्री पर धावा बोला।



आयुर्वेद की अवैध फैक्ट्री का निरीक्षण करतीं एसडीएम ऋचा सिंह व अन्य अधिकारी।

मौके पर शुगर की नकली दवाइयां तैयार की जा रही थीं। भारी मात्रा में पैकिंग मैटेरियल, कच्चा माल और तैयार दवाओं का जखीरा देख अधिकारियों के होश उड़ गए। ड्रग इंस्पेक्टर ने दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। जांच तब और गंभीर हो गई जब फैक्ट्री परिसर से एक अवैध पिस्टल, दो कारतूस और प्रतिबंधित वन्यजीवों के अंग मिले। इसके बाद वन विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है। बरामद अंगों को प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया है और मुख्य आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि इस गिरोह के तार किसी बड़े नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आयुर्वेद की आड़ में हथियारों और वन्यजीव अंगों की तस्करी का यह कारोबार कब से चल रहा था। इससे क्षेत्र के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# ओवरलोड वाहन पास कराने के नाम पर वसूली

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक जनप्रतिनिधि के बेहद करीबी व्यक्ति द्वारा ओवरलोड वाहनों को सुरक्षित निकालने के नाम पर अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम जाफरपुर निवासी पूर्व प्रधान के भाई ने इस संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित राम सिंह (निवासी जाफरपुर) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दो डंपर वाहनों का स्वामी है। आरोप है कि विकास सागर नाम का व्यक्ति, जो खुद को एक बड़े जनप्रतिनिधि का करीबी बताता है, पिछले कुछ महीनों से रेता-बजरी की ढुलाई के नाम पर उससे 70,000 रुपये प्रतिमाह की वसूली कर रहा था। विकास सागर ने पीड़ित को आश्वासन दिया था कि उसके प्रभाव के चलते पुलिस या अन्य कोई विभाग ओवरलोडिंग या कागजों की कमी होने पर भी वाहनों पर कार्रवाई नहीं करेगा। यदि वाहन पकड़े भी जाते हैं, तो वह उन्हें बिना किसी जुर्माने के छुड़वाने की जिम्मेदारी लेगा। पीड़ित का दावा है कि उसने यह रकम नकद और ऑनलाइन माध्यम से आरोपी को दी है। मामले का खुलासा तब हुआ जब बीती 14 अप्रैल 2026 को पीड़ित का वाहन किच्छा रोड से गुजर रहा था और पुलिस ने उसे रोककर 77,500 रुपये का भारी-भरकम चालान काट दिया। जब पीड़ित ने विकास सागर से इसकी शिकायत की, तो आरोपी ने फिर से झांसा देते हुए कहा कि वह उसे सीओ ऑफिस ले जाकर मामला खत्म करा देगा।

# राइस मिलर के घर में 90 लाख की चोरी

### शातिर चोरों ने एक घंटे में साफ कर दिया घर, विवाह समारोह में गया था परिवार, व्यापारियों में आक्रोश

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** नगर की सबसे सुरक्षित और वीआईपी मानी जाने वाली आवास विकास कॉलोनी में चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। नगर के प्रतिष्ठित राइस मिलर एवं ऑयल मिल स्वामी राजेंद्र कुमार गोयल के आवास से चोरों ने करीब 40 लाख रुपये की नगदी और 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। इस सनसनीखेज चोरी के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और व्यापारियों में भारी रोष है।

राजेंद्र कुमार गोयल (पुत्र सीताराम गोयल) का परिवार विगत 18 अप्रैल की शाम को रामनगर में आयोजित एक पारिवारिक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। घर पूरी तरह बंद था। सोमवार की सुबह जब परिवार वापस लौटा और घर के भीतर प्रवेश किया, तो वहां का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था और लोहे की तीन अलमारियों के लॉकर टूटे पड़े थे।

चोरी के तरीके से स्पष्ट है कि आरोपी बेहद शातिर और पेशेवर अपराधी हैं। चोरों ने घर के मुख्य गेट की ग्रिल फांदकर प्रवेश किया और लकड़ी के दरवाजे का ताला तोड़ दिया। पकड़े जाने के डर से चोरों ने सबसे पहले सीसीटीवी कैमरों की वायर काट दी और सबूत मिटाने के लिए घर में लगा डीबीआर बॉक्स भी उखाड़कर अपने साथ ले गए। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने फिंगरप्रिंट न छोड़ने के लिए दस्तानों का उपयोग किया था।

स्थानीय पुलिस ने जब आसपास के घरों और रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो वारदात की पूरी कहानी सामने आई।

18/19 अप्रैल की रात करीब 2:30 बजे बाइक सवार दो संदिग्धों ने घर की रेकी की। रात 2:45 बजे दो चोर घर के भीतर दाखिल हुए, जबकि दो साथी बाहर बाइक पर निगरानी करते रहे। चोरों ने इत्मीनान से एक घंटे तक घर के भीतर अलमारियां खंगालीं और तड़के 3:50 बजे दो बैगों में माल भरकर पैदल निकलते नजर आए। फुटेज में एक आरोपी हेलमेट और दूसरा टोपी पहने हुए है।



सीसीटीवी में घटना के बाद फरार होते संदिग्ध आरोपी।

### पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शुरू की जांच

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी क्राइम उत्तम सिंह नेगी और एसओजी प्रभारी उमेश कुमार ने टीम के साथ मौके का बारीकी से निरीक्षण किया। स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने टूटे हुए लॉकरों से साक्ष्य और फिंगरप्रिंट जुटाए हैं। एसपी क्राइम ने बताया कि आरोपियों को चिन्हित करने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने घर में काम करने वाले कर्मचारियों की कुंडली खंगालने के निर्देश भी दिए हैं।



किच्छा में पीड़ित परिवार से वार्ता करते एसपी क्राइम। ● अमृत विचार

### सदमे में गृहस्वामी की पत्नी

लाखों की नगदी और करीब 50 लाख के पुश्तैनी जेवर गायब होने की सूचना ने राजेंद्र गोयल की पत्नी सुदेश गोयल को गहरा सदमा पहुंचाया है। वह बदहवास हालत में हैं, जिसके कारण पुलिस को अभी चोरी हुए माल की पूरी सूची नहीं मिल पाई है। इस वारदात ने किच्छा पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं। पॉश कॉलोनी में एक घंटे तक चली इस लूटपाट ने आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# काशीपुर में एक ही दिन में सात जगहों पर धधकी भीषण आग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** सोमवार का दिन काशीपुर अग्निशमन विभाग के लिए चुनौतियों भरा रहा। भीषण गर्मी और तेज हवाओं के कारण क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर आगजनी की सात घटनाएं दर्ज की गईं। सबसे विकराल आग द्रोणासागर टीले में लगी, जिसने पास ही चल रहे ऐतिहासिक चैती मेले को खतरे में डाल दिया। सुबह करीब 10:35 बजे लगी इस आग को बुझाने के लिए काशीपुर, चैती मेला यूनिट, जसपुर और निजी औद्योगिक संस्थानों की कुल सात दमकल गाड़ियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। दमकल कर्मियों ने सूझबूझ से आग को मेले की ओर बढ़ने से पहले ही रोक लिया, जिससे एक बड़ा हादसा बच गया।

इसके अतिरिक्त, बरखेड़ी और परमानंदपुर में गेहूं के खेतों, हरिनगर में भूसे के ढेर तथा राधे हरि डिग्री कॉलेज के पास झाड़ियों में भी आग भड़की। एफएसएसओ श्याम सिंह ने बताया कि सभी सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई की गई और संसाधनों के बेहतर तालमेल से आग पर काबू पाया गया। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



दिनेशपुर में एसआई प्रदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता अमित नारंग।

## गेहूं की फसल को आग से बचाने के लिए दमकल वाहन की मांग, ज्ञापन सौंपा

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** गेहूं की कटाई के सीजन में आगजनी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करने की मांग की है। नारंग ने बताया कि हाल ही में राधाकांतपुर में शॉर्ट सर्किट से दो एकड़ फसल जल गई थी, लेकिन दमकल वाहन समय पर नहीं पहुंचा। उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर कहा कि किसानों की छह महीने की मेहनत को बचाने के लिए प्रशासन को संवेदनशील होना चाहिए। ज्ञापन सौंपते समय आगजनी की पुनरावृत्ति रोकने हेतु त्वरित सुरक्षा उपायों पर जोर दिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगजीत सिंह, किसान सुखचैन सिंह, गुरविंदर सिंह, कमलेश सरकार, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# मेधावी गुंजन व अनिमेष सम्मानित



चाय पर चर्चा के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा। ● अमृत विचार

- भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री रहे मौजूद
- बोले-भाजपा बेटियों-महिलाओं को चाहती है आगे बढ़ाना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ट्रांजिट कैंप के समीप रामा कॉलोनी में जनता के साथ चाय पर चर्चा के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने 10वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अव्वल रही गुंजन सिंह और अनिमेष चौहान को पटका पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सोमवार को कार्यक्रम के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मिश्रा ने कहा कि भाजपा हमेशा देश की बेटियों और महिलाओं को आगे बढ़ता देखना चाहती है। ताकि वह देश के निर्माण में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग दे सके। लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दल महिलाओं को आगे बढ़ता नहीं देख सकते। इसके चलते आज देश की महिलाएं आरक्षण बिल पास न होने के कारण बेहद आक्रोशित हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नारी शक्ति इसका जवाब देगी। इस अवसर पर लेखराज सिंह, धीरेंद्र सिंह, मुकेश गुप्ता, राकेश राय, सुरजीत राय, खूब सिंह, बॉबी गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, राजेंद्र सिंह, संतोष चौहान, कृष्ण पाल गंगवार, सुरेंद्र गंगवार, अशोक सिंह, स्वामी गुप्ता, रोशन लाल, विनोद गंगवार, आशा देवी आदि मौजूद रहे।

# आधुनिक शिक्षा की सुविधा मिलेगी



लाइब्रेरी के उद्घाटन अवसर पर लोगों को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा।

- कैबिनेट मंत्री ने डिजिटल लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत राजनगर में नवनिर्मित डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया। इस मौके पर युवाओं में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

उद्घाटन के दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह डिजिटल लाइब्रेरी ग्रामीण युवाओं के लिए ज्ञान और सूचना का एक सशक्त माध्यम बनेगी। यहां उपलब्ध आधुनिक डिजिटल संसाधन छात्रों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम भी बनाएंगे। सरकार का उद्देश्य है कि हर गांव तक शिक्षा की रोशनी पहुंचे और युवाओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो। राजनगर में स्थापित यह डिजिटल लाइब्रेरी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो आने वाले समय में क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया और उम्मीद जताई कि इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, राजा हालदार, राजेंद्र डसीला, मुकेश रावत, विष्णु प्रमाणिक, ग्राम प्रधान संगीता दे, अजय चौधरी, विमल मालाकार, संजीव दे, उदय राणा, विधान सरकार, संजय बाछाड़ आदि मौजूद रहे।



शक्तिफार्म में पुलिस को ज्ञापन सौंपते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## पार्टी की छवि धूमिल करने वालों पर हो कार्रवाई

**शक्तिफार्म :** सोशल मीडिया में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नाम से फर्जी आईडी बनाकर उनकी एवं पार्टी की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की है। युवा कांग्रेसियों ने चौकी प्रभारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि साजिश के तहत प्रदेश अध्यक्ष के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर राज्य के बंगाली समुदाय के लिए आपत्तिजनक पोस्ट कर पार्टी एवं प्रदेश अध्यक्ष की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। गोदियाल के इस बारे में स्पष्टीकरण देने के बाद भी कुछ लोग एआई का दुरुपयोग कर पार्टी के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर अमित विश्वास, समीर मल्लिक, प्रशांत मजूमदार, पीयूष हीरा, पंकज साना, अर्जुन विश्वास, देव, अजय, राज, विवेक आदि मौजूद थे।

# देवहा में मछली पकड़ रहे युवक की डूबने से मौत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम ढाकी डूनीडॉम के पास देवहा नदी के किनारे मछली पकड़ने गया एक युवक हादसे का शिकार हो गया। गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पीलीभीत (यूपी) निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है।



अजय कुमार। (फाइल)

उत्तर प्रदेश के जिला पीलीभीत, थाना न्यूरिया के ग्राम भगतिनिया निवासी अजय कुमार (22 वर्ष) पुत्र मुरारी लाल अपने कुछ साथियों के साथ देवहा नदी के तट पर मछली पकड़ने आया था। मछली पकड़ने के दौरान अजय का संतुलन बिगड़ गया और वह नदी के गहरे पानी में चला गया। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी का बहाव और गहराई अधिक होने के कारण वह देखते ही देखते आंखों से ओझल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही भीड़ जमा हो गई। अजय की मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे मां हृदई, भाई कैलाश और बहन पूजा को रोता-बिलखता छोड़ गया है। सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने बताया-परिजन शव को अपने साथ ले गए हैं।

**सुलह** व्यापार मंडल, समदर्शी संस्था, सामाजिक संगठनों के मनाने पर समझौते को तैयार हुए दोनों पक्ष

# विधायक व पूर्व विधायक की जंग समझौते के साथ खत्म

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** पांच दिन से विधायक एवं पूर्व विधायक के बीच चल रही जुबानी जंग एक समझौते के बाद खत्म हो गई। लेकिन देर शाम को पूर्व विधायक समर्थकों के जश्न की वायरल वीडियो से मामला फिर बिगड़ गया। इससे नाराज विधायक एवं उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा काटा। करीब एक घंटे तक हंगामा करने के बाद वायरल हुई पूर्व विधायक की वीडियो के बाद मामला निपटा।

बीते 15 अप्रैल को ठाकुर मंदिर के समीप रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने को लेकर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल में विवाद हो गया था। इसके बाद से दोनों में सोशल मीडिया में जुबानी जंग शुरू हो गई तथा आरोप प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा। पूर्व विधायक ने सोमवार शाम पांच बजे विधायक को बीएसवी इंटर कॉलेज में बुलाकर इलाज कराने का अल्टीमेटम दे दिया। इस पर विधायक ने उनकी चुनौती को स्वीकार कर समय से पहले पहुंचने की वीडियो जारी कर दी। इसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया। रविवार रात को एसडीएम ने पांच किमी परिधि क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी। वहीं, विधायक एवं पूर्व विधायक के कार्यालयों पर समय से पहले समर्थकों की भीड़ जुटने लगी। करीब तीन बजे से पहले समदर्शी संस्था एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, सतीश अरोरा, आरपी सिंह, मो. यामीन, त्रिलोक अरोरा आदि ने विधायक एवं पूर्व विधायक से वार्ता के बाद समझौता होने की बात कही। विधायक एवं पूर्व विधायक ने भी समझौते पर सहमति दी। अभी समझौता हुआ ही था कि शाम पांच बजे के करीब पूर्व विधायक के समर्थकों ने ढोल नगाड़े के संग जश्न मनाते हुए वीडियो वायरल कर दी। इससे विधायक आदेश चौहान नाराज हो गए तथा वह समर्थकों संग बीएसवी इंटर कॉलेज जाने लगे। विधायक के आवास से 100 मीटर दूरी पर पुलिस ने विधायक को घेर लिया। करीब आधे घंटे तक पुलिस एवं विधायक एवं उनके समर्थकों में बहस होने लगी। पुलिस ने विधायक को समझाकर वीडियो डिलीट कराई।



विधायक आदेश चौहान को मनाते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

# अब फुटकर व्यापारियों को लेना होगा मंडी से लाइसेंस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** फल-सब्जी और लकड़ी के बढ़ते बाजार भाव को नियंत्रित करने और आमजन को महंगाई से राहत दिलाने के लिए बगवाड़ा मंडी समिति ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार, अब मंडी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी फुटकर व्यापारियों को मंडी समिति से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 अप्रैल निर्धारित की गई है।

मंडी सचिव विश्व विजय देव सिंह ने बताया कि बाजार में मूल्य नियंत्रण के लिए दो सचल दलों का गठन किया गया है। ये टीमें प्रतिदिन पुरानी मंडी, खेड़ा मंडी और मुख्य बाजार का सघन निरीक्षण कर रही हैं। व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर अनिवार्य रूप से मूल्य सूची प्रदर्शित करें और ग्राहकों से उचित दरों पर ही वसूली करें। लाइसेंस प्रक्रिया को सरल रखते हुए इसका शुल्क मात्र 101 रुपये तय किया गया है। इच्छुक व्यापारी तीन पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ समिति कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। सचिव ने चेतावनी दी है कि निर्धारित तिथि के बाद बिना वैध लाइसेंस के व्यापार करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा और मंडी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार
हल्द्वानी, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026



# करोड़ों की धोखाधड़ी के खिलाफ सिख परिवार का कोतवाली में प्रदर्शन

## व्यापारियों पर जमीन हड़पने का आरोप, तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने की मांग पर अड़े

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर कोतवाली में धरने पर बैठे पीड़ित परिवार के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महादेव नगर (ढकिया कलां) निवासी एक सिख परिवार ने सोमवार को स्थानीय व्यापारियों पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी और जानलेवा धमकी का आरोप लगाते हुए कोतवाली में जमकर हंगामा किया। पीड़ित परिवार के दर्जनों लोग कोतवाली परिसर में धरने पर बैठ गए और सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने की मांग पर अड़ गए।

पीड़ित जरनेल सिंह द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, यह विवाद वर्ष 2016-17 से जुड़ा है। आरोप है कि शहर के एक चर्चित व्यवसायी और उनके पुत्रों ने जरनेल सिंह को स्टोन क्रेशर लगाने का झांसा दिया था। अपनी राजनीतिक पैठ का हवाला देते हुए आरोपियों ने पीड़ित की करीब छह एकड़ भूमि (बाजार मूल्य लगभग 3.5 करोड़ रुपये) अपने नाम करवा ली। पीड़ित का आरोप है कि वादे के उलट, आरोपियों ने न तो जमीन का भुगतान किया और न ही स्टोन क्रेशर में तय 36 प्रतिशत की हिस्सेदारी दी। इसके विपरीत, आरोपियों ने उक्त भूमि को ''मुरलीवाला स्टोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड'' के नाम पर बैंक में बंधक रखकर 5.25 करोड़ रुपये का लोन ले लिया और उस रकम को अपने निजी खातों में डालकर हड़प लिया।

**जान से मारने की धमकी दी:** जरनेल सिंह ने तहरीर में यह भी उल्लेख किया है कि जब उन्होंने अपने बकाया पैसों और हिस्सेदारी की मांग की, तो आरोपियों ने उन पर पिस्तौल तान दी। आरोप है कि उन्हें और उनके परिवार को क्रेशर में ही काटकर गाड़ देने की धमकी दी गई। पिछले 10 वर्षों से न्याय न मिलने से क्षुब्ध होकर परिवार को सड़क पर उतरना पड़ा।

### महापौर दीपक बाली ने पीड़ित परिवार की व्यथा सुनी

मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी स्वप्न किशोर सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों से तहरीर ली और निष्पक्ष जांच के बाद कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। कोतवाली से निकलने के बाद पीड़ित पक्ष नगर निगम पहुंचा, जहां उन्होंने नारेबाजी की। महापौर दीपक बाली ने पीड़ित परिवार की व्यथा सुनी और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## सिटी ब्रीफ

### सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने ज्ञापन सौंपा

**काशीपुर :** आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन, उत्तराखंड ने प्रदेश की खाद्य मंत्री को ज्ञापन भेजकर सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान की मांग की है। फेडरेशन के अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में मिल रहा 50 से 180 रुपये प्रति कुंतल का लाभांश महंगाई के दौर में नाकाफी है। विक्रेताओं ने इसे बढ़ाकर 400 रुपये प्रति कुंतल करने और पिछले 10 वर्षों से लंबित मिड-डे मील के भुगतान को तत्काल जारी करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि आर्थिक संकट के कारण राशन प्रणाली चलाना कठिन हो रहा है, अतः सरकार जल्द उचित आदेश निर्गत करे।

### खड़े डंपर से टकराया तेज रफ्तार ट्रक

**बाजपुर :** नेशनल हाईवे-74 पर केलाखेड़ा बाइपास के पास सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गणेशपुर पुलिया के समीप सड़क किनारे खड़े एक डंपर में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सनी (निवासी कानपुर) केबिन में ही फंस गया। सूचना पर पहुंची केलाखेड़ा पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायल चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। उसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान ग्राम कुंडेश्वरा में कच्ची शराब बेचते ग्राम बरखेड़ी निवासी जसवंत सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत की है।

### अलग-अलग मामलों में दो वारंटी गिरफ्तार

**काशीपुर :** कुंडा पुलिस ने सोमवार को दो अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत जारी गैर जमानतीय वारंट में गुरचरण सिंह उर्फ चन्नी निवासी केसरी गणेशपुर और धारा 325 आइपीसी के तहत जारी वारंट में विशन सिंह निवासी करनपुर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों को न्यायालय जसपुर में पेश कर दिया है।

### 2.60 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाजपुर :** केलाखेड़ा पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धनसारा रोड पुलिया के पास चेकिंग के दौरान अमित सिंह उर्फ कल्लू को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 2.60 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद हुई।

### सत्रहमील चौकी क्षेत्र में दो बाइकें चोरी

**खटीमा :** सत्रहमील चौकी क्षेत्र में चोरों ने अलग-अलग स्थानों से दो बाइकें पार कर दीं। पहली घटना में भाजपा नेता के पति गुरप्रीत सिंह की बाइक हल्दी देवहा पुल के पास से चोरी हुई, जबकि दूसरी घटना में कंचनपुरी निवासी साहिल की बाइक सत्रहमील बाजार से गायब हो गई। दोनों पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश जारी है।

### कैंटर की टक्कर से घायल ई-रिक्शा चालक की मौत

**काशीपुर :** सूर्या रोशनी लिमिटेड के पास रविवार सुबह कैंटर की टक्कर से घायल हुए ई-रिक्शा चालक जाकिर की उपचार के दौरान मौत हो गई। सरवरखेड़ा निवासी जाकिर को गंभीर हालत में मुरादाबाद रोड के निजी अस्पताल से सरकारी अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जाकिर की मौत से उसके परिवार में मातम छाया है। वह अपने पीछे पत्नी शाजिया, पुत्र मन्नत, भाई जावेद व नजीर व बूढ़े मां-बाप को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### मुख्यमंत्री को भेजा आठ सूत्रीय ज्ञापन

**खटीमा :** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम तुषार सैनी को सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आंदोलनकारियों ने सरकार के समक्ष आठ प्रमुख मांगें रखीं। संगठन ने मांग की है कि राज्य निर्माण सेनानियों को स्वतंत्रता सेनानियों की तर्ज पर 20 हजार रुपये पेंशन दी जाए और ''आंदोलनकारी'' के स्थान पर ''सेनानी'' शब्द से संबोधित किया जाए। अन्य मांगों में सेनानी के दो बच्चों को निःशुल्क उच्च व व्यावसायिक शिक्षा, 20 लाख का जीवन बीमा, परिवार के लिए 10 लाख का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा, टोल प्लाजा पर टोल-फ्री सुविधा और वंचित सेनानियों के तत्काल चिन्हीकरण की प्रक्रिया पूरी करना शामिल है।

# मास्टर इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



काशीपुर में स्कूल कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते छोटे बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मास्टर इंटरनेशनल स्कूल ने अपनी स्थापना के 14 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर भव्य वार्षिकोत्सव मनाया। इस अवसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपिक एथलेटिक्स सिलेक्शन बोर्ड के अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल उपस्थित रहीं। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने मंच पर समां बांध दिया। एलकेजी और यूकेजी के नन्हे छात्र-छात्राओं ने ''लुंगी डांस'' पर शानदार नृत्य पेश कर खूब तालियां बटोरीं। वहीं, कक्षा 8 के छात्र आदित्य कृष्ण वर्मा और कक्षा 7 की छात्रा विदिशा सिंह ने अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से विद्यालय के प्रति अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि विजेंद्र चौधरी ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. गौरव गर्ग और शिल्पी गर्ग द्वारा 14 वर्ष पूर्व रोपा गया यह बीज आज एक विशाल वृक्ष बन चुका है, जो बच्चों के भविष्य को संस्कारित शिक्षा से संवार रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. गौरव गर्ग ने एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि मास्टर इंटरनेशनल स्कूल का विस्तार किया जा रहा है। इसकी दूसरी शाखा बांसखेड़ा (अलीगंज रोड) पर स्थापित की जा रही है, जो कक्षा 12 तक की आधुनिक शिक्षा सुविधाओं से लैस होगी।

# महिला आरक्षण का विरोध करने पर मिलेगा जवाब

● कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने विपक्ष पर बोला हमला

संवाददाता, काशीपुर



मंत्री रेखा आर्य।

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने वाले विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि आधी आबादी के अधिकारों का विरोध करने वालों को जनता आने वाले चुनावों में करारा जवाब देगी।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रेखा आर्य ने कहा कि कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस जैसे दलों ने महिला आरक्षण का विरोध कर न केवल महिलाओं का अपमान किया है, बल्कि अपने राजनीतिक चरित्र को भी उजागर किया है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल राजनीति का नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों का है।

उन्होंने भरोसा जताया कि देश की महिलाएं इस अपमान को नहीं भूलेंगी और चुनाव में विपक्ष को सबक सिखाएंगी। इस अवसर पर राज्य मंत्री सीमा चौहान, राज्य मंत्री मनजीत सिंह राजू, मेयर दीपक बाली, प्रदेश प्रवक्ता गुरविंदर सिंह, जिला महामंत्री सुशील शर्मा, पूर्व मेयर उषा चौधरी, राम मल्होत्रा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा आदि उपस्थित रहे।

## चन्द्रावती तिवारी महाविद्यालय में पोषण पखवाड़ा मनाया

**काशीपुर:** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पोषण पखवाड़े का आठवां संस्करण कार्यक्रम मनाया गया। सोमवार को कॉलेज में छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से पौष्टिक एवं स्वस्थ्य भोजन के विषय में जानकारी दी। गृह विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर शीतल अरोरा ने स्वयंसेवियों को पोषण, पौष्टिक, संतुलित आहार, अधिक से अधिक ज्वार, रागी, जौ, फाइबर युक्त अनाज व कैमिकल रहित सब्जियों, फल आदि के बारे में जानकारी दी। जंक फूड से दूर रहने का आह्वान किया। वहां पर प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत, डॉ. दीपिका गुडिया आत्रेय, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. दीपा चनियाल आदि मौजूद रहे।

# अल्ली खां चौक पर लहराएगा 135 फुट ऊंचा तिरंगा

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में अल्ली खां चौक का निरीक्षण करते मेयर दीपक बाली और ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महापौर दीपक बाली ने आज नगर निगम अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ अल्ली खां चौक का निरीक्षण किया और यहां एकत्र सभी पार्षदों एवं जन समुदाय से इस चौक पर 135 फुट ऊंचा तिरंगा लगाए जाने की बात कही, जिस पर सभी ने अपनी सहमति दे दी।

महापौर दीपक बाली, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा एवं सांसद प्रतिनिधि पार्षद विजय कुमार बॉबी, सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा नगर निगम के निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ अल्ली खां चौक पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि इस चौक का भी सौंदर्यीकरण कर यहां मुख्य चौराहे की तरह 135 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया जाए। पार्षदों सहित सभी ने इस पर न सिर्फ अपनी सहमति प्रदान की बल्कि महापौर के इस निर्णय का स्वागत भी किया। यहां के बाद महापौर ने मेहंदी मिलाप चौक का भी निरीक्षण किया और यहां का भी सौंदर्यीकरण करने की बात कही। महापौर ने कहा कि झंडा लगाने वाली टीम को एक सप्ताह के भीतर बुलाया जाएगा और हमारा प्रयास है कि इस बार देश के स्वतंत्रता दिवस के अवसर 15 अगस्त पर इस क्षेत्र में भी देश की आन बान शान तिरंगा लहराए। नगर निगम बोर्ड के नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस पार्षद राशिद फारुकी ने महापौर के निर्णय का स्वागत किया। कांग्रेस पार्षद अब्दुल कादिर ने भी महापौर के निर्णय का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश चावला, पार्षद वैशाली गुप्ता, सादिक हुसैन, सतीश शर्मा, रियाज, मोनिष आशी, नईम सिद्दीकी, इरफान गुड्डू, पुष्कर बिष्ट, नौशाद हुसैन, मोहम्मद आरिफ, बीना नेगी, प्रकाश नेगी, फिरोज हुसैन, शहजाद राय, चौधरी समरपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



ग्राम मडैया हट्टू क्षेत्र में कच्ची शराब की भट्ठी को नष्ट करती आबकारी विभाग की टीम।

## आबकारी विभाग का अवैध शराब भट्ठियों पर धावा

**बाजपुर :** अवैध मादक द्रव्यों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत सोमवार को आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम मडैया हट्टू में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने नाले के किनारे चल रही अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट करते हुए भारी मात्रा में कच्ची शराब और लहन बरामद किया। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर गठित टीम ने संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान नाले के पास अवैध शराब बनाने की भट्ठी का भंडाफोड़ हुआ। टीम ने मौके पर 25 लीटर कच्ची शराब जब्त की और चार गड्ढों में तैयार किया जा रहा लगभग चार हजार लीटर लहन मौके पर ही नष्ट कर दिया। आबकारी विभाग के पहुंचने की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। टीम ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा-60 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट ने चेतावनी दी है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।




पीजी कॉलेज में लगे शिविर में रक्तदान करता छात्र व उत्साहवर्धन करते प्राचार्य।

## युवाओं ने 20 यूनिट रक्तदान किया

**बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को एनएसएस, एनसीसी और रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. बी.के. सिंह ने शिविर का शुभारंभ करते हुए रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताया। शिविर में उत्साह दिखाते हुए छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने कुल 20 यूनिट रक्तदान किया। आयोजन में वीरा फाउंडेशन रुड़की का विशेष सहयोग रहा। डॉ. अनिल कुमार सैनी और डॉ. प्राची फर्त्याल के संचालन में हुए इस मौके पर एनसीसी अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, रेड क्रास समन्वयक डा. सूरजपाल सिंह, रोवर्स-रेंजर्स लीडर डॉ. विकास कुमार रंजन, डॉ. नीलम मनोला, छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोरा, विवि प्रतिनिधि पियूष, अनुज लता, आदित्य पांडे, अनुज वर्मा, अमरीश कुमार, गुंजन, अंकित, अरुण कुमार, संजना सागर, मोहम्मद अयाज खान, अंजलि व ललित मोहन तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जिले में होगा सपा का शक्ति प्रदर्शन

**काशीपुर :** सपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महंत शुभम गिरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार ऊधम सिंह नगर में जल्द ही बड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। पार्टी ''पीडीए पंचायत'' के माध्यम से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर रही है। जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा ने एलान किया कि सपा जिले की सभी 9 सीटों पर 2027 का चुनाव मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी तीसरे विकल्प के रूप में उभरेगी। बैठक में मोहम्मद राशिद हुसैन, नईम चौधरी और इमरान मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**बाजपुर :** नगरपालिका परिषद बाजपुर में जनगणना-2027 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सोमवार को प्रगणकों और सुपरवाइजर्स के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यालय अधीक्षक राजू पांडे ने बताया कि प्रथम चरण में भवन गणना का कार्य 25 अप्रैल से 24 मई तक चलेगा।




देहरादून में आयोजित आईएपी कार्यशाला में शामिल काशीपुर के डॉ. रवि सहोता।

## पेडिकॉन में बाल चिकित्सा उत्कृष्टता का संगम

**काशीपुर :** ग्राफिक एरा इंस्टीट्यूट देहरादून में आयोजित आईएपी उत्तराखंड पेडिकॉन का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। आईएपी उत्तराखंड के अध्यक्ष डॉ. रवि सहोता, सचिव डॉ. राकेश कुमार और आयोजन सचिव डॉ. शांतनु शुभम के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की व्यापक सराहना हुई। सम्मेलन में देश के दिग्गज विशेषज्ञों, जैसे क्लाउडनाइन के चेयरमैन डॉ. किशोर कुमार, डॉ. पायल मल्होत्रा और डॉ. जय रेलन ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम से पूर्व नर्सिंग स्टाफ के लिए क्रिटिकल केयर और वेंटिलेशन पर विशेष वर्कशॉप आयोजित की गई। अंत में, बाल स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। डॉ. सहोता के नवाचारी नेतृत्व ने इस आयोजन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

विवाद

विधायक अरविंद पांडेय और उनके पुत्र पर जमीन हड़पने का आरोप

# गदरपुर विधायक के खिलाफ धरने पर बैठा जनजाति परिवार

संवाददाता, बाजपुर



एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को मामले की जानकारी देते नगर पंचायत चेयरमैन सतीश चुघ।

**अमृत विचार:** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय एक बार फिर बड़े विवाद के घेरे में हैं। बाजपुर के ग्राम सैमलपुरी निवासी एक बुक्सा जनजाति परिवार ने विधायक और उनके पुत्र अतुल कुमार पर कूटरचित दस्तावेजों के जरिए करोड़ों की जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए सोमवार को पीड़ितों ने गूलरभोज नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय पर सांकेतिक धरना दिया।

शिकायतकर्ता नन्नी देवी और उनके पुत्रों—संजू व मंगल सिंह का आरोप है कि उनकी पुश्तैनी भूमि (खसरा संख्या 25/1 और 26, कुल रकबा लगभग 1.533 हेक्टेयर) ग्राम सैमलपुरी में स्थित है। पीड़ितों का दावा है कि वर्ष 2010-11 के दौरान राजस्व वाद संख्या 22/03 (धारा 229बी) के तहत रसूख और फर्जी साक्ष्यों का सहारा लेकर इस भूमि को अतुल कुमार पुत्र अरविंद कुमार के नाम दर्ज करा लिया गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि वे बुक्सा अनुसूचित जनजाति से ताल्लुक रखते हैं। नियमानुसार, जनजाति की भूमि किसी भी सामान्य जाति के व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं की जा सकती।

### दावों और उम्र पर उठाए सवाल

ज्ञापन में पीड़ितों ने एक चौंकाने वाला तथ्य सामने रखा है। उन्होंने बताया कि अतुल कुमार ने भूमि पर 50 वर्षों से अधिक समय से काबिज होने का दावा पेश किया था, जबकि वर्ष 2010 में जब यह मुकदमा दायर हुआ, तब अतुल कुमार की उम्र महज 16 वर्ष के आसपास थी। पीड़ितों का तर्क है कि 16 साल का नाबालिग 50 साल के कब्जे का दावा कैसे कर सकता है? उन्होंने आरोप लगाया कि मुकदमे के दौरान उन्हें लगातार डराया-धमकाया गया और अदालती फैसला पक्ष में होने के बावजूद उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं लेने दिया जा रहा।

### प्रशासन से न्याय की गुहार

एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को सौंपे गए ज्ञापन में पीड़ितों ने मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। गूलरभोज नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ ने कहा कि जनजाति समाज के हितों के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।

### प्रशासन अपना काम करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र

इस पूरे मामले पर विधायक पुत्र अतुल पांडेय का कहना है कि यह जमीन हमारे द्वारा वर्ष 2020 में खरीदी गई थी। 2023 में मंडलायुक्त द्वारा यह भूमि संबंधित पक्ष के नाम सरकारी दस्तावेजों में दर्ज करने के आदेश जारी किए जा चुके हैं। हमने आज तक इस प्रक्रिया का कोई विरोध नहीं किया है। प्रशासन अपना काम करने के लिए स्वतंत्र है।

# पेंशन बहाली को लेकर रणनीति तैयार



बाजपुर में बैठक के पश्चात ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत करते साथी शिक्षक एवं कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एनएमओपीएस की ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक बीआरसी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए 3 मई को रुद्रपुर और 17 मई को हल्द्वानी में प्रस्तावित रैलियों को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की गई।

जिला संरक्षक हुकम सिंह नयाल ने कर्मचारियों से एकजुट होने का आह्वान किया। ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चौहान की उपस्थिति में हुई इस बैठक में एनपीएस के विरोध और ओपीएस के समर्थन में आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया गया। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष दिनेश चौहान, महिला विंग अध्यक्ष रेनू आर्य, जिला महामंत्री महिला विंग रेखा सती, महेंद्र सिंह यादव, मनोज चौहान, पवन राणा, जसवंत भारती, सर्वेंद्र सिंह, दिनेश राठौर, जीवन सिंह बिष्ट, वीर सिंह, अवधेश चौहान, शैलेंद्र कुमार, गिरीश सैनी, राहुल द्विवेदी, विनोद कुमार, रवि प्रकाश, दिनेश कुमार, शिवांकित लोचक, सुंदर आर्य, सचिन कुमार, गणेश आर्य आदि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

### रोडवेज संयुक्त परिषद का धरना समाप्त

**टनकपुर :** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की ट्रैफिक शाखा का 13 अप्रैल से चल रहा धरना मंडलीय प्रबंधक आलोक बनवाल के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। रविवार शाम हुई वार्ता में प्रबंधक ने एक सप्ताह के भीतर ऑफ रूट बसों को ऑन रूट करने का भरोसा दिया, जिसके बाद कर्मचारियों ने आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया। संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष भूपाल सिंह ने बताया कि आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया है, लेकिन यदि तय समय में मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन फिर शुरू किया जाएगा। वार्ता में शाखा अध्यक्ष कौशल कर्नाटक, मंत्री पंकज पंत सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मजदूर संगठनों का धरना प्रदर्शन का ऐलान

**रामनगर :** संयुक्त संघर्ष समिति ने 23 अप्रैल को पेशावर विद्रोह दिवस पर धरना प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम दिल्ली-एनसीआर में गिरफ्तार मजदूरों और नेताओं की रिहाई, न्यूनतम वेतन 24 हजार रुपये करने, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान तथा सभी मजदूरों को स्थायी नियुक्ति देने की मांग को लेकर किया जाएगा। व्यापार भवन में आयोजित बैठक में संयोजक ललित उप्रेती ने क्षेत्र के मजदूरों, किसानों और आम लोगों से 23 अप्रैल को सुबह 11 बजे लखनपुर चौक पर धरने में शामिल होने की अपील की।

# कार्यों में लापरवाही पर मंत्री ने जताई नाराजगी

## केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा की, अधिकारियों को लगाई फटकार

संवाददाता, चम्पावत


चम्पावत कलेक्ट्रेट में बैठक लेते केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद चम्पावत में केंद्र पोषित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समग्र विकास कार्यों की समीक्षा के लिए जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनपद में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया।

राज्य मंत्री ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता, गुणवत्ता और प्रभावशीलता के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ताड़केश्वर क्षेत्र में शवदाह गृह एवं टाल विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, जनपद में मडुवा, लाल धान सहित अन्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-3) के अंतर्गत सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर हर घर तक जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सभी अधिशासी अधिकारियों एवं जल निगम को जनपद में सेप्टिक टैंक एवं खुले आउटलेट की स्थिति का सर्वे कर ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने नई गाइडलाइन के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए तथा वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत चयनित गांवों में कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही विद्युत विभाग को जनपद के सभी शेष तोकों तक शीघ्र विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर बल देते हुए राज्य मंत्री ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण, क्षमता विकास एवं प्रेरणा कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक पूरे विद्यालय की दिशा बदल सकता है। कृषि विभाग को तारबाड़, घास कटर एवं पावर वीडर जैसे उपकरणों को बढ़ावा देने तथा महिला किसानों को विशेष रूप से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को बद्री गाय के साथ-साथ रेड सिंधी नस्ल के संवर्धन के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाने को कहा। सड़क कनेक्टिविटी की समीक्षा के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-09 (लोहाघाट-चम्पावत) के स्वाला क्षेत्र में हो रहे भू-धंसाव के स्थायी समाधान के लिए समन्वित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षाकाल से पूर्व संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण करने एवं वैकल्पिक मार्गों के सर्वेक्षण को प्राथमिकता देने को कहा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण पर विशेष बल दिया गया। साथ ही जल स्रोतों के संरक्षण के लिए 'सारा' योजना के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं भी रखीं।

इस अवसर पर विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, दर्जा मंत्री श्याम नारायण पांडे, दर्जा मंत्री हेमा जोशी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी, जिला विकास अधिकारी दिनेश डिगारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भुगतान लंबित होने से स्वास्थ्य कर्मियों में रोष


लमगड़ा में ड्यूटी के लंबित भुगतान को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन करते कर्मचारी।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले के सरकारी अस्पतालों में फार्मेसी अधिकारियों और लैब टेक्नीशियनों ने चारधाम यात्रा ड्यूटी का भुगतान लंबित रहने के विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर काम करते हुए अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने सरकार से बकाया राशि जल्द जारी करने की मांग उठाई।

सोमवार को प्रदर्शन कर रहे फार्मेसी अधिकारियों ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान उनकी ड्यूटी लगाई गई थी, जिसे उन्होंने पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निभाया। इसके बावजूद अब तक उन्हें यात्रा भत्ता और अन्य देयकों का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिला अस्पताल में हुए इस विरोध प्रदर्शन में कई फार्मेसी अधिकारी शामिल रहे। वहीं, लैब टेक्नीशियनों ने भी समान रूप से काली पट्टी बांधकर काम करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने भी लंबित भुगतान जल्द न होने की स्थिति में कार्य बहिष्कार तक की चेतावनी दी। यहां पूरन पांडे, आनंद कुमार पाटनी, आनंद सिंह बिष्ट, जेएस मनराल, पवन जोशी, सुमन बिष्ट, जेएस द्विवेदी, श्याम लाल, देवेंद्र दोसाद, महेंद्र बिष्ट, आनंद बिष्ट, प्रमोद चंद्र जोशी आदि रहे।

# स्पा सेंटरों में छापेमारी, दो पर कार्रवाई

- ऑपरेशन प्रहार के तहत चलाया छापेमारी अभियान
- स्पा सेंटरों के अलावा होटल, रेस्टोरेंट, सराय भी छाने

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में पुलिस ने स्पा सेंटरों में औचक छापेमारी की। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले भर में पुलिस का ऑपरेशन प्रहार के तहत चेकिंग अभियान जारी है। सोमवार को अल्मोड़ा पुलिस ने नगर के स्पा सेंटर, होटल, रेस्टोरेंट, सराय और आश्रमों में छापेमारी की। इस दौरान दो स्पा सेंटरों में गंभीर लापरवाही पाई गई। पुलिस ने दोनों स्पा सेंटरों के चालान काट दिए।

पुलिस को शिकायत मिली थी कि इन संस्थानों में नियम विरुद्ध गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस पर एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने टीम को छापेमारी करने के निर्देश दिए। सीओ बलवंत सिंह रावत की देखरेख में महिला थाना प्रभारी जानकी भण्डारी, एसएसआई रमेश बोरा, एसआई बीना दोसाद ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी की। इस दौरान सेवन हेवन स्पा और ब्लू स्काई रिलेक्स स्पा में गंभीर अनियमितताएं मिली। स्पा सेंटर में ना तो रजिस्टर मेंटेन था और न ही ग्राहकों के पहचान पत्र लिए गए थे। इसके अलावा कर्मचारियों के सत्यापन भी नहीं कराए गए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों सेंटरों का पांच-पांच हजार रुपये का चालान काट दिया। इसके अलावा अन्य स्पा सेंटर संचालकों को सख्त हिदायत दी कि नियमों के खिलाफ गतिविधियां मिलीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से स्पा सेंटर चालकों में हड़कंप मचा रहा।

# द्वाराहाट में 'सिंटेला' वार्षिकोत्सव का रंगारंग शुभारंभ

संवाददाता, अल्मोड़ा


द्वाराहाट में 'सिंटेला' वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार


'सिंटेला' वार्षिकोत्सव में कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान में सोमवार को वार्षिकोत्सव 'सिंटेला' का भव्य शुभारंभ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन का वर्चुअल उद्घाटन तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और डॉ. रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

वहीं संस्थान परिसर में निदेशक प्रो. संतोष कुमार हम्मपन्नावर सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कुमाउनी, गढ़वाली, पंजाबी और राजस्थानी लोकसंस्कृतियों पर आधारित गीतों और नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि भारत तकनीकी क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है और इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. संतोष कुमार हम्मपन्नावर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि आगामी सत्र से बीटेक पाठ्यक्रम में रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे आधुनिक विषय शुरू किए जा रहे हैं, जिससे छात्रों को नई तकनीकों में बेहतर अवसर मिलेंगे। दो दिवसीय 'सिंटेला' महोत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें नृत्य, युगल नृत्य, समूह नृत्य, नाटक, हास्य प्रस्तुति, वाद-विवाद, रैप प्रस्तुति, फ्री स्टाइल, स्टंट नृत्य, चित्रकला और फेस पेंटिंग शामिल है।

**ये रहे मौजूद:** डॉ. सचिन गौर, डॉ. आरसी बेलवाल, डॉ. अनंदिता साहा, डॉ. पारुल कंसल, डॉ.विजिया भंडारी, वरुण काकरान, आरपी सिंह, डॉ. कपिल चौधरी, डॉ. आरके पांडे, डॉ. सीसी तिवारी, प्रो. अनिरुद्ध गुप्ता प्रो. लता बिष्ट, डॉ. राजेंद्र भारती, डॉ. रवि कुमार, पंकज सनवाल, मयंक, अमित मोहन, डॉ. ललित गढ़िया, डॉ.रचना आर्या, डॉ. श्वेता रावत, डॉ. स्वाति वर्मा, डॉ. अर्चना वर्मा, दीपक हर्बोला, राजीव चन्याल, हरीश पंत, नवीन पपनै, गणेश अधिकारी, हिमांशु साह, वीरेंद्र कार्की, प्रदीप, निर्मल, दीपक सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अर्पित का नेशनल इंस्पायर अवॉर्ड में चयन


मेधावी छात्र अर्पित राठौर को सम्मानित करते प्रधानाचार्य कृष्णवर्धन जोशी।

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** जनपद के शैक्षिक इतिहास में एक सुनहरा अध्याय जुड़ गया है। लाला चम्भाराम विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, टनकपुर के मेधावी छात्र अर्पित राठौर ने 'इंस्पायर अवॉर्ड मानक' योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

यह पहला अवसर है जब चम्पावत जिले से किसी छात्र ने देहरादून में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में नेशनल स्तर तक अपनी जगह बनाई है। अर्पित की इस सफलता से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जनपद में उत्साह का माहौल है। अर्पित की इस असाधारण उपलब्धि के पीछे विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णवर्धन जोशी का निरंतर सहयोग रहा है। साथ ही अटल टिंकरिंग लैब के प्रभारी केशर सिंह बिष्ट और मार्गदर्शक शिक्षक संदीप जी के कुशल नेतृत्व व तकनीकी परामर्श ने अर्पित के नवाचार को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। इन गुरुजनों के मार्गदर्शन में तैयार प्रोजेक्ट ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रभावशाली छाप छोड़ी। इस स्वर्णिम सफलता पर मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, समन्वयक नवीन पंत, विद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग तथा प्रबंधन समिति ने अर्पित राठौर को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा।


उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन डिपो शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### रवि शर्मा डिपो अध्यक्ष और प्रवीण जोशी मंत्री चुने गए

**टनकपुर :** रोडवेज कर्मचारी यूनियन की डिपो कार्यकारिणी के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हो गए। नीरज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रवि शर्मा को डिपो अध्यक्ष तथा प्रवीण जोशी को डिपो मंत्री चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने निगम एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान निगम की जर्जर होती आर्थिक स्थिति पर भी मंथन किया गया। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से हुए समझौते के विपरीत बसों के संचालन के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। कर्मचारियों ने डग्गामारी समाप्त करने, डिपो को नई बसें उपलब्ध कराने, ऑफ-रूट बसों को ऑन-रूट करने सहित अन्य मांगें प्रमुखता से उठाईं। इस दौरान गौरव शर्मा ने इम्प्लॉइज यूनियन छोड़कर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। चुनाव प्रक्रिया में धीरज फर्त्याल, सुरेंद्र चिलवाल, शेर सिंह बिष्ट, पूरन सिंह, गौरव शर्मा, अनुराग सिंह, लईक हसन, हर्ष बहादुर चंद, सुरेश राणा, वसीम अहमद, संतोष, मनोज सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# समन्वय के साथ कार्य करें: सीडीओ

- द्वाराहाट की समस्याओं को लेकर विभागवार समीक्षा बैठक
- विभिन्न विभागों की शिकायतों की प्रगति पर चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्र पंचायत द्वाराहाट में पूर्व में उठाई गई समस्याओं के समाधान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीडीओ रामजीशरण शर्मा ने की, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की प्रगति का विस्तार से आकलन किया गया।

बैठक के दौरान सीडीओ ने विभागवार प्राप्त शिकायतों की स्थिति का एक-एक कर अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र पंचायत स्तर पर उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना चाहिए, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य, पंचायती राज, पूर्ति, ग्राम्य विकास और समाज कल्याण विभाग से जुड़ी शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया गया। सीडीओ ने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेने और सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों पर समन्वय बनाकर कार्य करने तथा प्रत्येक मामले की अद्यतन स्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में ब्लॉक प्रमुख द्वाराहाट आरती किरौला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मौसम | चिलचिलाती धूप में दोपहर के समय सड़कों पर कम हुई आवाजाही, बाजार में भी चहल-पहल कम दिखी

# अल्मोड़ा में उमस भरी गर्मी, 32 डिग्री पहुंचा पारा

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में चिलचिलाती धूप रही। ● अमृत विचार

**पिछले एक सप्ताह का तापमान**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 15 अप्रैल | 26 | 13 |
| 16 अप्रैल | 26 | 12 |
| 17 अप्रैल | 26 | 12 |
| 18 अप्रैल | 27 | 11 |
| 19 अप्रैल | 30 | 10 |
| 20 अप्रैल | 32 | 12 |

**अमृत विचार:** नगर में इन दिनों गर्मी का सितम बढ़ते जा रहा है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी और उमस से लोग परेशान हैं। सोमवार को मुख्यालय का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इसके बाद भी महानगरों से बड़ी संख्या में पर्यटक अल्मोड़ा पहुंच रहे हैं।

सोमवार को भी सुबह से ही मौसम साफ रहा। दिन भर चटख धूप खिली रही। दोपहर होते होते सूरज की किरणें जमीन को तपाने लगी। कर्मचारी और स्कूली बच्चे तेज धूप से काफी परेशान दिखाई दिए। वहीं, पूरे दिन माल रोड, लोअर माल रोड और नगर की मुख्य बाजार में अन्य दिनों अपेक्षा लोगों की कम चहल पहल दिखाई दी। जिला आपदा कंट्रोल रूम के मुताबिक सोमवार को नगर का अधिकतम तापमान 32 तो न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं, गर्मी का असर घाटी वाले इलाकों में भी दिखाई दे रहा है। इधर, हवालबाग क्षेत्र में उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

**ठंडे पेय पदार्थों की बढ़ी मांग:** बढ़ती गर्मी के चलते ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड काफी बढ़ गई है। गर्मी से बचने के लिए लिए लोग कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, छाछ, गन्ना का रस, नीबू पानी, शिकंजी आदि पेय पदार्थ पीकर शरीर को ठंडक प्रदान कर रहे हैं। वहीं, गर्मी के चलते अन्य दिनों की अपेक्षा बाजार की रौनक भी फीकी दिखाई दी। लोगों ने धूप से बचने को छाता का सराहा लिया।

# छात्रों को दी रोजगार की जानकारी

संवाददाता, रानीखेत


महाविद्यालय में कार्यशाला में उपस्थित अतिथि व छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्व. जेडी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में प्री-प्लेसमेंट कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय विद्यार्थी एचडीएफसी बैंक तथा एक्सिस बैंक में सहायक प्रबंधक के रूप में अपना करियर कैसे बना सकते हैं निर्धारित किया गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य एवं करियर काउंसलिंग सेल के संयोजक प्रो. पी.एन. तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता आशुतोष शुक्ला का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. राहुल चंद्रा ने मुख्य वक्ता का परिचय देते हुए विद्यार्थियों को उनके अनुभवों से अवगत कराया। डॉ. शुक्ला ने बैंक में करियर कैसे बनाएं विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा चयन प्रक्रिया, आवश्यक योग्यता और करियर के विभिन्न अवसरों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सेना में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में भी छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के दौरान कई विद्यार्थियों ने रोजगार हेतु पंजीकरण भी कराया, जो इस कार्यक्रम की उपयोगिता को दर्शाता है। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. कोमल गुप्ता द्वारा किया गया। अंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ. पीएन तिवारी ने अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं रोजगारोन्मुखी होती हैं। डॉ. प्राची जोशी, डॉ. आस्था अधिकारी, डॉ. निष्ठा शर्मा सहित करियर काउंसलिंग सेल के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पार्क में घायल अवस्था में मिला नाविक, भर्ती

**नैनीताल:** मल्लीताल पंत पार्क क्षेत्र में नाव चालक घायल और बेसुध अवस्था में मिला। राहगीरों और नाव चालकों की सतर्कता से नाव चालक को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया गया। सोमवार सुबह के समय पंत पार्क क्षेत्र में लोगों की आवाजाही के बीच एक युवक काफी देर से सड़क किनारे पड़ा दिखाई दिया। सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थानीय नाव चालकों की मदद से युवक को तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। नाव चालकों ने बताया कि युवक की काकड़ीघाट निवासी डुंगर सिंह है जो नाव चलाता है। अस्पताल में जांच के दौरान युवक शराब के नशे में प्रतीत हुआ। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि युवक के सिर में चोट से रक्तस्राव हुआ था, युवक का उपचार किया गया।

# अमृत विचार

मंगलवार, 21 अप्रैल 2026




मुझे सफलताओं से मत आंकिए, बल्कि जितनी बार गिरा हूं और गिरकर उठा हूं, उस बिना पर आकलन कीजिए।

**–नेल्सन मंडेला,** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति



## स्मार्ट मीटर पर राहत

स्मार्ट बिजली मीटरों के बारे में व्यापक जन असंतोष और आंदोलन के बाद आई सरकारी घोषणा सूबे के 82 लाख स्मार्ट मीटर धारकों के लिए बहुत राहत पहुंचाने वाला है। सिद्धांततः यह व्यवस्था क्रांतिकारी है— प्रीपेड रिचार्ज, रीयल-टाइम खपत की जानकारी, बिलिंग में पारदर्शिता और कई विवादों का अंत। इसे डिजिटल भारत के विज़न के तहत बिजली क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता और उपभोक्ता नियंत्रण का प्रतीक बताया गया था, पर प्रश्न यह कि यह योजना उपभोक्ताओं के रोष और अविश्वास का कारण क्यों बनी? समाधान ऐसी समस्या क्यों बन गई कि सरकार को ऐसे फैसले लेने पड़े।

विरोध का मूल कारण है मीटर का तेज चलना और गलत रीडिंग का संदेह, प्रीपेड बैलेंस खत्म होते ही अचानक सप्लाई कटना और रिचार्ज एवं रीकनेक्शन में तकनीकी खामियों के चलते देरी। वादा यह था कि स्मार्ट मीटर से बिलिंग की त्रुटियां खत्म होंगी, कई मामलों में उपभोक्ताओं से पहले से अधिक बिल आने की शिकायत मिली। आम उपभोक्ता चाहता है कि नई व्यवस्था से उसकी जेब पर बोझ कम हो तथा अबाध विद्युत आपूर्ति मिले। यदि ऐसा अनिश्चित है, तो विरोध स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश में 82 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, इसके बाद आगे की स्वीकृति इससे ज़रूर प्रभावित होगी। इसी दबाव में राज्य सरकार ने 45 दिन तक बिजली न काटने, शून्य बैलेंस पर 3 दिन सप्लाई जारी रखने और रविवार या अवकाश पर डिस्कनेक्शन न करने जैसे राहत उपाय घोषित किए, पर ये कदम अस्थायी राहत देंगे, स्थायी समाधान नहीं। तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक नए स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक का फैसला बताता है कि समस्या गंभीर है। समिति को जिन बिंदुओं पर ध्यान देना होगा, उनमें मीटर की सटीकता का स्वतंत्र ऑडिट, डेटा ट्रांसमिशन की विश्वसनीयता, बिलिंग-सिस्टम और भुगतान-गेटवे के बीच तालमेल और शिकायत निवारण की समयबद्ध व्यवस्था शामिल होनी चाहिए। आज इंटरनेट या मोबाइल रिचार्ज की तरह निर्बाध समन्वय बिजली प्रणाली में नहीं दिखता। यही इस व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी है। कंपनियां, जो तकनीकी और वित्तीय रूप से सक्षम हैं, वे त्वरित विस्तार का दबाव, गुणवत्ता नियंत्रण की कमी और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप सिस्टम के अभाव में विफल हो रही हैं। कई जगह नेटवर्क कनेक्टिविटी, सर्वर क्षमता और फील्ड सपोर्ट बहुत कमजोर है, लेकिन उलटे वे उपभोक्ता को ही दोषी ठहराने पर उतारू हैं, जिससे उपभोक्ताओं में नई व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

विश्वसनीयता ही कंपनियों की सबसे बड़ी पूंजी है, भले सरकार निजी कंपनियों को नुकसान में नहीं जाने देगी, लेकिन जनविश्वास नहीं बढ़ा तो राजस्व घटेगा, इसलिए उन्हें सुधार तो करने ही होंगे। स्मार्ट मीटर भविष्य की अनिवार्यता हैं, पर भरोसा वर्तमान की शर्त है। तकनीक तभी सफल होगी जब वह उपभोक्ता के लिए 'भरोसेमंद सुविधा' बने, 'सांसत' नहीं। यह प्रणाली तभी निरापद होगी, जब थर्ड-पार्टी कैलिब्रेशन और पब्लिक डैशबोर्ड पर पारदर्शी डेटा होगा, रीयल-टाइम, फेल-सेफ आईटी सिस्टम भुगतान, बिलिंग व कनेक्शन के बीच निर्बाध समन्वय बनेगा।

### प्रसंगवश

## वीआईपी दर्शन का बढ़ता चलन और आम श्रद्धालु

भारत जैसे देश में, जहां धर्म और आस्था केवल व्यक्तिगत विश्वास का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, वहां मंदिरों और तीर्थ स्थलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। ये स्थान सदियों से समानता, शांति और आध्यात्मिक संतुलन के प्रतीक माने जाते रहे हैं। 'भगवान के दरबार में सब बराबर हैं'- यह वाक्य केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहरी मान्यता रहा है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस मान्यता पर प्रश्नचिह्न लगते दिखाई दे रहे हैं।

देश के कई प्रमुख मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर वीआईपी दर्शन, विशेष पूजन-अभिषेक और आरती के नाम पर भारी शुल्क वसूले जा रहे हैं। इन सेवाओं के बदले श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से मुक्ति, कम समय में दर्शन और अधिक सुविधाजनक अनुभव दिया जाता है। पहली नजर में यह व्यवस्था एक विकल्प के रूप में दिखाई देती है, लेकिन जब इसका असर आम श्रद्धालुओं के अनुभव पर पड़ता है, तब यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन जाती है।



**डॉ. सत्यवान सौरभ**
लेखक

आज स्थिति यह है कि एक ओर वे लोग हैं, जो अतिरिक्त पैसे देकर कुछ ही मिनटों में आराम से दर्शन कर लेते हैं, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में आम लोग घंटों, कभी-कभी पूरे दिन, कतारों में खड़े रहते हैं। इस दौरान उन्हें भीड़, धक्का-मुक्की, बदतमीजी और कई बार मारपीट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह अनुभव केवल असुविधाजनक नहीं, बल्कि अपमानजनक भी होता है, विशेषकर तब जब व्यक्ति अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ वहां पहुंचा हो।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या आस्था भी अब एक 'प्रीमियम सेवा' बनती जा रही है? क्या भगवान के दर्शन के लिए भी आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव होना चाहिए? यह स्थिति केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में बढ़ती असमानता का प्रतिबिंब भी है। राशन की दुकानों से लेकर गैस सिलेंडर की लाइन तक और अब मंदिरों तक—मिडल क्लास और आम आदमी के हिस्से में अक्सर अव्यवस्था और संघर्ष ही आता है।

मंदिरों में कार्यरत कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। कई मामलों में आम श्रद्धालुओं के साथ कठोर और अपमानजनक व्यवहार किया जाता है, जबकि वीआईपी लोगों के साथ अत्यधिक विनम्रता दिखाई जाती है। यह दोहरा व्यवहार समाज में पहले से मौजूद वर्ग विभाजन को और गहरा करता है।

धार्मिक स्थलों की मूल भावना पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं होते, बल्कि वे मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन के केंद्र होते हैं। जब वहां पहुंचने वाला व्यक्ति अव्यवस्था, भीड़ और भेदभाव का सामना करता है, तो उसकी आध्यात्मिक अनुभूति प्रभावित होती है। यह अनुभव उसे निराश और हताश कर सकता है।

जरूरी है कि समाज स्वयं इस मुद्दे पर जागरूक हो। जब तक लोग इस असमानता को सामान्य मानते रहेंगे, तब तक इसमें बदलाव आना कठिन है। आस्था का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि समानता, करुणा और न्याय जैसे मूल्यों को अपनाना भी है। यह जरूरी है कि हम इस मुद्दे को गंभीरता से लें और मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर श्रद्धालु को यह महसूस हो कि वह वास्तव में भगवान के दरबार में है, जहां सब बराबर हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# श्रम को सम्मान और अधिकार देने का प्रश्न





**अनिल त्रिगुणायत**
लखनऊ

किसी देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में मजदूरों की भूमिका शरीर में प्रवाहित लहू मानिंद होती है। मजदूर ही हैं, जिसके श्रम की बदौलत राष्ट्र के विकास की ऊंची इमारत खड़ी होती है। सूक्ष्म संरचनाओं से लेकर बड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में यह वर्ग विकास की धूरी होता है। यह सच है कि विकास के लिए संसाधन मायने रखते हैं, किंतु बिना श्रम संसाधन वैसे ही हैं, जैसे 'बिना इंजन की मर्सिडीज' गाड़ी। आशय यह कि मजदूर ही वह असल शिल्पकार होता है, जिसके कठोर श्रम से विकास की बगिया लहलहाती है, लेकिन कई दशकों के बाद भी मजदूरों की स्थिति में आमूलचूल सुधार क्यों नहीं हो पा रहा है।

गांव-जवार, खेत-खलिहान, रिश्ते-नाते, भाई-बंधु छोड़कर देश-प्रदेश के शहरों-कस्बों के उद्योगों तथा प्रतिष्ठानों को गति प्रदान करने वाले मजदूरों के लिए फलदायी योजना क्यों नहीं मूर्तरूप ले पा रही? वह चाहे सरकारें हों या उद्योगों के मालिक। चाहे स्वयंसेवी संगठन हों या मजदूर दिवस पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले अलमबरदार। आखिर मजदूरों के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं? देश में असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति तो वैसी ही कि 'जबरा मारे भी और रोवे भी न दे'।

> चाहे स्वयंसेवी संगठन हों या मजदूर दिवस पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले अलमबरदार। आखिर मजदूरों के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं? देश में असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति तो वैसी ही कि 'जबरा मारे भी और रोवे भी न दे'।

मजदूरों के हितों की रक्षा और उनकी बेहतरी को वैसे तो केंद्र से लेकर राज्य सरकारों ने कथित 'भगीरथ प्रयास' कर रखे हैं। केंद्रीय श्रम मंत्रालय के अलावा राज्य सरकारों के संबंधित विभागों में अधिकारियों-कर्मचारियों की भारी भरकम फौज मजदूरों की सेवा का दंभ भर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि मजदूरों लिए विभागीय कृत्य-प्रयास आज भी या तो फाइलों में हैं या जमीनी हकीकत से कोसों दूर।

देश में अधिकांश मजदूर कृषि निर्माण और घरेलू कार्यों में लगे रहते हैं। इन असंगठित क्षेत्रों में मजदूरों के साथ न तो कोई लिखित अनुबंध होता है, न ही छुट्टी या स्वास्थ्य बीमा की सुविधा ही दी जाती है। मूल कारण यह कि बाजार में श्रम की आपूर्ति मांग से बहुत अधिक है, इसलिए उद्योगों तथा विनिर्माण क्षेत्र में कम वेतन पर भी मजदूर मिल जाते हैं। एक ही काम के लिए जब 'दस हाथ' मिल जाते हैं, तो नियोक्ता की 'पौ बारह' हो जाती है। नतीजतन वह मजदूरों को औने-पौने वेतन या मजदूरी पर कार्य कराता है, उनका शोषण करता है।

भारत में वर्ष 1991 में व्यापक आर्थिक सुधार किए गए। श्रम कानूनों को लचीला बनाया गया। निर्मित नीतियों से नियोक्ताओं को कानूनी पाबंदियों से कुछ छूट मिल गई। परिणामस्वरूप मजदूरों का शोषण बढ़ता ही गया। अधिकांश मजदूरों में तकनीकी कौशल या औपचारिक शिक्षा न के बराबर होती है। उनके उपेक्षित होने का यह भी अहम कारण है। तात्पर्य यह कि समाज को समर्पित मजदूरों को 'समाज' ने ही तिरस्कृत कर रखा है।

मिल मालिकों द्वारा मजदूरों के शोषण आधारित बालीवुड फिल्में पहले खूब बना करती थीं। मजदूरों के संघर्षों तथा गानों को निर्देशक इतनी संवेदनशीलता के साथ दिखाते थे कि हाल में बैठा दर्शक अपने को मजदूर या मजदूरों का हितैषी ही मान बैठता था। यही हाल आज भी है। भारत में मजदूरों की दशा पर महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की कलम खूब चली। उन्होंने मजदूरों के शोषण पर आधारित फिल्म 'मिल मज़दूर' (1934) की पटकथा लिखी, एक छोटी सी भूमिका भी निभाई थी। बताते हैं कि फिल्म का एक डायलाग मजदूरों के हित में इतना असरदार था कि तत्कालीन टेक्सटाइल हब बंबई (अब मुंबई) में श्रमिकों ने मिल मालिकों के खिलाफ जमकर आंदोलन किया था।

एक दौर ऐसा भी था, जब निजी क्षेत्र के मिल मालिकों तथा सरकारी उद्योगों के प्रबंधनों के खिलाफ मजदूर संगठन आक्रोश व्यक्त करते रहते थे। मजदूर संगठनों में शामिल श्रमिकों के साथ जब-जब शोषण की बात सामने आई, तो आंदोलन हुआ। 'जनता जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद, हर जोर-जुल्म की टक्कर में, संघर्ष हमारा नारा है, चाहे जो मजबूरी हो, हमारी मांगे पूरी हों, अभी तो अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है, जो हम से टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा, जैसे जोशीले नारे उद्योगों तथा सरकारी तंत्र के गलियारों में आज भी गूंजते हैं।

असंगठित क्षेत्र का, जीडीपी व रोजगार में योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान है। देश के कुल श्रमिकों में से शहरी क्षेत्रों में लगभग 72 प्रतिशत मजदूर असंगठित क्षेत्र में लगे हुए हैं। शहरी विकास में तो इनका योगदान अत्यधिक है। आर्थिक सर्वेक्षण-2025 के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में लगभग 50 करोड़ श्रमिक हैं, जो देश के कुल कार्यबल का करीब 90 प्रतिशत है।

फैक्ट्रियां, औद्योगिक इकाइयां, होटल, रेस्तरां और कई अन्य प्रतिष्ठान असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की बदौलत ही चलते हैं। इसमें ऊबर और ओला ड्राइवर, राजमिस्त्री, बढ़ई, फूड डिलीवरी बॉय, पेंटर, प्लंबर आदि भी शामिल हैं। कुछ दिन पहले यूपी सरकार ने न्यूनतम मजदूरी की दर तय करते हुए मजदूरों को राहत दी है, लेकिन मजदूरों के लिए अभी भी काफी कुछ किया जाना शेष है। औद्योगिक स्थलों पर उनकी सुविधाओं की दरकार तो है ही, सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा के भी वे हकदार हैं।

हालिया दिनों में केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों के लिए ठोस व तार्किक कार्य किए हैं। श्रम सुधारों को नव स्वरूप दिया है, लेकिन निर्मित गाइडलाइंस तभी प्रासंगिक है, जब उसका लाभ मजदूरों तक सही रूप में प्राप्त हो। चूंकि, असंगठित क्षेत्रों में मजदूरों की अधिकता है, अतएव उनके हितों के लिए निर्मित नियमों का अपेक्षित क्रियान्वयन जरूरी है। उपेक्षा का शिकार बने मजदूरों के लिए आमजन को भी अपनी सोच बदलनी होगी। देश की समृद्धि के लिए अपना खून-पसीना बहाने वाले मजदूरों को उनका अधिकार व मान देने में हमें कोई हर्ज तो नहीं होना चाहिए।

### आमने



17 अप्रैल का दिन ऐतिहासिक बन सकता था, लेकिन विपक्ष ने इसे 'काला पन्ना' बना दिया। कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन करने के बावजूद महिलाओं को उनका उचित अधिकार नहीं दिया। अब समय बदल रहा है और महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं।

**–भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

### सामने

वर्ष 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को अब तक लागू नहीं किया जाना सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की जनता को जवाब देने से बच रहे हैं और दिल्ली से तय एजेंडे के अनुसार काम कर रहे हैं।

**–टीकाराम जूली**
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान



# वैश्विक उथल-पुथल से निवेशकों में उलझन



**रजत मेहरोत्रा**
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

साल 2026 निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण और अनिश्चितता भरा समय लेकर आया है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। इसके साथ ही तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, सोना-चांदी जैसी कमोडिटी में तेजी और गिरावट ने निवेश को और मुश्किल बना दिया है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बाहरी देशों पर निर्भर हैं, इन परिस्थितियों से सीधे प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में हर निवेशक के मन में एक सवाल है- 2026 में पैसा कहां लगाएं?

मध्य-पूर्व में चल रहे तनाव के कारण तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। तेल महंगा होता है, तो परिवहन और उत्पादन की लागत भी बढ़ जाती है। इससे महंगाई बढ़ जाती है। महंगाई बढ़ने से निवेश से मिलने वाला असली फायदा (रियल रिटर्न) कम हो जाता है। दूसरी तरफ, सोना और चांदी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले निवेश भी इस समय पूरी तरह स्थिर नहीं हैं।

कभी इनकी कीमतें तेजी से बढ़ती हैं, तो कभी अचानक गिर जाती हैं। इससे यह साफ हो जाता है कि केवल एक ही जगह निवेश करना आज के समय में सही नहीं है। ऐसी स्थिति में निवेश का सबसे अच्छा तरीका है- विविधता (Diversification), सुरक्षा (Protection) और विकास (Growth)। इसका मतलब है कि आपको अपना पैसा अलग-अलग जगहों पर लगाना चाहिए, ताकि एक जगह नुकसान हो तो दूसरी जगह से फायदा मिल सके। एक संतुलित पोर्टफोलियो ही इस समय सबसे सुरक्षित और समझदारी भरा विकल्प है।

> साल 2026 निवेशकों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण और अनिश्चितता भरा समय लेकर आया है। ऐसे में हर निवेशक के मन में एक ही सवाल है– 2026 में पैसा कहां लगाएं?

इक्विटी यानी शेयर बाजार अभी भी लंबी अवधि में पैसा बढ़ाने का सबसे अच्छा माध्यम है, लेकिन 2026 में सही सेक्टर चुनना बहुत जरूरी है। रक्षा (Defence), नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy), बैंकिंग और टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। युद्ध की स्थिति में रक्षा कंपनियों की मांग बढ़ती है, जबकि तेल महंगा होने पर नवीकरणीय ऊर्जा का महत्व बढ़ता है। टेक्नोलॉजी और AI से जुड़ी कंपनियां भविष्य में तेजी से बढ़ सकती हैं।

निवेशकों को अच्छी और मजबूत कंपनियों में धीरे-धीरे SIP के माध्यम से निवेश करना चाहिए, ताकि बाजार के उतार-चढ़ाव का असर कम हो सके। सोना और चांदी आज भी निवेश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये पूरी तरह स्थिर नहीं हैं, लेकिन मुश्किल समय में आपके पोर्टफोलियो को सुरक्षा देते हैं। निवेशकों को फिजिकल गोल्ड खरीदने की बजाय Gold ETF या Sovereign Gold Bond जैसे विकल्प चुनने चाहिए।

फिक्स्ड इनकम निवेश जैसे बैंक FD, सरकारी बॉन्ड और डेट म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो को स्थिरता देते हैं। जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है, तब ये निवेश नियमित आय और सुरक्षा प्रदान करते हैं। खासकर उन लोगों के लिए यह जरूरी है, जो कम जोखिम लेना चाहते हैं। इसके अलावा, थोड़ा पैसा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेश करना भी अच्छा होता है। इससे आपका जोखिम कम होता है और आपको दूसरे देशों की ग्रोथ का फायदा मिलता है। आप इंटरनेशनल म्यूचुअल फंड या ETF के जरिए यह निवेश कर सकते हैं। कुछ निवेश जैसे REITs और InvITs भी पोर्टफोलियो में शामिल किए जा सकते हैं। ये आपको अलग तरह का रिटर्न देते हैं और निवेश को और संतुलित बनाते हैं, हालांकि इनमें बहुत ज्यादा निवेश नहीं करना चाहिए।

आज के समय में एक और महत्वपूर्ण पहलू है- लिक्विडिटी यानी जरूरत पड़ने पर तुरंत पैसा उपलब्ध होना, इसलिए निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो का एक हिस्सा लिक्विड फंड या सेविंग इंस्ट्रूमेंट्स में रखना चाहिए, ताकि किसी आपात स्थिति में उन्हें परेशानी न हो। इसके साथ ही, बीमा (Insurance) को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हेल्थ इंश्योरेंस और टर्म इंश्योरेंस आपकी वित्तीय सुरक्षा का आधार होते हैं और अनिश्चित समय में बहुत मददगार साबित होते हैं।

इसके अतिरिक्त, निवेशकों को कर योजना (Tax Planning) पर भी ध्यान देना चाहिए। सही निवेश विकल्प जैसे ELSS, PPF या टैक्स सेविंग बॉन्ड न केवल आपको टैक्स बचाने में मदद करते हैं, बल्कि दीर्घकाल में अच्छा रिटर्न भी प्रदान करते हैं। बदलते आर्थिक माहौल में वित्तीय जागरूकता और सही जानकारी होना उतना ही जरूरी है, जितना निवेश करना। निवेश करते समय सबसे जरूरी चीज है धैर्य और अनुशासन। बाजार ऊपर-नीचे होता रहेगा, लेकिन आपको घबराकर गलत फैसले नहीं लेने चाहिए।

लंबे समय तक निवेश बनाए रखना और समय-समय पर अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करना सफलता की कुंजी है। (यह लेख जानकारी के लिए है। निवेश करने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार से सलाह जरूर लें।)

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## परवरिश का असर

महाभारत पर लिखा गया भैरप्पा का बेहद प्रसिद्ध उपन्यास है 'पर्व'। इसमें सारे चमत्कारों को हटाकर महाभारत की कहानी को वास्तविकता के निकट लाकर लिखा गया है।

इसमें कंस के जन्म की कहानी है। कंस राजा उग्रसेन का बेटा था, तो फिर वो राक्षस कैसे हो गया? यहां लेखक ने बच्चे के मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए कल्पना की है।



**अनुरोध शर्मा**
लेखक

उग्रसेन की पत्नी जंगल के सरोवर के निकट शिकार पर जाती थी और वहां उसकी मुलाक़ात द्रोमिल नाम के राक्षस से हो गई। दोनों में संबंध बने। अब तक उग्रसेन की पत्नी जो गर्भवती नहीं हो पाती थी, उस राक्षस के बच्चे की मां बन गई। ये बच्चा हुआ 'कंस' जिसे उग्रसेन ने सब कुछ जानते हुए भी बदनामी के डर से पाला। बाद में उग्रसेन की पत्नी अपने पति उग्रसेन से कई और बच्चों की भी मां बनी, लेकिन राक्षस का बेटा होने की वजह से कंस और बच्चों से कहीं अधिक शक्तिशाली था।

पर क्या सिर्फ़ राक्षस की संतान होने से ही कंस राक्षस हो गया? लेखक का जवाब है, नहीं।

कहानी आगे कहती है कि क्यूंकि उग्रसेन ये जानता था कि कंस उसकी संतान नहीं है, तो उसने कंस को कभी पिता का प्यार दिया ही नहीं। दूसरे बच्चों की तरह कंस भी पिता की गोद में बैठना चाहता था, लेकिन उग्रसेन उसे बैठने न देता। बाकी भाई-बहनों को जो स्नेह मिलता, वो कंस के हिस्से कभी न आया।

कंस के मन में जो पिता के प्रति नफ़रत भरी उसकी वजह पिता ही थे। उनका कंस के प्रति आचरण था। पिता द्वारा दी गई परवरिश थी।

आखिरकार बड़े होकर कंस ने अपने पिता को जेल में डाल दिया और खुद राजा बन बैठा। कंस को राक्षस कहा गया, लेकिन किसी ने इस बात की पड़ताल करने की कोशिश नहीं की कि कंस के राक्षस होने की वजह क्या रही।

परवरिश, माहौल, संगत और विचार बच्चे के कोमल मन पर बहुत असर डालते हैं। आज के माहौल में बच्चे जिस तरह बड़े हो रहे हैं, जिस तरह हम उन्हें बड़ा कर रहे हैं, उसके बाद अगर वो रोबोट बन रहे हैं, तो किसकी गलती है?

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## महिला विधेयक जनगणना बाद ही अब होगा लागू

2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा नहीं मिल पाएगी, क्योंकि सरकार ये संशोधन इसलिए ला रही थी, ताकि आरक्षण जल्द से जल्द लागू हो सके। फिलहाल नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 लागू है। इसमें प्रावधान है कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण अगली जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के आधार पर लागू होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि जनगणना के अंतिम परिणाम 2027 में आएंगे। तब कहीं जाकर पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया संभव होगी। इस परिसीमन को लेकर ही संशोधन विधेयक अटक गए हैं, हालांकि सत्ता पक्ष ने भरोसा दिलाया था कि सीटें बढ़ेंगी, तभी महिलाओं के लिए आरक्षण का सही लाभ मिलेगा और सभी राज्यों में एक समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोत्तरी होगी। अमित शाह ने इस दलील को विधेयक में दर्ज करने की मंशा भी प्रकट कर दी थी।



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ पत्रकार

विपक्ष की यह आशंका बनी रही कि परिसीमन के बहाने सीटों की संरचना कुछ इस तरह से निर्धारित होगी कि भाजपा समर्थित वोट बड़ी संख्या में क्षेत्र में समा जाएं। विपक्ष को सरकार द्वारा जताया गया कोई भी फार्मूला रास नहीं आया, दरअसल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों के दल प्रमुखों ने यह अंदाजा लगा लिया कि इन प्रांतों में जनसंख्या कम होने के कारण राजनीतिक रूप से वे नुकसान में रहेंगे। अतएव तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तो परिसीमन को लेकर दक्षिण में मोर्चाबंदी भी शुरू कर दी थी।

राज्य में काले झंडे लेकर प्रदर्शन करने का एलान तक कर दिया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस पहल को संघीय ढांचे को कमजोर करने और दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक आवाज को दबाने वाला कदम बता दिया था और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा था कि इतना बड़ा संवैधानिक बदलाव सभी दलों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इन साझा आवाजों की बुलंदी ने इन विधेयकों को पारित नहीं होने दिया।

इन विधेयकों को अटकाने के लिए विपक्ष ने कोटे में कोटा देने का उपाय की भी मांग कर डाली। मायावती ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत कोटे में एससी-एसटी और ओबेसी की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था हो।

हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी अथवा स्त्रीजन्य विषमताएं व भेदभाव समाप्त हो जाएंगे।

लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17% है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल नौ फीसदी है। अब 2027 में 2011 की जनगणना के आंकड़े आने के बाद नए परिसीमन में लोकसभा और विधानसभाओं की सीटें अप्रत्याशित रूप में बढ़ सकती हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# प्रभु नाथ धाम: जहां पहुंच कर श्रद्धालु होते हैं धन्य

नेपाल अपनी उत्पत्ति काल से ही देवर्षि, महर्षियों तथा अनेक देव स्थलों का देश रहा है। यहां आज भी अनेक पौराणिक स्थल, सिद्ध संत तथा महात्माओं की जन्मभूमि और कर्मभूमि अभी मौजूद हैं, जहां नेपाल ही नहीं भारत के भी हजारों श्रद्धालु आते रहते हैं। यहां की पवित्र भूमि पर भारत से भी कई साधक संत आए और यहीं के होकर रह गए। ऐसा ही एक पवित्र स्थल स्वर्ग द्वारी है, जिसे प्रभु नाथ धाम के नाम से भी जाना जाता है। प्रभु नाथ धाम नेपाल के सुदूर पश्चिम प्यूठान जिले में ऊंचे पहाड़ पर स्थित है।



यशोदा श्रीवास्तव
लेखक

## स्फूर्ति के संचार की अनुभूति

यूं तो यहां सावन मास में श्रद्धालुओं का रेला लगता है, लेकिन हाल के वर्षों से हर महीने यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु आने लगे हैं। यहां आने के लिए मुख्यतः दो रास्ते हैं। यूपी के बहराइच जिले से होकर नेपाल के बांके से होकर आ सकते हैं। इस रास्ते करीब 150 किमी दूरी तय कर भिंगरी होते हुए प्रभु नाथ धाम तक पहुंचा जा सकता हैं। दूसरा रास्ता सिद्धार्थनगर जिले के बढ़नी नेपाल सीमा पार कर कृष्णा नगर से आना होता है, जहां से बसें, छोटी बसें यहां तक आती हैं। लोग अपने निजी साधनों से भी आते हैं। बसों का किराया प्रति व्यक्ति 500 से 700 रूपए तक है। नेपाल के भालू बांग से पहाड़ के दुर्गम रास्तों से होकर भिंगरी पहुंचना होता है। भिंगरी से प्रभु नाथ धाम तक के करीब 30 किमी तक पहाड़ी मार्ग बहुत ही घुमावदार है, जिसे पूरा कर पाना बेहद कठिन है। इन कठिन मार्ग को पूरा कर श्रद्धालु प्रभु नाथ धाम के निकट वहां तक पहुंचते हैं, जहां से 700 सीढ़ी चढ़ कर इस पवित्र और पूज्यनीय स्थल तक पहुंचना होता है। जाहिर है इतनी विकट और पहाड़ की लंबी यात्रा से थकान और सुस्ती से चूर हो जाना लाजिमी है, लेकिन चमत्कार यह है कि यहां पहुंचते ही गजब की स्फूर्ति के संचार की अनुभूति होती है। प्रभुनाथ आश्रम का वृतांत अनंत है। यहां ऋषि-मुनियों की तपस्या के भी ढेरों उदाहरण हैं। इस पुण्य भूमि का खास महत्व एक चमत्कारिक संत 1008 महा प्रभु हंसानंद महराज से जाना जाता है। यह तपस्वी संत 75 वर्ष पूर्व यहीं ब्रम्हलीन हुए थे। यहीं पर उनकी समाधि है। इस स्थल की बढ़ती महत्ता को देखते हुए स्थानीय नगरपालिका प्रशासन और नेपाल सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम कर रखें हैं। सरकारी अस्पताल, धर्म शाला, गौशाला सब कुछ यहां उपलब्ध है।




### लोकमान्यता

प्रभु हंसानंद के महात्म्य की अनेक कहानियां है। यहां मौजूद पुजारी और आसपास के लोग इसे कहानी नहीं उनका प्रताप मानते हैं। नेपाल ही नहीं भारत के प्रयागराज, हरिद्वार,काशी आदि जगहों तक उनके भक्त विराजमान हैं। प्रभु हंसानंद के विपत्ति में अपने भक्तों की मदद करने के ढेर सारी किंवदंतियां यहां हर जुबान पर हैं। बताते हैं कि सदियों पूर्व किसी ऋषि ने भविष्यवाणी की थी कि सल्यान जिले के रुमटी गांव में गौतमवंश में भगवान का अवतार होगा। उसका कर्म क्षेत्र प्युठान जिले का दुर्गम पहाड़ी होगा। आगे चलकर लोग इसे स्वर्गद्वारी के नाम से जानेंगे और यह एक सिद्धपीठ तीर्थ स्थल होगा। प्रभु हंसानंद महराज का जन्म रुमटी गांव में ही हुआ था। वे यहां आए, वर्षों तक तपस्या की और यहीं ब्रह्मलीन हुए। प्रभु हंसानंद महाराज को लोग अवतारी पुरुष मानते हैं। आगे चलकर उनके द्वारा किए गए शुभ-अशुभ भविष्यवाणियों से भी यह सिद्ध होता है। कुछ वर्ष पूर्व नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप की भविष्यवाणी उन्होंने दशकों पूर्व की थी। यहां के



पुजारी बताते हैं कि स्वर्गद्वारी के महाप्रभु हंसानंद महाराज जी यज्ञों के साथ गोपालात्मा बनकर भगवान कृष्ण के समान हजारों गायों को पालने और उन्हें चराने का काम स्वयं करते थे। यहां आश्रम पर आज भी सैकड़ों गायों का पालन होता है। बताते हैं कि यहां आकर सच्चे मन और पवित्र भाव से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। यहां आसपास के लोग बताते हैं कि भाव और श्रद्धा से जो भी स्मरण किया सबके कष्ट अवश्य ही दूर होते हैं।

**पौराणिक कथा**

# हृदय रूपी मंदिर का रहस्य



एक बार भगवान दुविधा में पड़ गए। कोई भी मनुष्य जब मुसीबत में पड़ता है, तब मेरे पास भागा-भागा आता है। मुझे सिर्फ अपनी परेशानियां बताने लगता है। मेरे पास आकर कभी भी अपने सुख या अपनी संतुष्टि की बात नहीं करता। मेरे से कुछ न कुछ मांगने लगता है।

भगवान ने इस समस्या के निराकरण के लिए देवताओं की बैठक बुलाई और बोले- "हे देवों, मैं मनुष्य की रचना करके कष्ट में पड़ गया हूं। कोई न कोई मनुष्य हर समय शिकायत ही करता रहता है, जबकि मैं उन्हें उसके कर्मानुसार सब कुछ दे रहा हूं। फिर भी थोड़े से कष्ट में ही मेरे पास आ जाता है, जिससे न तो मैं कहीं शांतिपूर्वक रह सकता हूं, न ही शाश्वत स्वरूप में रहकर साधना कर सकता हूं। आप लोग मुझे कृपया ऐसा स्थान बताएं, जहां मनुष्य नाम का प्राणी कदापि न पहुंच सके।"

प्रभु के विचारों का आदर करते हुए देवताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट करने शुरू किए। गणेश जी बोले- "आप हिमालय पर्वत की चोटी पर चले जाएं।" भगवान ने कहा- "यह स्थान तो मनुष्य की पहुंच में हैं।" उसे वहां पहुंचने में अधिक समय नहीं लगेगा। इंद्रदेव ने सलाह दी- "आप किसी महासागर में चले जाएं।" वरुण देव बोले- "आप अंतरिक्ष में चले जाइए।"

भगवान ने कहा- "एक दिन मनुष्य वहां भी अवश्य पहुंच जाएगा।" भगवान निराश होने लगे थे। वह मन ही मन सोचने लगे- "क्या मेरे लिए कोई भी ऐसा गुप्त स्थान नहीं हैं, जहां मैं शांतिपूर्वक रह सकूं"। अंत में सूर्य देव बोले- "प्रभु ! आप ऐसा करें कि मनुष्य के हृदय में बैठ जाएं। मनुष्य अनेक स्थान पर आपको ढूंढने में सदा उलझा रहेगा, क्योंकि मनुष्य बाहर की प्रकृति की तरफ को देखता है। दूसरों की तरफ को देखता है खुद के हृदय के अंदर कभी झांककर नहीं देखता। इसलिए वह यहां आपको कदापि तलाश नहीं करेगा। करोड़ों में कोई एक जो आपको अपने हृदय में तलाश करेगा। वह आपसे शिकायत करने लायक नहीं रहेगा, क्योंकि उसकी बाहरी इच्छा शक्ति खत्म हो चुकी होगी।"

ईश्वर को सूर्य देव की बात पसंद आ गई। उन्होंने ऐसा ही किया और भगवान हमेशा के लिए मनुष्य के हृदय में जाकर बैठ गए। उस दिन से मनुष्य अपना दुख व्यक्त करने के लिए ईश्वर को मंदिर, पर्वत-पहाड़, कंदरा-गुफा ऊपर, नीचे, आकाश, पाताल में ढूंढ रहा है, पर वह मिल नहीं रहें हैं। परंतु मनुष्य कभी भी अपने भीतर ईश्वर को ढूंढने की कोशिश नहीं करता है। इसलिए मनुष्य 'हृदय रूपी मंदिर' में बैठे हुए ईश्वर को नहीं देख पाता और ईश्वर को पाने के चक्कर में दर-दर घूमता है, पर अपने हृदय के दरवाजे को खोलकर नहीं देख पाता। हृदय रूपी मंदिर में बैठे हुए ईश्वर को देखने के लिए मन रूपी द्वार का बंद होना अति आवश्यक है, क्योंकि मन रूपी द्वार संसार की तरफ खुला हुआ है और हृदय रूपी मंदिर की ओर बंद है।

*-सतीश कुमार गर्ग*



# सेहतमंद समाज और धार्मिक संस्थाओं की भूमिका

पृथ्वी का लगभग संपूर्ण मानव समाज किसी-न-किसी धर्म से जुड़ा हुआ है। मनुष्य का स्वास्थ्य, आचरण एवं व्यवहार तथा स्वास्थ्य से जुड़ी सामाजिक मान्यताएं कहीं-न-कहीं धार्मिक आस्था पर आधारित हैं। मंदिर, मठ, गुरुद्वारा, मस्जिद, गिरजाघर, आदि जैसे धार्मिक स्थल न केवल व्यक्ति की पूजा के पवित्र स्थान होते हैं, बल्कि वे समुदाय के लोगों की दैनिक दिनचर्या से जुड़े उनके सामाजिक, सार्वजनिक पहलुओं का आधार भी होते हैं। विश्वभर में प्रचलित अनेक धार्मिक संस्थाओं के बीच कुछ-न-कुछ समानता अवश्य देखी जाती है। लोगों का अपने धार्मिक स्थलों के साथ पारंपरिक अथवा औपचारिक तौर पर गहरा जुड़ाव देखा जाता है। लोगों का व्यक्तिगत अथवा समुदाय का सामूहिक स्वास्थ्य और बीमारी से जुड़े आचरण उनकी धार्मिक संस्थाओं की शक्ति से प्रभावित होने के संकेत मिलते हैं।



विगत वर्षों में सामान्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देने तथा रोगों से बचने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों और आस्था से जुड़े अनेक समूहों एवं अन्य धार्मिक संस्थाओं के बीच एक सहयोग देखा जाता था। परंतु सरकारों द्वारा, खासकर कोविड-19 जैसे स्वास्थ्य संकट के दौरान मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर जैसे पवित्र पूजा स्थलों के माध्यम से न केवल रोगियों, बल्कि समुदाय के सभी पीड़ित व्यक्तियों की आपातकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति करने, आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने, मौत की कगार पर खड़े रोगियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था, ऑक्सीजन सिलेंडरों को उपलब्ध कराने जैसी अनेक गतिविधियों में सहायता प्रदान की गई।

इनके अलावा, स्थानीय रूप से व्याप्त रोगों पर नियंत्रण रखने के लिए धर्म एवं आध्यात्मिक गुरुओं द्वारा स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति शुरुआती जागरूकता उत्पन्न करने, रोग की समस्या से जुड़ी अवधारणाएं को दूर करने अथवा उन्हें मिटाने तथा रोग एवं रोगी की पहचान करने में समुदाय के लोगों की भागीदारी को बढ़ाने में बढ़-चढ़ कर सहायता प्रदान की जाती है। कोविड-19 महामारी के दौरान अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा बेघर, बेरोजगार, पीड़ित-लाचार व्यक्तियों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास एवं विकास पोषण की व्यवस्था की गई थी, जो उनकी सेवा समर्पित भावना के अद्वितीय उदाहरण हैं। टीबी और कई प्रकार के अन्य संचारी रोगों की स्थिति में भी धार्मिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समुदाय में व्याप्त कुछ प्रकोपों को रोकने एवं उन पर काबू पाने में सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन में धार्मिक संस्थाओं की भूमिका पर कुछ अध्ययन किए गए हैं, परंतु सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए संचालित कार्यक्रमों में पूजा स्थलों की भूमिका की जांच पर प्रामाणिक जानकारी का अभाव रहा है। इन पहलुओं पर जानकारी समुदाय आधारित सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ समावेशी स्वास्थ्य सम्मत प्रणालियां विकसित करने में सहायक होगी। इसमें मौजूदा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा प्रदान की जाने वाली समावेशी स्वास्थ्य सेवाएं सम्मिलित हैं। समावेशी स्वास्थ्य एक ऐसा दृष्टिकोण है, जो गंभीर अभाव और गहरे सामाजिक बहिष्कार के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली अत्यधिक स्वास्थ्य असमानताओं को रोकने और उनका समाधान करने के लिए बनाया गया है। यह मूल रूप से अंतः विषयक होता है, जिसमें व्यापक पेशेवर और व्यक्तिगत अनुभव वाले विशेषज्ञों के योगदान की आवश्यकता होती है। विश्व के अधिकांश लोग किसी-न-किसी धर्म के अनुयायी होते हैं। प्रायः लोग नियमित रूप से अथवा विशेष अवसरों पर धार्मिक स्थलों पर एकत्रित होते हैं। ये धार्मिक स्थल सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रयासों के माध्यम से समुदाय के लोगों में रोगों पर नियंत्रण रखने के प्रति न केवल जागरूकता पैदा कर सकते हैं, बल्कि विकट स्थितियों में यथासंभव रोगियों और उनके परिजनों को सहायता भी उपलब्ध कराने में सक्षम होते हैं। रोगियों की नकारात्मक मनोदशा को दूर करने, उन्हें भावनात्मक और मानवीय सहायता प्रदान करने, समुदाय के साथ अनुकूल संबंधों को बढ़ावा देने के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास पैदा करने में भी सहायता प्रदान करते हैं। व्यक्तियों में हेल्दी बिहेवियर यानी स्वास्थ्य संवर्धक आदतें विकसित करने, रोगों की व्यापकता फैलने से रोकने के लिए व्यक्तियों को बेहतर जानकारी उपलब्ध कराने, समुदाय के लोगों तथा स्वास्थ्य सुरक्षा प्रणालियों के बीच विश्वासपूर्ण संबंध विकसित करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच से दूर सुदूर स्थित समुदायों को भी सहायता प्रदान करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के अधिकारियों को जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान करने हेतु प्रेरित करने में भी इन धार्मिक स्थलों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कुल मिलाकर ये सारी गतिविधियां समुदाय के लोगों को रोग से संबंधित गंभीर परिस्थितियों से निपटने के प्रति आत्मविश्वास पैदा करने तथा उनकी क्षमता को बढ़ाने में धार्मिक स्थलों का एक महत्वपूर्ण योगदान होता है।



डॉ. कृष्णा नंद पांडेय
लेखक



**बोध कथा**

## समय और भाग्य



एक सेठ थे, जिनके पास काफी दौलत थी। सेठ जी ने अपनी बेटी की शादी एक बड़े घर में की थी। परंतु बेटी के भाग्य में सुख न होने के कारण, उसका पति जुआरी, शराबी निकल गया, जिससे सब धन समाप्त हो गया। बेटी की यह हालत देखकर सेठानी जी रोज सेठ जी से कहती कि आप दुनिया की मदद करते हो, मगर अपनी बेटी परेशानी में होते हुए उसकी मदद क्यों नहीं करते हो? सेठ जी ले कहा- "जब उनका भाग्य उदय होगा, तो अपने आप सब मदद करने को तैयार हो जाएंगे।" एक दिन सेठ जी घर से बाहर गए थे कि तभी उनका दामाद घर आ गया। सास ने दामाद का आदर-सत्कार किया और बेटी की मदद करने का विचार उसके मन में आया कि क्यों न मोतीचूर के लड्डूओं में अशर्फियां रख दी जाएं।

यह सोचकर सेठानी ने लड्डूओं के बीच में अशर्फियां दबाकर रख दीं और दामाद को टीका लगाकर विदा करते समय पांच किलो शुद्ध देशी घी के लड्डू, जिनमें अशर्फियां थीं, दिए। दामाद लड्डू लेकर घर से चला, दामाद ने सोचा कि इतना वजन कौन लेकर जाए! क्यों न यहीं मिठाई की दुकान पर बेच दिए जाएं। दामाद ने वह लड्डूओं का पैकेट मिठाई वाले को बेच दिया और पैसे जेब में डालकर चला गया। उधर सेठ जी बाहर से आए तो उन्होंने सोचा घर के लिए मिठाई की दुकान से मोतीचूर के लड्डू लेता चलूं और सेठ जी ने दुकानदार से लड्डू मांगे। मिठाई वाले ने वही लड्डूओं का पैकेट सेठ जी को वापिस बेच दिया। सेठ जी लड्डू लेकर घर आए। सेठानी ने जब लड्डूओं का वही पैकेट देखा तो सेठानी ने लड्डू फोड़कर देखे, अशर्फियां देखकर अपना माथा पीट लिया।

सेठानी ने सेठ जी को दामाद के आने से लेकर जाने तक और लड्डूओं में अशर्फियां छिपाने की बात कह डाली। सेठ जी बोले-"भाग्यवान मैंनें पहले ही समझाया था कि अभी उनका भाग्य नहीं जागा। देखा मोहरें न तो दामाद के भाग्य में थी और न ही मिठाई वाले के भाग्य में। इसलिये कहते हैं कि भाग्य से ज्यादा और समय से पहले न किसी को कुछ मिला है और न मीलेगा।" कथा से सीख मिलती है कि ईश्वर जितना दे उसी मैं संतोष करना चाहिए। *-ऋतु गुप्ता*

# झूठ और मिथ्याचार के जंगलों में मत भटकिए



हमारी अंतरात्मा जिस कार्य को उचित कहती या स्वीकार करती है, उस आचरण को करने वाला ईमानदार कहा जाता है। वास्तव में सदचरित्र का संबंध मानव के गुप्त मन से होता है। सही कार्य करने में हमें अंदर से ही एक गुप्त शांति और संतोष का अनुभव होता है। इसके विपरीत आत्मा का हनन कर छल-कपट व गलत तरीके से कार्य करने पर हमारा गुप्त मन हमें अंदर ही अंदर कचोटता रहता है। हमें शांति नहीं मिलती। हमेशा यह गुप्त भय रहता है कि हमारे इस गलत कार्य या चोरी किसी को किसी दिन किसी भी समय पता न चल जाए। हनन की हुई आत्मा ही हमें गलत की ओर जाने देती है और दुष्कर्म कराती है। असत्य या बेईमानी के कार्य द्वारा असत्य कार्य करने, रिश्वत, चोर बाजारी आदि चोरियां करने से धीरे-धीरे हमारी अंतरात्मा मर जाती है। हनन की हुई आत्मा में सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म, उचित-अनुचित का विवेक नहीं रहता।

बहुत से व्यक्ति चोरी करते हुए भी बाहर से संतुष्ट से दिखते हैं, पर बुरे कार्यों की सूक्ष्म रेखाएं अंतश्चेतना के ऊपर अंकित होती रहती हैं और मन पर सदा आघात करती हैं। एक न एक दिन पाप प्रकट होता ही है और करनी का फल भुगतना ही पड़ता है। सही मार्ग के साथ आपको आत्मा की दैवी शक्तियों का भी सहयोग मिलता रहेगा। सच्चे व्यक्ति को कभी किसी गुप्त भेद के प्रकट होने का कोई भय नहीं होता। वह तो खरा है। चाहे किसी कसौटी पर कस लीजिए, सदैव चमकता ही रहेगा। सत, चित, आनंदस्वरूप आत्मा इसीलिए इस धरती पर भेजा गया है कि वह सत्य का अनुसरण करे, असत्य या झूठ के अंधकार से बचा रहे, जो व्यक्ति यह समझता है कि बेईमानी से, लोगों की आंखों में धूल झोंककर बढ़ता रहेगा, वह वास्तव में बड़ी भूल करता है। बेईमानी, चोरी, रिश्वत, छल-कपट तो एक प्रकार की अग्नि है। वह कब छिपती है? उसे चाहे सौ पर्दों में रखा जाए, एक न एक दिन पर्दों को जलाकर प्रकट हो ही जाती है। धोखा या बेईमानी चार दिन ही फलती-फूलती सी दिखती है। वास्तव में वह नीचे की ओर गिरता जाता है। दीपक जब बुझने को होता है, तब तेजी से चमक कर शान्त हो जाता है।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक

इसी प्रकार इन सबसे क्षणभर के लिए समृद्धि प्रतीत होते है, पर चोरी के प्रकट होते ही वे ऐसे गहरे गड्ढे में गिर पड़ते हैं, जिससे निकलना असंभव सा हो जाता है। वे दीर्घकाल तक असत्य के अंधकार में भटकते रहते हैं। सच्चे और ईमानदार गरीब होकर भी पूजे जाते हैं, झूठे और बेईमान ठगी से अमीर होकर भी तिरस्कृत होते हैं। आप सत्य के यात्री हैं। सत्यस्वरूप आत्मा हैं। झूठ और मिथ्याचार के सुहावने दिखने वाले भयानक जंगलों में मत भटकिए। ध्यान रहे जो पैसा दूसरों को रूलाते हुये हड़प लिया जाता है, वह लेने वाले को नष्ट करके ही विदा होता है। सत्यता और ईमानदारी धर्मात्मा मनुष्य के भूषण हैं। ये ईश्वर की सत्ता के द्योतक हैं। मरते दम तक इन दिव्य गुणों का ह्रास मत होने दीजिएगा। यदि हमारी आजीविका झूठ, अन्याय, छल, कपट से कमाई हुई है, तो उस पर पलने वाली हमारी संतान भी उसका उपयोग करने पर अधिकाधिक अन्याय, झूठ और धूर्तता की ओर बढ़ती जायेगी और हमारी आने वाली पीढ़ी को भी दुखी बना डालेगी। ऐसी कमाई कमाइए, जिससे दुनिया के किसी व्यक्ति के सामने आंखें नीची न करनी पड़ें।

असत्यभाषण, क्रोध, काम इत्यादि दुष्ट मनोविकारों के वशीभूत होकर हम कई गलतियां, बेईमानी, कपट, मिथ्याचार किया करते हैं। ये दोष मन के मन में ही रह जाते हैं। मन ही चोरी से हमें पथभ्रष्ट करता है। मन के ये राक्षस किसी न किसी काने में छिपकर उभर उठने की प्रतीक्षा किया करते है। यदि हम इन्हें मन में छिपाए रहें तो हमें सदा यह भय रहता है कि न जाने ये कब उठकर हमें गिरा देंगे। इसीलिए प्रतिदिन अपना निरीक्षण करते रहना चाहिए।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,520.30 | 24,364.85 |
| गिरावट | 26.76 | 11.30 |
| प्रतिशत में | 0.03% | 0.05 |

सोना 1,57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,57 लाख रुपये प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन–** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505

**किराना–**निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल–(प्रति कु0)–** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400

**दाल दलहन–**मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12700

**चीनी –** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम–** पक्के जेवर 153200, गिन्नी जेवर) 149200, सिल्वर ( पक्की) 2460 (अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**

चावल : शरबती– 3200 मसूरी– 1600 बासमती– 7200–8800परमल– 1000–3500 ।

दाल दलहन–काला चना– 2000–3800 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5200राजमा– 7500–12400 दाल उड़द– 5000साबुत मसूर दाल– 2200 मसूर दाल–1600उड़द साबुत– 10200काबुली चना– 5400–104 200 अरहर दाल– 10400 –12200लोबिया/करमानी– 1000–1800

# कोर सेक्टर का उत्पादन मार्च में 0.4 प्रतिशत गिरा

## अर्थव्यवस्था सुस्तः 5 महीने की बढ़त पर लगा ब्रेक

नई दिल्ली, एजेंसी



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के 'इंजन' कहे जाने वाले आठ प्रमुख उद्योगों (Core Sector) को तगड़ा झटका लगा है। मार्च महीने में इन उद्योगों के उत्पादन में सालाना आधार पर 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले साल मार्च में यह 4.5 प्रतिशत और इस साल फरवरी में 2.8 प्रतिशत बढ़ा था।

**चार क्षेत्रों में सुस्ती, चार में बढ़तः** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आठ प्रमुख क्षेत्रों में से आधे (चार क्षेत्रों) में उत्पादन घटा है। सबसे बुरा असर उर्वरक उत्पादन पर पड़ा, जिसमें 24.6% की भारी कमी आई है। इसके अलावा कच्चे तेल का उत्पादन 5.7%, कोयला 4% और बिजली उत्पादन 0.5% घटा है। वहीं, प्राकृतिक गैस (6.4%), सीमेंट (4%), इस्पात (2.2%) और रिफाइनरी उत्पादों (0.1%) में मामूली बढ़त दर्ज की गई।

**कोरोना काल के बाद सबसे कमजोर सालः** अक्टूबर 2025 के बाद यह पहली बार है जब कोर सेक्टर का उत्पादन नकारात्मक रहा है। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो कुल वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रही। यह वित्त वर्ष 2020-21 (कोरोना काल) के बाद का सबसे निचला स्तर है, जब 6.4% की गिरावट दर्ज की गई थी। तुलनात्मक रूप से, वित्त वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि 4.5 प्रतिशत रही थी।

- **वित्त वर्ष 2025-26 की कुल वृद्धि घटकर 2.6% रही, कोरोना के बाद का सबसे निचला स्तर**

### एक नजर में आंकड़े

मार्च में किसका कैसा रहा प्रदर्शन

- उर्वरक : –24.6% ↓
- कच्चा तेल : –5.7% ↓
- कोयला : –4.0% ↓
- बिजली : –0.5% ↓
- प्राकृतिक गैस : +6.4% ↑
- सीमेंट : +4.0% ↑
- इस्पात : +2.2% ↑
- रिफाइनरी उत्पाद : +0.1% ↑

# जायद फसलों की 69.06 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई

**नई दिल्ली, एजेंसीः** देश में ग्रीष्मकालीन यानी जायद फसलों का रकबा इस साल अब तक हल्की बढ़त के साथ 69.06 लाख हेक्टेयर हो गया है, जिसमें सबसे अधिक क्षेत्र धान के तहत है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

जायद फसलें फरवरी से जून महीने के बीच बोई जाती हैं। रबी (सर्दियों) की फसलों की कटाई और खरीफ (मानसून) फसलों की बुवाई के बीच के समय में जायद फसलों की खेती होती है। पिछले साल इसी अवधि में 66.14 लाख हेक्टेयर में जायद फसलों की बुवाई हुई थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 17 अप्रैल तक धान की बुवाई 30.64 लाख हेक्टेयर में हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 32.31 लाख हेक्टेयर थी।

# अमेरिका में भारतीय सामान बेचना होगा आसान, सरकार कर रही है खास तैयारी

नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय अधिकारियों का एक दल इस समय वाशिंगटन में है, जो अमेरिकी बाजार में घरेलू उत्पादों के लिए 'तरजीही बाजार पहुंच' सुनिश्चित करने पर चर्चा करेगा।

गोयल ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (Trade Deal) का पहला चरण लगभग तैयार है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं जिससे हमारे व्यापारियों को अमेरिकी बाजार में अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में ज्यादा लाभ मिले। गौरतलब है कि अमेरिका में हाल ही में शुल्क (टैरिफ) परिदृश्य में आए बदलावों के बाद दोनों देश समझौते की रूपरेखा पर पुनर्विचार कर रहे हैं।



- **वाशिंगटन में भारतीय टीम की अहम बैठकः पीयूष गोयल बोले-समझौता अंतिम चरण में**

### क्या है मामला?

फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों के खिलाफ वहां के उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया था। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से सभी देशों पर 10% शुल्क लगा दिया। पुराने समझौते के तहत अमेरिका भारत पर शुल्क 50% से घटाकर 18% करने और रूसी तेल खरीद के कारण लगे 25% अतिरिक्त शुल्क को हटाने पर सहमत था। अब बदले हुए नियमों के बीच वाशिंगटन में हो रही तीन दिवसीय वार्ता में इन दरों को फिर से तय किया जाएगा।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 25 सितंबर से, तैयारी शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 का चौथा संस्करण 25 से 29 सितंबर 2026 तक आयोजित होगा। तैयारियों को लेकर लोक भवन में अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन बड़े पैमाने पर होगा और प्रस्तुतीकरण को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। सरकार ने जनसंचार रणनीति मजबूत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मीडिया और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की भागीदारी बढ़े। ट्रेड शो को "ग्लोबल सोर्सिंग प्लेटफॉर्म" के रूप में विकसित करने पर जोर है, जिससे प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजार मिल सके। स्टॉल दरें 7,500 से 8,000 रुपये तय की गई हैं। "सीएम युवा" पवेलियन का विस्तार कर स्टार्टअप और नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा।

# पंचायतों को 1000 करोड़ की पहली किस्त जारी

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत अप्रैल माह के लिए 1000 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है।

पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के आधार पर यह धनराशि जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों के बीच निर्धारित अनुपात में वितरित की जाएगी।

# राज्यों के पूंजीगत व्यय की रफ्तार होगी धीमी

मुंबई, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स ने सोमवार को राज्यों के वित्तीय स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में राज्यों के पूंजीगत व्यय की वृद्धि दर घटकर 8-10 प्रतिशत रह सकती है। यह पिछले वित्त वर्ष की 17 प्रतिशत की वृद्धि दर के मुकाबले एक बड़ी गिरावट को दर्शाता है।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, पूंजीगत व्यय में इस सुस्ती का मुख्य कारण राजस्व व्यय में बढ़ोतरी और राजस्व वृद्धि की धीमी रफ्तार है। रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि राजस्व घाटाः सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का राजस्व घाटा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 0.8 प्रतिशत था, 2026-27 तक बढ़कर 1.2 प्रतिशत तक पहुँच सकता है। राज्यों की राजस्व प्राप्तियां वित्त वर्ष 2025-26 में 6.2% और 2026-27 में 7.9% बढ़ने का अनुमान है, जो जीएसडीपी की सामान्य वृद्धि दर से भी कम है।

केयरएज रेटिंग्स के सह निदेशक प्रसन्ना कृष्णन ने बताया कि केंद्र से मिलने वाले अनुदान में कमी और वैश्विक चुनौतियों के कारण राज्यों की आय मध्यम रहेगी। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा की बढ़ती कीमतें राज्यों के खजाने पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं, जिससे विकास कार्यों के लिए उपलब्ध धन कम हो सकता है।

कल्याणकारी योजनाओं और निवेश के बीच संतुलन की चुनौती रिपोर्ट के मुताबिक, सामाजिक योजनाओं पर निरंतर खर्च, विभिन्न योजनाओं में राज्यों की बढ़ती हिस्सेदारी और वस्तु एवं ईंधन की ऊँची कीमतों के कारण राजस्व व्यय ऊँचा बना रहेगा। ऐसे में राज्यों के सामने जनकल्याणकारी खर्च और बुनियादी ढांचे के निवेश के बीच संतुलन बनाए रखते हुए वित्तीय अनुशासन का पालन करना एक कड़ी चुनौती होगी।

- **चेतावनीः बढ़ते राजस्व खर्च और भू-राजनीतिक तनाव से घटेगा बुनियादी ढांचा निवेश**

### उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन रहा बेहतर

चुनौतियों के बावजूद, रिपोर्ट में कुछ प्रमुख राज्यों की सराहना की गई है जिन्होंने बुनियादी ढांचा विकास पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है। इनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। केयरएज ने यह विश्लेषण देश के उन 15 प्रमुख राज्यों के आंकड़ों के आधार पर किया है, जिनकी भारत की कुल जीएसडीपी में 89 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## व्यापार निगरानी रिपोर्ट की चेतावनीः बढ़ सकता है व्यापार घाटा, रुपए पर बढ़ेगा दबाव

# पश्चिम एशिया संकट से भारत की आर्थिक स्थिरता को खतराः नीति आयोग

नयी दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चिंता जताई है। सोमवार को जारी 'व्यापार निगरानी' रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र में अस्थिरता के कारण 'चालू खाते का घाटा' बढ़ने और मुद्रा के विनिमय मूल्य पर दबाव पड़ने से भारत की व्यापारिक और व्यापक आर्थिक स्थिरता को जोखिम हो सकता है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के संकट ने भारत और खाड़ी देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति को धीमा कर दिया है। इससे भारतीय उत्पादों के लिए नए बाजारों की पहुंच और व्यापार के विस्तार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापारिक समझौते दोनों पक्षों के हितों पर आधारित होते हैं। यदि हम विदेशी बाजारों तक पहुंच चाहते हैं, तो हमें भी अपने बाजार में दूसरों का स्वागत करना चाहिए। उनके अनुसार, आयात ही घरेलू उद्योगों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए प्रेरित करते हैं। सुमन बेरी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा व्यापार और वस्तु व्यापार मजबूत बना हुआ है। पिछले दो दशकों में भारत की छह प्रतिशत की औसत विकास दर इसकी आर्थिक मजबूती का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

रिपोर्ट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को मजबूती देने के लिए पूंजी की लागत कम करने और वित्तीय संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया गया है। आयोग ने छोटे उद्यमियों को बिना किसी सुरक्षा के ऋण उपलब्ध कराना, उद्योगों के लिए ऋण गारंटी योजना और ब्याज दर में छूट देने और माल की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष धन की व्यवस्था करने के सुझाव दिए हैं।

भारत के रत्न एवं आभूषण निर्यात को वैश्विक स्तर पर और अधिक मूल्यवान बनाने के लिए रिपोर्ट में नीतिगत बदलावों की सिफारिश की गई है। इसके तहत साधारण आभूषणों के स्थान पर 'उच्च मूल्य' वाले निर्यात और विशेष बनावट वाले विनिर्माण पर ध्यान देने को कहा गया है। साथ ही क्षेत्रीय पहचान वाले (जीआई) उत्पादों और पुरुषों के आभूषणों के बाजार को बढ़ाने का सुझाव दिया गया है।




### प्रशासनिक सुधारों के लिए सुझाव

व्यापार को सहज बनाने के लिए रिपोर्ट में कुछ प्रशासनिक सुधारों की बात कही गई है। इनमें सीमा शुल्क और व्यापार महानिदेशालय की प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाना। माल के दोबारा आयात या निर्यात की कानूनी जटिलताओं को दूर करना। बेहतर नीतियां बनाने के लिए रत्न एवं आभूषण क्षेत्र से संबंधित सटीक और अलग आंकड़े तैयार करना शामिल है।

# रुपया 25 पैसे टूटकर 93.16 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसीः** पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के बीच अमेरिकी डॉलर की मांग में तेजी और कच्चे तेल में मजबूती रहने से सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर 25 पैसे टूटकर 93.16 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर गतिरोध बने रहने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और ईरान एवं अमेरिका के बीच ताजा टकराव के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.73 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.70 के उच्च स्तर तक गया। हालांकि, कारोबार के दौरान रुपये ने 93.24 प्रति डॉलर के निचले स्तर को भी छुआ।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव — महासंग्राम



# नायडू ने महिला आरक्षण विधेयक रोकने के लिए द्रमुक-कांग्रेस की आलोचना की

कोयंबटूर, एजेंसी

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने महिला आरक्षण विधेयक को रोकने के लिए तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रमुक, कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के सभी दलों पर सोमवार को हमला बोला। विजयवाड़ा से आज दोपहर यहां पहुंचे नायडू अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले राजग उम्मीदवारों के प्रचार के लिए आये थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद में पेश किये गये परिसीमन प्रस्तावों और महिला आरक्षण विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि इन विधेयकों का विरोध करके द्रमुक और उसके सहयोगियों ने राजग को नहीं, बल्कि महिलाओं को हराया है। नायडू ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के वास्तविक इरादे से लाया गया था लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस-द्रमुक ने राजनीतिक कारणों से इसे पारित होने से रोक दिया। उन्होंने आगे कहा कि इस विधेयक को अवरुद्ध कर, कांग्रेस और द्रमुक ने उन महिलाओं के साथ अन्याय किया है जो लंबे समय से समान प्रतिनिधित्व का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने मांग की कि द्रमुक महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने पर अपना रुख स्पष्ट करे और महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपने दृष्टिकोण की व्याख्या करे।

राजग गठबंधन की सहयोगी तेदेपा अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे दक्षिणी राज्यों में संसदीय सीटें बढ़ जातीं।

# गृहमंत्री जातीय जनगणना पर अपने इरादे स्पस्ट करें: तेजस्वी

पटना, एजेंसी

राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जनगणना-2027 की स्व-गणना प्रक्रिया के तहत अपना पंजीकरण सोमवार को पूरा किया और कहा कि गृहमंत्री को यह स्पस्ट करना चाहिए कि वह जातीय जनगणना के विषय पर क्या इरादा रखते हैं।

यादव ने कहा कि जातीय जनगणना पर संसद में अपनी बात कहते समय देश के गृहमंत्री अमित शाह को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वर्ण-व्यवस्था में बँटे भारतीय समाज में जाति के नाम पर मकान ही नहीं बल्कि मोहल्ले टोले, इलाके और संपूर्ण गांव भी होते है। देश के अधिकांश राज्यों में असंख्य गांवों के नाम ही जातिसूचक है।

# संघ प्रमुख त्रिपुरा यात्रा पर पहुंचे

**अगरतला, एजेंसी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भगवत दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को त्रिपुरा पहुंचे। इस दौरान वह मोहनपुर क्षेत्र में एक मंदिर का उद्घाटन करेंगे। प्रदेश के पश्चिम त्रिपुरा जिले में स्थित एक धार्मिक संगठन चिन्मय मिशन के परिसर में मां सौदर्य चिन्मयी मंदिर स्थित है जो देवी त्रिपुर सुंदरी को समर्पित है।

# बंगाल में भाजपा दुर्गा स्क्वाड बनाएगी सातवां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ

सैंथिया (पश्चिम बंगाल),एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को तृणमलू कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को अराजकता के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि अगर बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनती है, तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा स्क्वाड का गठन किया जाएगा और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू किया जाएगा।

राजनाथ ने बीरभूम जिले के सैंथिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल पर बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल कायम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असुरक्षा और सरकारी समर्थन की कमी के कारण उद्योग और निवेशक राज्य छोड़कर जा रहे हैं। राजनाथ ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा कि देश के अन्य हिस्सों में विकास के बावजूद उनका राज्य क्यों पिछड़ रहा है। राजनाथ ने कहा कि तृणमूल सरकार के तहत भ्रष्टाचार बढ़ा है, भूमि माफिया बढ़े हैं और भाई-भतीजावाद बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सरकार बनाती है, तो गुंडे और अपराधी या तो जेल में होंगे या अपने घरों में छिपते फिरेंगे।

रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि जहां अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है, वहीं गुंडों और अपराधियों की मौजूदगी तथा राज्य सरकार से सुरक्षा के अभाव के कारण निवेशक बंगाल आने से हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल के शासन में बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति में तेजी से गिरावट आई है और राज्य में महिलाएं अब सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। राजनाथ ने ममता के बांग्ला निजेर मेयेकेई चाय का जिक्र करते हुए कहा कि आज बंगाल की माताएं, बहनें और बेटियां भी सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। हत्या, लूटपाट और अन्य अपराध खुलेआम हो रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए दुर्गा स्क्वाड का गठन करेगी। राजनाथ ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के लिए हम दुर्गा स्क्वाड बनाएंगे। महिलाओं को परेशान करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में भय का माहौल है और लोग भाजपा के लिए खुले तौर पर समर्थन व्यक्त करने से डरते हैं। राजनाथ ने कहा कि राजनीति "न्याय और मानवता" पर आधारित होनी चाहिए, न कि धर्म या जाति पर।

उन्होंने बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि बंगाली युवा काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। राजनाथ ने बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का वादा करते हुए कहा कि भाजपा राज्य में पांच साल में पांच लाख नौकरियां उपलब्ध कराएगी। उन्होंने राज्य सरकार के कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि भाजपा सत्ता संभालने के डेढ़ महीने के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करेगी।

बांग्लादेश से घुसपैठ के मुद्दे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के काम में देरी की है। उन्होंने दावा किया कि जब मैं केंद्रीय गृह मंत्री था, तब मैंने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग की थी। राज्य सरकार ने जमीन उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन लंबे समय तक ऐसा नहीं किया। अंततः अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा और तभी जमीन उपलब्ध कराई गई।

राजनाथ ने कहा कि भाजपा घुसपैठ रोकने के लिए कड़े कदम उठाएगी और सीमा पर बाड़ लगाने का काम भी पूरा करेगी।



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम में एक जनसभा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (बीच में) का भाजपा नेता स्वागत करते हुए।

# विपक्ष नहीं चाहता महिलाओं की भागीदारी बढ़ेः सम्राट

**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां नहीं चाहतीं कि सामान्य और गरीब वर्ग की महिलाएं सांसद और विधायक बनें। चौधरी ने कहा राहुल गांधी केवल अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और राजद नेता लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी को सांसद देखना चाहते हैं।



मुख्यमंत्री राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के महिला मोर्चा के आह्वान पर निकाली गई जन-आक्रोश महिला पदयात्रा में भाग लेने के बाद आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह पदयात्रा महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम, यानी लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं हो पाने के विरोध में आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक विधेयक नहीं है, यह देश की आधी आबादी से जुड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मादक पदार्थों की तस्करी कर रही नौका पर हमले में तीन मरे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई सागर में मादक पदार्थ ले जा रही एक नौका पर रविवार को हमला किया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। अब तक ऐसे हमलों में लगभग 181 लोग मारे जा चुके हैं। इसी तरह के हमले पूर्वी प्रशांत महासागर में भी हुए हैं। ईरान युद्ध के बावजूद पिछले करीब एक सप्ताह में इस तरह के हमले फिर तेज हुए हैं। इससे संकेत मिलता है कि पश्चिमी गोलार्ध में मादक पदार्थ आतंकवाद को रोकने के लिए अमेरिका के आक्रामक कदमों में कोई कमी नहीं आई है। अमेरिकी सेना ने हालांकि यह साबित करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि जिन पोतों को निशाना बनाया गया, उनमें मादक पदार्थ थे।

### लंदन : यहूदी उपासना गृह में आगजनी के आरोप में दो गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटिश पुलिस ने उत्तर-पश्चिमी लंदन के एक यहूदी उपासना गृह में सप्ताहांत हुई आगजनी की घटना के सिलसिले में दो किशोरों को गिरफ्तार किया है। यहूदी समुदाय के नेताओं ने अपने संस्थानों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस सेवा के उपायुक्त मैट ज्यूक्स ने सोमवार को बताया कि हैरो स्थित केंटन यूनाइटेड सिनैगॉग पर हुए हमले में 17 और 19 वर्ष के दो किशोरों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में यहूदी ठिकानों और ईरान सरकार के आलोचक एक फारसी मीडिया संगठन पर हुए छह हमलों के संबंध में अब तक 15 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं।

### राजस्थान में हवाई हमले से बचाव के लिए होगा ब्लैक आउट

**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले में नागरिक सुरक्षा तैयारियों के मद्देनजर बाहरी/हवाई आक्रमण से बचाव एवं आवश्यक तैयारियों के तहत मंगलवार को सायं साढ़े छह बजे से अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया अभ्यास बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में होगा और ब्लैक आउट रात करीब पौने आठ बजे से इसी महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्र जिसमें कर्मचारी कॉलोनी, अशोक विहार, रेलवे पुलिया के निकट क्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लैक आउट किये जाने वाले क्षेत्र में रात्रि के समय सायरन बजा कर स्थानीय नागरिकों को ब्लैक आउट की सूचना दी जाएगी।

# प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन से ऐन पहले राजस्थान की रिफाइनरी में भीषण आग

## फायर ब्रिगेड की 20 से ज्यादा टीमों ने घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू, जांच का आदेश

**जयपुर/नई दिल्ली, एजेंसी**

राजस्थान के बालोतरा जिले में स्थित पचपदरा रिफाइनरी की एक यूनिट में सोमवार को भीषण आग लग गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंगलवार को इस रिफाइनरी का उद्घाटन करना था। फायर ब्रिगेड की 20 से ज्यादा गाड़ियों और कई आपातकालीन टीमों ने कई घंटे तक मशक्कत करने के बाद आग को काबू तो कर लिया है लेकिन फिलहाल प्रधानमंत्री का दौरा रद्द कर उद्घाटन कार्यक्रम को टाल दिया गया है। घटना की उच्चस्तरीय जांच का आदेश दिया गया है।

आग गने की शुरुआत रिफाइनरी की कच्चे तेल की डिस्टिलेशन इकाई के पास हुई जो कुछ ही देर में काफी भीषण हो गई। इस घटना से रिफाइनरी में अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई। चना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू बुझाना शुरु कर दिया। कुछ घंटों बाद आपातकालीन टीमों ने विकराल आग पर पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक दमकल की गाड़ियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के बाद अब इससे हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी एवं उनकी टीमें मौके पर पहुंची है जो हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

### घटना के बाद मोदी का दौरा टला उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित

पचपदरा रिफाइनरी का मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नरेंद्र के हाथों उद्घाटन किया जाना था जिसे आग लगने की घटना के बाद स्थगित कर दिया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस रिफाइनरी का लोकार्पण कार्यक्रम फिलहाल टाल दिया गया है और नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

इस घटना के कारण रिफाइनरी में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सोमवार का प्रस्तावित रद्द भी कर दिया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने रिफाइनरी में आग लगने की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। शर्मा ने बताया कि रिफाइनरी में वर्तमान में स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है। घटना की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं।



पचपदरा की रिफाइनरी में आग लगने के बाद आसमान में उठता काले धुएं का गुबार।

### 9,450 करोड़ की परियोजना, सालाना क्षमता 90 लाख टन

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक बालोतरा के पचपदरा में स्थित 79,450 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली यह परियोजना देश के ऊर्जा और पेट्रोरसायन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही यह भारत का पहला नया एकीकृत रिफाइनरी सह पेट्रोरसायन परिसर भी है। इसी कारण प्रधानमंत्री मोदी के हाथों मंगलवार को इस रिफाइनरी का लोकार्पण कार्यक्रम तय किया गया था। यह परियोजना हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम के रूप में विकसित की गई है। इसकी सालाना क्षमता 90 लाख टन होगी।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी हो सकती है कारण: कांग्रेस

इस बीच, विपक्षी दल कांग्रेस ने इस घटना को सुरक्षा में चूक का संकेत बताया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस घटना को गंभीर और चिंताजनक बताते हुए कार्यक्रम से पहले तैयारियों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोजन की जल्दबाजी में सुरक्षा मानकों से समझौता किया गया और परियोजना के क्रियान्वयन में देरी भी हुई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी की सुरक्षा की कामना की।

# केजरीवाल को झटका, जज का खुद को सुनवाई से अलग करने से इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा ने सोमवार को आबकारी नीति मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने से इन्कार करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य लोगों की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी वादी को बिना किसी सबूत के न्यायाधीश पर फैसला करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है और न्यायाधीश किसी वादी के पूर्वाग्रह के निराधार डर को दूर करने के लिए खुद को मामले से अलग नहीं कर सकते हैं।

एक घंटे से अधिक समय तक हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि किसी राजनीतिक नेता को बिना किसी आधार के किसी संस्था को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि किसी न्यायाधीश पर व्यक्तिगत हमला न्यायपालिका पर ही हमला होता है। न्यायमूर्ति शर्मा ने निष्कर्ष निकाला कि उन्हें हटाने की याचिकाओं में वर्णित विवरण अनुमानों और कथित झुकावों पर आधारित था। न्यायाधीश ने कहा, यह अदालत अपने और संस्था के लिए खड़ी रहेगी, मैं खुद को इस मामले से अलग नहीं करूंगी।




● आप संयोजक से कहा- आपके तर्क अनुमानों पर आधारित, खारिज की याचिका

केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में अपनी रिहाई के खिलाफ सीबीआई की याचिका की सुनवाई कर रही न्यायाधीश के खिलाफ कई आपत्तियां उठाई थीं, जिनमें यह भी शामिल था कि उन्होंने पहले उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उन्हें राहत देने से इन्कार कर दिया था और मनीष सिसोदिया और के. कविता सहित अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर राहत देने से भी इन्कार कर दिया था। केजरीवाल के अलावा आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक ने भी न्यायाधीश को मामले से अलग करने के लिए आवेदन दायर किए थे।

### रवि शंकर को यूनान में भारत के नया राजदूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक रवि शंकर को यूनान में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि रवि शंकर अपना नया पद भार जल्द ही संभालेंगे। भारतीय विदेश सेवा के 1995 बैच के अधिकारी रवि शंकर इस समय यूक्रेन में भारत के राजदूत हैं। वह विदेश मंत्रालय के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण पदों पर पर काम कर चुके हैं।

### उत्तर कोरिया में अब क्लस्टर बमों का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को इस महीने दूसरी बार क्लस्टर बमों से लैस बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है, जिसे अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई रक्षा प्रणालियों से मुकाबला करने के लिए देश की क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। इस प्रक्षेपण के दौरान उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी भी मौजूद रहे।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट से दूर कई बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। केसीएनए की ओर से जारी तस्वीरों में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक तटीय निगरानी क्षेत्र से पानी के ऊपर से गुजरते हुए एक प्रक्षेपास्त्र को देखते नजर आ रहे हैं।

इस दौरान दोनों ने काले रंग की चमड़े की जैकेट पहनी हुई है। दक्षिण कोरिया की खुफिया सेवा ने हाल में कहा था कि किम की बेटी का नाम किम जू ऐ है और वह किम की उत्तराधिकारी बन सकती हैं।

# द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए भारत-अमेरिका के बीच वार्ता शुरू

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर सोमवार को वाशिंगटन में तीन दिनों की अहम बैठक शुरू हो गई। बुधवार तक चलने वाली इस वार्ता का मकसद दोनों देशों के बीच कारोबार के रास्ते में आने वाली रुकावटों को दूर करना है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पूरी दुनिया में ऊर्जा का संकट बना हुआ है।

अमेरिकी व्यापार नीति में हाल ही में हुए बदलावों के कारण यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। दरअसल अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आपातकालीन शक्तियों (1977 का कानून) के तहत लगाए गए आयात शुल्क को रद्द कर दिया था, जिसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत का एक समान शुल्क लागू कर दिया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव और मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन कर रहे हैं। 12 सदस्यों वाली इस टीम में वाणिज्य, सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल हैं।



● कारोबार में आने वाली रुकावटों पर वाशिंगटन में शुरू हुई चर्चा

अक्टूबर 2025 के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली आमने-सामने की बैठक है। सात फरवरी 2026 में जारी किए गए मसौदे को अमेरिकी टैरिफ नीति में आए बदलावों के बाद अब फिर से नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है। फरवरी के मसौदे में अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आयात शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर लगभग 18 प्रतिशत करने और कुछ विशेष क्षेत्रों से आयात शुल्क को हटाने का प्रस्ताव दिया था।

### पूर्वी चीन सागर में चीनी निर्माण पर भड़का जापान

**टोक्यो।** जापान सरकार ने पूर्वी चीन सागर में नये ढांचे निर्माण करने की चीन की कोशिशों पर सोमवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया है। दोनों एशियाई देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच यह नया विवाद सामने आया है।

जापान के विदेश मंत्रालय ने कहा, चीन पिछले कुछ वर्षों से पूर्वी चीन सागर में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के लिए गतिविधियों में तेजी ला रहा है। जापान ने पुष्टि की है कि दोनों देशों के बीच की भौगोलिक मध्य रेखा (इक्विडिस्टेंस लाइन) के चीनी हिस्से में अब तक कुल 23 ढांचे बनाए जा चुके हैं। हाल ही में जापान ने इसी क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से में चीन द्वारा एक नया ढांचा स्थापित करने की गतिविधि की पहचान की है।

# एक्स पर बाल यौन शोषण की तस्वीरें, मस्क फ्रांस में तलब

**पेरिस।** फ्रांस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बाल यौन उत्पीड़न की तस्वीरें और डीपफेक कंटेंट साझा किए जाने से जुड़े आरोपों की जांच के सिलसिले में सोमवार को अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क को समन भेजा है। पेरिस के अभियोजन कार्यालय के मुताबिक मस्क और एक्स की पूर्व सीईओ लिंडा याकारिनो को स्वैच्छिक पूछताछ के लिए तलब किया गया है, एक्स के अन्य कर्मचारियों को इस सप्ताह गवाह के रूप में पेश होना है।

मस्क को फरवरी में एक्स के फ्रांस स्थित दफ्तरों में हुई छापेमारी के बाद तलब किया गया था। यह छापेमारी जनवरी 2025 में पेरिस अभियोजक

● एक्स की सीईओ लिंडा याकारिनो को भी जारी किया गया समन



कार्यालय की साइबर अपराध इकाई द्वारा शुरू की गई जांच के तहत ली गई थी। मस्क और याकारिनो उस समय एक्स का प्रबंधन संभाल रहे थे। याकारिनो मई 2023 से जुलाई 2025 तक कंपनी की सीईओ रहीं। अभियोजकों ने कहा, ये पूछताछ उन्हें तथ्यों पर स्थिति स्पष्ट करने का अवसर देने के लिए हैं। इस चरण में जांच की प्रक्रिया एक रचनात्मक दृष्टिकोण के तहत जारी है, जिसका अंतिम उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक्स फ्रांस में काम करते समय फ्रांसीसी कानूनों का पालन करे।

## एक बंद आंख भी आपको हर वक्त देखती है

# आपके मोबाइल फोन का कैमरा

न्यूज डिकोडर

**आपके मोबाइल फोन का कैमरा एक ऐसी आंख है जो आप पर हर वक्त नजर रखती है। तब भी जब वह बंद है। कल्पना करिए, आप अपने बेडरूम में अकेले हैं, आपका फोन साइड टेबल पर उल्टा रखा है। ऐसे में आप अगर सुरक्षित महसूस कर रहे हैं तो शायद नहीं जानते कि साइबर दुनिया में कैमरा हाइजैकिंग और विजुअल मेटाडेटा के जरिए आपकी प्राइवेसी एक पारदर्शी कांच के घर जैसी बन चुकी है।**

### जासूसी जो आप नहीं देखते

- हम सोचते हैं कि कैमरा तभी काम करता है जब हम एप खोलते हैं लेकिन सच यह है कि कई एप्स बैकग्राउंड परमिशन के जरिए आपके कैमरे का इस्तेमाल एनवायरनमेंट मैपिंग के लिए करते हैं।
- दुनिया की बड़ी टेक कंपनियां एआई का इस्तेमाल करके यह पता लगाती हैं कि आपके कमरे में किस ब्रांड का सोफा है, आपके पीछे कौन सी पेंटिंग लगी है, या आपकी कलाई पर कौन सी घड़ी है।
- आप इस बात पर चौंक सकते हैं कि आपने कभी सर्च नहीं किया, लेकिन आपको प्रीमियम घड़ियों के विज्ञापन आने लगते हैं, मगर वजह ये है कि आपके फोन ने आपकी कलाई पर उसे देख लिया था।




**कैमरे की नजर से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि बहुत ही निजी जगहों पर फोन को तकिए के नीचे या दराज के अंदर रखें।**

### आपकी फोटो की जन्म कुंडली

- जब आप एक सुंदर सूर्यास्त की फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डालते हैं तो आप सिर्फ तस्वीर नहीं भेजते। उस फोटो के पीछे छिपा एक्सिफ डेटा बहुत कुछ बता देता है।
- आपकी जीपीएस लोकेशन भले बंद हो, पता लगता है कि तस्वीर किस समय ली गई और उस वक्त आपके फोन की ऊंचाई क्या थी। सेंसर डेटा से इसका अंदाजा लगता है।

### डिजिटल प्राइवेसी को कैसे लॉक करें

- कैमरा कवर सबसे पुराना और सबसे कारगर तरीका है। एक छोटा सा प्लास्टिक स्लाइडर अपने फ्रंट और बैक कैमरे पर लगाएं। जब तक आप उसे खुद नहीं खोलेंगे दुनिया की कोई ताकत आपको देख नहीं पाएगी। मार्क जुकरबर्ग भी अपने लैपटॉप पर टेप लगाकर रखते हैं)
- एंड्रॉइड फोन के डेवलपर ऑप्शंस में जाकर सेंसर ऑफ का बटन शॉर्टकट में जोड़ें। इसे दबाते ही कैमरा और माइक्रोफोन ब्लॉक हो जाते हैं। देखें कि किन एप्स को कैमरे की परमिशन मिली हुई है। कैलकुलेटर या टॉर्च एप को कैमरे की जरूरत क्यों है। उसे डोंट अलाउ करें।

### आई ट्रैकिंग...आपकी कमजोरी पर नजर

कुछ भविष्यवादी एल्गोरिदम अब आपकी पुतलियों की हरकत को ट्रैक कर रहे हैं। जब आप फोन पर स्क्रॉल करते हैं तो फ्रंट कैमरा यह नोट करता है कि आपकी आंखें किस विज्ञापन या किस तरह की इमेज पर ज्यादा देर तक रुकीं। अगर आपकी पुतलियां किसी डिस्काउंट सेल को देखकर फैलती हैं तो एआई समझ जाता है कि आपको कब और कैसे लालच देना है।

### एक चौंकाने वाला तथ्य ...

एक रिसर्च के अनुसार, हैकर्स क्लिकजैकिंग के जरिए एक इनविजिबल लेयर बना देते हैं। आप स्क्रीन पर किसी गेम के बटन को दबाते हैं लेकिन असल में आप बैकग्राउंड में अपने कैमरे को फोटो खींचने की परमिशन दे रहे होते हैं। लिहाजा अगली बार जब आप फोन के सामने मुस्कुराएं भी तो याद रखें कि हो सकता है कोई और भी उस मुस्कुराहट को देख रहा हो सकता है। तकनीक लगातार आपको अपनी प्राइवेसी बचाए रखने की चुनौती दे रही है।

### यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के मुंबई व चेन्नई परिसरों के लिए आवेदन शुरू

**मुंबई।** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया (यूडब्ल्यूए) के मुंबई और चेन्नई स्थित परिसरों के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। यूडब्ल्यूए इसके साथ ही एक ही समय में भारत में दो परिसर स्थापित करने वाला एकमात्र विदेशी विश्वविद्यालय बन गया है।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक इच्छुक छात्र अब उद्योग-सुसंगत तथा तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के चयनित विकल्पों में दाखिला ले सकते हैं। उपलब्ध पाठ्यक्रमों में कॉम्प्यूटर साइंस, साइबर सिक्युरिटी, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस मैनेजमेंट, ग्लोबल बिजनेस, एंटरप्राइजेज एंड इनोवेशन, इकोनॉमिक्स, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) तथा मास्टर ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी शामिल हैं। यूडब्ल्यूए के कुलपति प्रो. अमित चकमा ने कहा, भारत में हमारे परिसरों के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होना यूडब्ल्यूए की यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण है। मुंबई और चेन्नई के माध्यम से अधिकाधिक भारतीय विद्यार्थियों को देश में रहकर वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

● भारत में एक साथ दो परिसर शुरू करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपको अपनी गति थोड़ा नियंत्रित रखनी होगी। तेजी से काम करने से नुकसान हो सकता है। दिन के अंत में राहत महसूस होगी।

**वृष** – आज आपके लिए दिन मजबूत रहेगा। आप अपने फैसलों पर टिके रहेंगे। काम में स्थिरता आएगी और लोग आपकी बात को महत्व देंगे।

**मिथुन** – आज हर बात में तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। शांत रहकर काम करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है।

**कर्क** – आज लोगों के साथ जुड़कर काम करने से लाभ मिलेगा। किसी पुराने संपर्क से भी मदद मिल सकती है।

**सिंह** – आज काम को लेकर ज्यादा जिम्मेदारी लेनी पड़ सकती है। कोई महत्वपूर्ण काम आपके भरोसे आ सकता है।

**कन्या** – आज आपके लिए कुछ नया सीखने का दिन है। अलग तरीके से काम करने का मौका मिलेगा। बदलाव को अपनाने से फायदा होगा।

**तुला** – आज का दिन कारोबारियों के लिए अच्छा नहीं है। किसी बात को लेकर मन अस्थिर हो सकता है। निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में बड़ा लाभ मिल सकता है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। यात्रा मंगलमय रहेगी।

**धनु** – आज का दिन नया प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए अनुकूल है। शांतिपूर्वक अपना काम करने का प्रयास करें। दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मकर** – आज का दिन सकारात्मक रहेगा। कोई रचनात्मक काम आपको आगे बढ़ा सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ** – आज शंकालु स्वभाव के कारण परेशानी होगी। अपनी योजनाओं को जल्दबाजी में क्रियान्वित न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करें।

**मीन** – आज छोटे मौके को नजरअंदाज न करें। कोई नई बात आपके काम आ सकती है। आपके घर में रिश्तेदार आ सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 21 अप्रैल, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 22 अप्रैल 01.19 तक तत्पश्चात षष्ठी।

दिशाशूल-उत्तर, ऋतु- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- मृगशिरा 23 .58 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

### सुडोकू - 125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 |

### सुडोकू -126

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | 3 | 7 | 6 | | |
| | | | | 8 | | 2 | | |
| 5 | | 9 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | 6 | | 7 | | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 9 | | 6 |
| | | 4 | | 5 | | | | |
| 3 | | 6 | | 2 | 9 | | | 5 |

### बुजुर्ग महिला का 250 ग्राम सोना चुराने वाली गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के केशवपुरम इलाके में 82 वर्षीय महिला के घर से लगभग 250 ग्राम सोने के आभूषण चुराने के आरोप में 40 वर्षीय घरेलू सहायिका को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुखवती के रूप में हुई है, जो लॉरेंस रोड पर झुग्गी में रहती है। उसके घर से चोरी का सारा सोना बरामद कर लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक के घर से सोने के आभूषणों की चोरी के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई, जिसके बाद केशव पुरम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई।

**मुश्किल चुनौती** | तनाव और संघर्ष की वैश्विक स्थितियों को माना जा रहा है कम नामांकन का कारण, पिछले चुनाव में थे 13 दावेदार

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए सिर्फ चार उम्मीदवार

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने के लिए चार उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है और वे अपनी दावेदारी पेश करने के लिए इस सप्ताह संगठन के 193 सदस्यों के राजदूतों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। यह संख्या 10 वर्ष पहले जब अंटोनियो गुटारेस का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के रूप में चयन हुआ था, तब की तुलना में काफी कम है।

चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बेचेलेट मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के राजदूतों के समक्ष तीन घंटे के प्रश्नोत्तर सत्र में सबसे पहले शामिल होंगी। इस पद के उम्मीदवारों में बेचेलेट समेत दो महिलाएं और लातिन अमेरिका के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। बेचेलेट के बाद अर्जेंटीना के संयुक्त राष्ट्र परमाणु प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी का नंबर आएगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार प्रमुख रेबेका ग्रिंसपैन बुधवार को महासभा कक्ष में प्रश्नों का उत्तर देंगी और अंत में सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल पेश होंगे। इस पद के लिए 2016 में 13 उम्मीदवार मैदान में उतरे थे और मुकाबला काफी कड़ा था। इस बार संख्या कम होने पर सवाल उठ रहे हैं।

एक कारण यह है कि 2026 की दुनिया गहरे ध्रुवीकरण और संघर्षों से घिरी हुई है और मौजूदा परिस्थितियां 2016 के शांत वैश्विक माहौल से काफी अलग हैं। यह भी माना जा रहा है कि इसका कारण संयुक्त राष्ट्र की घटती साख भी है। यह संस्था एक दशक पहले जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए पेरिस जलवायु समझौते को साकार करने में अपनी भूमिका और वैश्विक आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने, पर्यावरण रक्षा करने तथा अमीर-गरीब देशों के बीच बढ़ती खाई कम करने के लिए 17 लक्ष्यों पर विश्व के नेताओं की सहमति बनने को लेकर उत्साहित थी।



### हिचकिचाहट... सरकारों को चीन और अमेरिका की नाराजगी का ख्याल

संयुक्त राष्ट्र मामलों के जानकार और 'इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप' के कार्यक्रम निदेशक रिचर्ड गोवान ने कहा कि अंटोनियो गुटारेस के उत्तराधिकारी की दौड़ पर मौजूदा भू राजनीतिक स्थिति का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष पहले कई उम्मीदवार यह जानते हुए भी मैदान में उतरे थे कि उनके जीतने की संभावना बहुत कम है। इस बार संभावित उम्मीदवार और उन्हें नामित करने वाली सरकारें अधिक सतर्क हैं। अब यह भावना है कि यदि कोई उम्मीदवार कोई गलती कर बैठा और उसने अमेरिका या चीन को नाराज कर दिया तो इससे कूटनीतिक नुकसान हो सकता है। गुटारेस का पांच वर्षीय दूसरा कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में खराब प्रदर्शन से हम चिंतित नहीं हैं। यह मुश्किल समय है। एक टीम के तौर पर हमें एकजुट रहने की जरूरत है। उम्मीद है, हम सीरीज़ के तीसरे मैच में सकारात्मक सोच के साथ जाएंगे।
-कप्तान हरमनप्रीत कौर


# स्टेडियम

हल्द्वानी, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


IPL 2026

## आज के मुकाबले

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

दिल्ली कैपिटल्स

समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-283 रन
- शुभमन गिल गुजरात-251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु-247 रन

### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 12 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ- 11 विकेट

# मुंबई की आधी टीम पैवेलियन लौटने पर उतरे तिलक वर्मा का शतकीय प्रहार

## आईपीएल-2026 : गुजरात टाइटंस को दिया 200 रनों का लक्ष्य

अहमदाबाद, एजेंसी

तिलक वर्मा के नाबाद तूफानी शतक से मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ पांच विकेट पर 199 रन बनाए। तिलक ने आईपीएल के अपने पहले शतक के दौरान 45 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हार्दिक पंड्या (15 रन, 16 गेंद, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 और नमन धीर (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी की।

तिलक की पारी की बदौलत मुंबई की टीम अंतिम चार ओवर में 73 रन जोड़ने में सफल रही। टाइटंस की ओर से कागिसो रबाडा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज ने 25 जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 54 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया।

शुभमन गिल ने टॉस जीतकर मुंबई इंडियन्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिस फैसले को रबाडा ने सही साबित करते हुए चौथे ओवर में 25 रन तक दोनों सलामी बल्लेबाजों क्विंटन डिकॉक (13) और दानिश मालेवार (02) को पवेलियन भेज दिया। रबाडा ने पारी के दूसरे ओवर में टी20 क्रिकेट में पदार्पण कर रहे मालेवार को पगबाधा किया और फिर अगले ओवर में डिकॉक को अपनी ही गेंद पर लपका। अच्छी फॉर्म में चल रहे नमन धीर ने मोहम्मद सिराज पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की। सूर्यकुमार यादव (15) ने भी रबाडा की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने इसी ओवर में उन्हें बोल्ड कर दिया।

मुंबई इंडियन्स ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 46 रन बनाए। नमन और तिलक वर्मा ने इसके बाद पारी को संभाला। नमन ने अशोक शर्मा पर लगातार दो चौके जड़ने के बाद वाशिंगटन सुंदर की लगातार गेंदों पर भी छक्का और चौका मारा।

मुंबई को इसके बाद बड़ा झटका लगा जब प्रसिद्ध कृष्णा की धीमी गेंद को पुल करने की कोशिश में नमन ने डीप स्क्वायर लेग बाउंड्री पर रबाडा को कैच थमा दिया। उन्होंने 32 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और एक छक्का मारा। मुंबई के रनों का शतक 14वें ओवर में पूरा हुआ।

तिलक ने प्रसिद्ध की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके जड़कर तेवर दिखाए। उन्होंने 18वें ओवर में अशोक की लगातार गेंदों पर तीन छक्के और दो चौके से 26 रन बटोरे और इस दौरान 33 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। अगले ओवर में सिराज की गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने पंड्या का शानदार कैच लपका। तिलक ने प्रसिद्ध के अंतिम ओवर में दो छक्कों और दो चौकों के साथ 45 गेंद में शतक पूरा किया।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते तिलक वर्मा। एजेंसी

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 4. | सनराइजर्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 7. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |
| 10. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |

## हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखते हैं : कोनोली

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कोनोली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के अब तक के अजेय अभियान का श्रेय टीम के अंदर सकारात्मक माहौल और एक दूसरे से छोटी-छोटी चीज सीखने को दिया। कोनोली की 46 गेंद पर 87 रन की पारी और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (37 गेंदों में 93 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां सात विकेट पर 254 रन बनाए और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज की।कोनोली ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा हम सभी इस बात पर चर्चा करते हैं कि एक-दूसरे के लिए क्या कारगर है। हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी बातें सीखते हैं। हमें एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखने का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा हम सभी बेहतर होने की कोशिश कर रहे हैं। खेल का यही उद्देश्य होता है। सर्वश्रेष्ठ टीम बनना। हम एक टीम के रूप में बेहतर होने के लिए एक-दूसरे से सीख लेते हैं। कोनोली ने कप्तान श्रेयस अय्यर की टीम का शानदार तरीके से नेतृत्व करने के लिए सराहना की। पंजाब ने अब तक पांच मैच जीते हैं जबकि उसका एक मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। वह अभी छह मैचों में 11 अंकों के साथ आईपीएल तालिका में शीर्ष पर है। कोनोली ले कहा वह (श्रेयस) खुद एक उदाहरण पेश करके नेतृत्व करते हैं। वह हमेशा यह कोशिश करते हैं कि टीम के सभी खिलाड़ी सहज महसूस करें। वह खिलाड़ियों को हमेशा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी खिलाड़ी खुश होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। प्रियांश के साथ अपनी साझेदारी के बारे में कोनोली ने कहा प्रियांश पिछले साल से ऐसा प्रदर्शन कर रहा है। मुझे उसे बल्लेबाजी करते देखना अच्छा लग रहा था। मुझे लगता है कि पहले बल्लेबाजी करने पर खेल में ज्यादा बदलाव नहीं आता। आप बस अच्छे क्रिकेट शॉट खेलने की कोशिश करते हैं, गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाते हैं और ढीली गेंदों का फायदा उठाते हैं।



### हाईलाइट

## गोल्फर हन्ना ग्रीन ने जीती जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप



**लॉस एंजिलिस।** जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में हन्ना ग्रीन ने प्रतियोगिता का खिताब जीता। उन्होंने अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से कुल 17 अंडर 271 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से संयुक्त 51वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में एक बर्डी की लेकिन वह दो बोगी और एक ट्रिपल बोगी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार ओवर रहा। वर्ष 2017 में लेडीज पीजीए से जुड़ने वाली अदिति को टूर पर अपनी पहली जीत का इंतजार है।

## लखनऊ सुपर जाएंट्स से जुड़ सकते हैं जॉश इंग्लिस

**लखनऊ।** मुश्किलों से जूझ रही लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए सत्र के बीच में एक बड़ी राहत की खबर है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के तूफानी बल्लेबाज जोश इंग्लिस चार मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच से पहले टीम में शामिल हो सकते हैं। अपनी शादी की वजह से 31 साल के इंग्लिस ने सत्र के पहले हाफ में नहीं खेलने का फैसला किया था। 18 अप्रैल को शादी के बंधन में बंधने के बाद इंग्लिस के कुछ समय के ब्रेक के बाद भारत आने की उम्मीद है। उन्हें लखनऊ ने आठ करोड़ 60 लाख रुपये में खरीदा था।

# मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को हरा खिताबी दौड़ को रोमांचक बनाया

### प्रीमियर लीग

मैनचेस्टर, एजेंसी

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं।

मैनचेस्टर सिटी को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।

हालैंड ने 65वें मिनट में गोल किया जो उनका लीग में 23वां गोल है और वह इस प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। रायन चेर्की ने 16वें मिनट में सिटी को बढ़त दिलाई, लेकिन आर्सेनल ने दो मिनट बाद ही काई हावर्ट्ज के गोल से बराबरी कर दी थी। इस बीच लिवरपूल और एस्टन विला ने स्टॉपेज टाइम में विजयी गोल दागने के बाद चैंपियंस लीग में जगह बनाने की तरफ कदम बढ़ाए। वर्जिल वैन डाइक ने अतिरिक्त समय के 10वें मिनट में हेडर से गोल करके लिवरपूल को एवर्टन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस मैच में मोहम्मद सलाह ने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला गोल किया। उन्होंने लिवरपूल की तरफ से 1992 (प्रीमियर लीग युग) के बाद सर्वाधिक गोल करने के स्टीवन जेरार्ड के बराबरी की। सलाह इस सत्र के बाद लिवरपूल छोड़ देंगे।




आर्सेनल टीम को चकमा देकर गोल का प्रयास करता मैनचेस्टर सिटी का खिलाड़ी।

# घरेलू परिस्थितियों का लाभ लेना चाहेगा हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स की तरफ से पिछले दो मैच में अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ियों प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने मौकों का पूरा फायदा उठाया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिंगे के शानदार प्रदर्शन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ ईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उसकी टीम जीत हासिल करने में सफल रही। बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा (बाएं से दूसरे) और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल (दाएं से दूसरे। एजेंसी

### दिल्ली कैपिटल्स में निरंतरता की कमी

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है। पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं।

- दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला आज

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी.

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

### गर्व की बात

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में अपराजेय हैं भारतीय पहलवान सुजीत कलकल

# ऐसा नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता : सुजीत

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछले एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में लगभग अजेय रहे भारतीय पहलवान सुजीत कलकल स्वयं को अपना आदर्श और जीत का प्रबल दावेदार मानते हैं लेकिन इसके साथ ही वह एलीट वर्ग की प्रतियोगिताओं में परिणाम को लेकर अनिश्चितता क प्रति भी जागरुक हैं। सुजीत ने जून 2025 में अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में मिली जीत के बाद से सीनियर विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर प्रत्येक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने हाल में बिश्केक में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनका मानना है कि प्रदर्शन में निरंतरता और आत्मविश्वास उनकी सफलता की कुंजी रहे हैं।



सुजीत ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहामैं किसी खास व्यक्ति का अनुसरण नहीं करता। मुझे अपने मुकाबले देखना पसंद हैं, वह भी विशेषकर रविवार को। आप कह सकते हैं कि मैं खुद को अपना आदर्श मानता हूं। सुजीत भले ही किसी विशेष पहलवान को अपना आदर्श नहीं मानते, लेकिन वह योगेश्वर दत्त, बजरंग पूनिया और अमित धनकड़ जैसे दिग्गज पहलवानों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा मैं योगेश्वर दत्त और अन्य पहलवानों को देखता था। उनसे सहनशक्ति, गति और ताकत जैसी कई चीजें सीखने को मिलती हैं, लेकिन मैं अधिकतर अपने मुकाबलों का विश्लेषण करता हूं। हमारा कार्यक्रम व्यस्त रहता है, लेकिन रविवार या विश्राम के दिनों में मैं अपने और सीनियर पहलवानों के मुकाबले देखता हूं। इससे गलतियों की पहचान करने और उनमें सुधार करने में मदद मिलती है। सुजीत ने 65 किग्रा में अपने दबदबे के बावजूद यह मानने से इनकार कर दिया कि इस वजन वर्ग में उनका पूर्ण नियंत्रण है। उनसे पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया इस भार वर्ग में भाग लेते थे। उन्होंने कहा ऐसा कुछ नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता। हर कोई कड़ी मेहनत करता है। जिसका दिन अच्छा होता है, वही जीतता है। ईश्वर की कृपा से मैं अब तक जीतता आया हूं और आगे भी जीतता रहूंगा तथा अपने देश को गौरवान्वित करूंगा।

इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि आगामी एशियाई खेल में उनके प्रदर्शन की असली परीक्षा होगी। उन्होंने कहा मैं पिछले दो साल से किसी भारतीय पहलवान से नहीं हारा हूं। ईरान और जापान की बात करें तो एशियाई खेलों में हमें अपना स्तर पता चल जाएगा। अभी भी कुछ कमियां हैं और हम उन पर काम कर रहे हैं। अपनी मजबूत रक्षण और तीखे जवाबी हमले करने में माहिर सुजीत ने स्वीकार किया कि अब उनका ध्यान अपने आक्रामक खेल, सहनशक्ति और ताकत में सुधार करने पर है।

### कौशल को निखारने के लिए विभिन्न भार वर्गों में करते अभ्यास

सुजीत अपने कौशल को निखारने के लिए विभिन्न भार वर्गों में अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा हम ताकत और सहनशक्ति बढ़ाने के लिए अधिक वजन वाले पहलवानों तथा गति सुधारने के लिए 57 और 61 किग्रा भार वर्ग के पहलवानों के साथ अभ्यास करते हैं। इससे काफी मदद मिलती है। सुजीत ने कहा कि उनका ध्यान इस साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप पर है क्योंकि दोनों प्रतियोगिताएं काफी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा एशियाई खेल चार साल में एक बार होते हैं और पिछली विश्व चैंपियनशिप में एक छोटी सी गलती के कारण मैं पदक से चूक गया था।

# विश्व एथलेटिक्स ने भारत को डोपिंग में बेहद जोखिम वाली श्रेणी में रखा

मोनाको, एजेंसी

पिछले दो वर्षों से डोपिंग के मामले में शीर्ष पर रहने के बाद विश्व एथलेटिक्स ने सोमवार को भारत को डोपिंग के मामले में बेहद जोखिम वाला देश करार दिया जिससे एथलीटों पर अधिक सख्त डोपिंग रोधी नियम लागू होंगे। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) बोर्ड ने हाल ही में लिए गए एक फैसले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) को विश्व एथलेटिक्स के डोपिंगरोधी नियमों के नियम 15 के तहत श्रेणी बी से फिर से श्रेणी ए में रख दिया है।

एआईयू के अध्यक्ष डेविड हॉमन ने एक विज्ञप्ति में कहा भारत में डोपिंग की स्थिति लंबे समय से बेहद जोखिम वाली रही है और दुर्भाग्य से घरेलू डोपिंग रोधी कार्यक्रम की गुणवत्ता डोपिंग के जोखिम के अनुपात में बिल्कुल भी नहीं है। उन्होंने कहा एएफआई ने हालांकि भारत में डोपिंग में सुधारों की वकालत की है लेकिन इसके बावजूद पर्याप्त बदलाव नहीं हुए हैं। एआईयू अब एएफआई के साथ मिलकर एथलेटिक्स खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए सुधार करने की दिशा में काम करेगा जैसा कि हमने श्रेणी ए में शामिल अन्य देशों के साथ किया है। भारत 2022 और 2025 के बीच एथलेटिक्स में डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघनों (एडीआरवी) के मामले में शीर्ष दो देशों में शामिल रहा है। एआईयू के अनुसार भारत में 2022 में 48 एडीआरवी (दूसरा स्थान), 2023 में 63 (दूसरा स्थान), 2024 में 71 (पहला स्थान) और 2025 में 30 एडीआरवी (पहला स्थान) दर्ज किए गए।



विश्व एथलेटिक्स डोपिंगरोधी नियमों के तहत एआईयू बोर्ड सभी सदस्य संघों को खेल में डोपिंग के जोखिम के आधार पर वर्गीकृत करता है। श्रेणी ए में उन सदस्य देश को रखा जाता है जहां डोपिंग का जोखिम सर्वाधिक होता है। इन देशों के प्रति डोपिंग के मामले में अधिक कड़ा रवैया अपनाया जाता है।